आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

जाह्नवी कपूर

वैश्विक मंचपर बढ़ाया भारतका मान

वाराणसी, बुधवार ७ अक्तूबर, २०२६ सौर २१, आश्विन कृष्ण १२, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

चुनाव आयोगके खिलाफ विपक्षने निकाला मार्च

पुलिसने संसद मार्गपर बैरीकेड लगाकर मार्चको रोका, आकाशवाणी भवनमें घुसकर राहुल-प्रियंका सहित कांग्रेस सांसदोंका धरना

नयी दिल्ली (आससे.)। पूर्व घोषित कार्यक्रमके अनुसार इंडिया गठबंधन ने संसद भवन के मकर द्वार से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के कार्यालय तक मार्च निकाला। मार्च में गठबंधन के नेताओं ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफा देने और वोट चोरी होने के आरोप लगाये। मार्च के एक किलोमीटर आगे बढ़ते ही पहले से ही बैरीकेडिंग लगायी पुलिस ने रोक दिया। इसके बाद राहुल, अखिलेश, खड़गे सहित सभी सांसदों ने वहां बैठकर धरना शुरू कर दिया।



देर शाम दिल्ली पुलिसने कांग्रेस नेताओंको हिरासतमें लिया

बाद में पुलिस ने सभी नेताओं को कुछ देर के लिए हिरासत में लिया और बाद में छोड़ दिया। आकाशवाणी भवन पहुंचते ही राहुल-प्रियंका सहित कई कांग्रेस नेताओं ने आकाशवाणी भवन में प्रवेश कर धरना देना शुरू कर दिया। राहुल के धरना शुरू करने के बाद वहां पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी थी। शाम को सात बजे के करीब पुलिस ने पहले राहुल-प्रियंका सहित नेताओं को धरना से हटाने की कोशिश की। सफल न होने पर दिल्ली पुलिस ने राहुल और प्रियंका सहित कई कांग्रेस सांसदों को हिरासत में ले लिया है। मार्च के दौरान राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए एक्स पर लिखा, ज्ञानेश, इट्स डन ब्रो। अब इस्तीफा देने का समय है। उन्होंने एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर चुनाव आयोग पर लगातार सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा ज्ञानेश कुमार को जिसने 'वोट चोरी' का ज्ञान दिया, वो सबसे बड़े चोर हैं। (शेष पृष्ठ ९ पर)

कांग्रेसने ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो-वोट चोर गद्दी छोड़के लगे नारे

वोट चोरी कर लोकतंत्र को हाईजैक किया गया, ज्ञानेश डरे हुए हैं- राहुल

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे राहुल गांधी को आकाशवाणी भवन में रोके जाने के बाद उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बातचीत में राहुल ने कहा कि उन्हें भाजपा के बयानों में कोई दिलचस्पी नहीं है। वह देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए यहां खड़े हैं। उनके साथ कुछ घंटे पहले करीब 300 लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी चुनाव आयोग जाने के लिए पहुंचे थे। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अमित शाह, नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार ने देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि 'वोट चोरी' कर देश को हाईजैक किया गया और ज्ञानेश कुमार ने इसमें मदद की। उन्होंने कहा कि वह यह बात सोच-समझकर कह रहे हैं और इसके लिए (शेष पृष्ठ ९ पर)

शाह,मोदी, भागवत-ज्ञानेश कुमार ने खत्म किया देशका लोकतंत्र

परिवहन व्यवस्थाको दुरुस्त करनेके लिए आईटीएलएको कैबिनेटकी मंजूरी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में समन्वित योजना, अनुसंधान और निगरानी के लिए एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (आईटीएलए) स्थापित करने को मंजूरी दी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। आईटीएलए परिवहन और लॉजिस्टिक्स से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों एवं एजेंसियों की योजनाओं के बीच समन्वय के लिए शीर्ष संस्था के रूप में काम करेगा। यह 10 वर्ष या उससे अधिक की अवधि वाला राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार करेगा, जिसमें सड़क, (शेष पृष्ठ ९ पर)

एसएमईके लिए १० हजार करोड़का ग्रोथ फंड मंजूर

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) को विकास के लिए इक्विटी पूंजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फैसले की जानकारी दी। फंड के जरिए उच्च क्षमता वाले एसएमई को विकास इक्विटी पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। इसका बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र के उद्यमों को मिलेगा। टियर-2 और टियर-3 शहरों के औद्योगिक समूहों में काम कर रहे एसएमई भी इसके दायरे में होंगे। सरकार के (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : अब तीन नहीं ४०३ सीटोंपर फोकस-अखिलेश



सपाने राज्य सभाके लिए तीसरा प्रत्याशी उतारनेसे किया मना

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को बड़ा संकेत दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अब हमारी निगाह तीन पर नहीं, 403 पर है। उनके इस बयान को सपा के तीसरे राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर चल रही अटकलों पर विराम के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, सपा की ओर से पहले तीसरे उम्मीदवार को मैदान में उतारने की चर्चा थी। पार्टी के दो उम्मीदवार पहले ही नामांकन दाखिल कर चुके हैं। वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े धनराज परिमल नाथवाणी ने लखनऊ में राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया है। उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 16 अक्तूबर को होना है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख छह अक्तूबर है। इसके बाद सात अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि नौ अक्तूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। भाजपा ने राज्यसभा की आठ सीटों के लिए धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, राम प्रताप सिंह चौहान और (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : भाजपा के सभी राज्यसभा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सान्निध्य में राज्यसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के सभी आठों प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के आखिरी दिन भाजपा प्रत्याशी धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, विद्यासागर सोनकर, गोपी कृष्ण पांडेय, प्रियंका सिंह रावत, रामप्रताप सिंह चौहान, श्रुति गंगवार ने विधान भवन में नामांकन दिया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं। पर्चा दाखिला के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री/ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, राकेश सचान, आशीष पटेल, डॉ. संजय निषाद, कपिलदेव अग्रवाल, जेपीएस राठौर, दिनेश प्रताप सिंह, गिरीश चंद्र यादव, ब्रजेश सिंह, सतीश चंद्र शर्मा, रजनी तिवारी, (शेष पृष्ठ ९ पर)

आतंकियोंके बदलते संचार तंत्र से निबटने की तैयारी

जम्मू (आससे.)। जम्मू कश्मीर में आतंकी संगठनों के संचार के तौर-तरीकों में बदलाव सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती बन रहा है। मोबाइल फोन और सामान्य इंटरनेट सेवाओं के अलावा लोरा जैसे लंबी दूरी के कम-ऊर्जा वाले रेडियो उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी सामने आने के बाद एजेंसियां पारंपरिक निगरानी के साथ रेडियो-स्पेक्ट्रम की निगरानी पर भी ध्यान दे रही हैं। हाल के अभियानों में ऐसे उपकरण बरामद होने की रिपोर्ट सामने आई है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, ऐसे उपकरणों का इस्तेमाल होने पर मोबाइल नेटवर्क से मिलने वाले सामान्य डेटा (जैसे सिम या टावर आधारित लोकेशन)का सहारा हमेशा उपलब्ध नहीं होता। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे संचार को पकड़ना असंभव है। रेडियो फ्रीक्वेंसी की निगरानी, उपकरणों की तकनीकी जांच और दूसरे खुफिया स्रोतों से मिले इनपुट को मिलाकर नेटवर्क की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। अधिकारी कहते थे कि जम्मू कश्मीर के पहाड़ी और वन क्षेत्रों में यह काम अपेक्षाकृत कठिन हो सकता है। भूगोल, सीमित सड़क संपर्क और संचार नेटवर्क की उपलब्धता में अंतर किसी रेडियो सिग्नल के स्रोत तक पहुंचने में समय बढ़ा सकते हैं।



तकनीकी निगरानी के साथ मानवीय खुफिया और जमीनी अभियान पर जोर

यूपी : अस्पताल फार्मेसियोंमें सार्वजनिक होगी दवाओं की खरीद-बिक्री कीमत

लखनऊ (आससे)। मरीजों को दवाओं की कीमतों को लेकर अधिक पारदर्शी जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग ने सभी रिटेल फार्मेसियों को अपनी पब्लिक वेबसाइट तैयार करने और उस पर फार्मेसी से जुड़ी जरूरी सूचनाएं सार्वजनिक करने के निर्देश दिये हैं। वहीं, अस्पताल परिसरों में संचालित फार्मेसियों को मरीजों के हित में दवाओं की खरीद दर और बिक्री दर के आधार पर मूल्य सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये हैं। इस व्यवस्था का क्रियान्वयन 1 नवंबर से अपेक्षित है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि पूर्व में जारी कार्यालय आदेश के तहत सभी रिटेल फार्मेसियों को अपनी एक सार्वजनिक वेबसाइट बनाते हुए उस पर लाइसेंस संख्या, नियुक्त फार्मासिस्ट, लाइसेंसी परिसर तथा स्टॉक संबंधी विवरण प्रदर्शित करना होगा।

यूपी : शिक्षामित्रोंको अब १५ हजार मिलेगा मानदेय

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश सरकार ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की थी। उनका मानदेय 10 से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। प्रदेश में कार्यरत 1,27,841 शिक्षामित्रों के यानी इसमें लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बढ़ी दर से मानदेय मिलने से शिक्षामित्रों को अतिरिक्त आर्थिक संबल मिलेगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि इसके तहत नियमानुसार मानदेय जारी करने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसके लिए जिलावार लिमिट जारी की गई है। उन्होंने कहा कि मानदेय वृद्धि से अब शिक्षामित्र और अधिक उत्साह व प्रतिबद्धता के साथ विद्यालयों में अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। बता दें कि मानदेय भुगतान की व्यवस्था में बदलाव की वजह से अभी तक शिक्षामित्रों को सितंबर का मानदेय नहीं जारी किया जा सका है। लिमिट जारी होने से जल्द भुगतान का रास्ता साफ हो गया है।

बजट जारी, १,२७,८४१ शिक्षामित्रोंको लाभ

सितंबर व अक्तूबर के मानदेय के लिए 460.23 करोड़ की लिमिट जारी की गई है। दोनों महीने के मानदेय भुगतान के लिए जिलावार धनराशि निर्धारित की गई है। सरकार द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत शिक्षामित्रों के मानदेय में 8000 प्रतिमाह की वृद्धि की गई है। इससे मानदेय 10 से बढ़कर 18 हजार प्रतिमाह हो गया है,

पंजाबमें मुख्यमंत्री मान के कैंप कार्यालय पर सीबीआई का छापा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। सीबीआई ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी (विशेष ड्यूटी अधिकारी) राजबीर घुम्मन के संगरूर स्थित घर और उनके भाई के मोहाली स्थित घर पर छापेमारी की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीआई की टीम ने मोहाली के फेज-11 में गुरकिरपाल सिंह थिंद (ओएसडी राजबीर घुमम्न के भाई) के घर पर भी छापा मारा है। इसके साथ ही, सीबीआई की टीम मुख्यमंत्री कार्यालय में भी पहुंची हुई है। सीबीआई के मुताबिक, आरोपियों पर अधिकारियों की पोस्टिंग में कथित तौर पर प्रभाव डालने और हेरफेर करने, विभागीय कार्रवाई, नीति निर्माण, प्रशासनिक मंजूरियों, टेंडर की शर्तों, लाइसेंसिंग, लैंड यूज कन्वर्जन, संपत्ति विवाद तथा राजस्व और भूमि से जुड़े मामलों में कथित तौर पर आर्थिक लाभ लेकर काम कराने के आरोपों की जांच की जा रही है।जांच एजेंसी के अनुसार, मामले में यह आरोप भी है कि कुछ सरकारी अधिकारियों ने सरकार की ओर से आदेश और नीतियां जारी होने से पहले उनके ड्राफ्ट निजी व्यक्तियों तक पहुंचाए। सीबीआई ने राजबीर घुम्मन, नितिन गोहल, जितिन गोहल उर्फ राजा, रोमी राजा महाजन, बीर देविंदर और आरएस नागरा समेत अज्ञात सरकारी कर्मचारियों व निजी व्यक्तियों को मामले में नामजद किया है।सीबीआई टीम ने चंडीगढ़, मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर और जालंधर में आरोपियों से जुड़े परिसरों पर पहुंची।

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित होंगे नये वायुसेना प्रमुख, ३१ को लेंगे शपथ

नयी दिल्ली (आससे)। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भारतीय वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह 31 अक्तूबर 2026 की दोपहर से वायुसेना प्रमुख का पद संभालेंगे और 31 दिसम्बर 2028 तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति ने एयर मार्शल दीक्षित की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उप प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एक जुलाई 2026 को यह जिम्मेदारी संभाली थी। वह एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह का स्थान लेंगे, जो 30 सितम्बर 2024 को वायुसेना प्रमुख बने थे और 31 अक्तूबर 2026 को सेवानिवृत्त होंगे। एयर मार्शल दीक्षित को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस और वायुसेना की अन्य स्वदेशी विमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका के लिए जाना जाता है। उनकी नियुक्ति से वायुसेना में आत्मनिर्भरता पर जोर और बढ़ने की उम्मीद है।



सुप्रीम कोर्ट के तीन नये जजों को सीजेआई ने दिलायी शपथ

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट को मंगलवार को तीन नये न्यायाधीश मिले। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल, न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह दोपहर 3.30 बजे आयोजित किया गया। समारोह का लाइव प्रसारण भी किया गया। आम तौर पर सुप्रीम कोर्ट में नये न्यायाधीशों का शपथ ग्रहण सुबह 10.30 बजे होता है, यानी उस समय जब शीर्ष अदालत कामकाज के लिए बैठती है। इस बार समारोह का समय अलग रहा। तीनों न्यायाधीश इससे पहले अलग-अलग हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 सितंबर 2026 को हुई बैठक में तीनों के नामों की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के लिए सिफारिश की थी।

युद्धपोतों के लिए ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम-लांचर खरीदके लिए ६६१ करोड़का अनुबंध

नयी दिल्ली (आससे)। रक्षा मंत्रालय ने ब्रह्मोस के फायर कंट्रोल सिस्टम व लॉन्चर की खरीद के लिए आज ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया हैं। 661.50 करोड़ रुपये के हुये यह डील भारतीय नौसेना की समुद्री मारक क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। रक्षा मंत्रालय बताया कि आज यहां भारतीय नौसेना के युद्धपोतो के लिए ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम और लॉन्चर की खरीद के लिए बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत बीएपीएल लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी उपस्थिति। मंत्रालय बताया कि करीब 68 प्रतिशत स्वदेशी (शेष पृष्ठ ९ पर)

ट्रेलरमें घुसी कार, सात की गयी जान


भावनगर (एजेंसी)। गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई।बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया।





फ्रांसिस हाल्जेनको मिला भौतिकीका नोबेल सम्मान

स्टॉकहोम (एजेंसी)। बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया था।नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी। 2026 में नोबेल पुरस्कार की राशि करीब 11.5 करोड़ रुपए है। आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी दक्षिणी ध्रुव में है। इसके सेंसर दक्षिणी ध्रुव की करीब 1.5 से 2.5 किलोमीटर गहरी बर्फ के अंदर लगाए गए हैं। न्यूट्रिनो बहुत छोटे कण हैं, जो सूरज, तारों और अंतरिक्ष की बेहद ताकतवर घटनाओं से निकलते हैं। अरबों न्यूट्रिनो हर सेकंड हमारे शरीर और धरती के आर-पार निकल जाते हैं, लेकिन हमें उनका पता तक नहीं चलता। इन कणों की खास बात यह है कि वे अंतरिक्ष से निकलकर लगभग सीधी दिशा में धरती तक पहुंचते हैं और रास्ते में बहुत कम बदलते हैं।



भारत में एप स्टोर्स से हटा बिटचैट, कानून-व्यवस्था के लिए बताया खतरा

नयी दिल्ली (आससे.)। बिना इंटरनेट के ब्लूटूथ से काम करने वाले मैसेजिंग एप बिटचैट को भारत में गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर से हटा दिया गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय एजेंसियों ने इस एप को देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा माना है। भारत सरकार ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के हवाले से ब्लूटूथ-बेस्ड मैसेजिंग एप बिटचैट के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एपल एप स्टोर दोनों जगह से हटा दिया गया है।सरकारी सूत्रों का साफ कहना है कि देश में कानून-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और इसी को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

युवक की संदिग्ध मौत,मचा हड़कंप

परिजनों ने नामजद पांच लोगों पर जान से मारने पीटने का लगाया आरोप

नंदगंज-गाजीपुर। थाना क्षेत्र के धरवां गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार की रात में मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक की मां जोखनी देवी पत्नी स्व. राजकुमार ने गाजीपुर कोतवाली प्रभारी को मंगलवार को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जांच, आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। गाजीपुर कोतवाली में दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार मृतक मुन्ना कुमार की मां जोखनी देवी का सबसे छोटा पुत्र मुन्ना कुमार पांच अक्तूबर की शाम करीब छह बजे घर से अपने बड़े भाई के ससुराल चकहुसाम गांव थाना गाजीपुर कोतवाली गया। वहां पर उसके बड़े बेटे की शादी हुई थी। प्रार्थिनी के अनुसार बड़े बेटे की पत्नी की छोटी बहन अन्नू कुमारी से मुन्ना कुमार का करीब दो वर्षों से बातचीत और घर आना-जाना व प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको देखकर दोनों के विवाह की बातें चल रही थी। इस मामले को लेकर लड़की के पिता हृदय नारायण भी शादी के लिये तैयार थे। लेकिन घटना से कुछ दिन पहले हृदय नारायण और मुन्ना से किसी बात को लेकर आमने सामने कहासुनी हो गयी थी। फलस्वरूप हृदय नारायण अपनी पुत्री की शादी करने से इंकार करने लगा। प्रार्थिनी के मुताबिक पांच अक्टूबर को बड़े भाई के ससुराल चकहुसाम पहुंचने पर हृदय नारायण की पुत्री शकुन्तला कुमारी ने प्रार्थनी के मोबाइल पर फोन करके गाली देते हुए कहा कि अपने छोटे बेटे को वापस घर बुला लो नहीं तो काटकर फेंक देंगे। कुछ देर बाद शकुन्तला ने पुन: हमारी बेटी सुलेखा के फोन करके कहीं कि तुम्हारे भाई को हम लोगों ने बहुत मार मारे है, बचाना हो तो आकर बचा लो, तुम लोगों को भी मारा जायेगा। यह जानकारी मिलने पर प्रार्थनी अपने बड़ी बहु के साथ चकहुसाम गये। लेकिन मुन्ना वहां नहीं मिला। हृदय नारायण व उनकी पुत्रियों से मुन्ना के बारे में पूछा गया तो उन लोगों ने गाली देते हुए मारने की धमकी देने लगी। हम लोग विवाद को बचाने हेतु मुन्ना को आसपास खोजते हुए वापस घर आ रहे थे कि हृदय नारायण के घर से 800-900 मीटर दूर चौकिया मोड़ हाइवे ओवर बृज के पास मुन्ना अधमरा हालत में मिला ।उसकी हालत काफी खराब थी। उसे उपचार के लिए पहले महराजगंज एक निजी अस्पताल में ले गये लेकिन उसकी हालत खराब देखकर वहां के डाक्टर ने सरकारी अस्पताल गाजीपुर ले जाने की सलाह दी। तत्काल गाजीपुर ले जाने पर चिकित्सकों ने देखकर उसे मृत घोषित कर दिया। जोखनी देवी ने प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि घटना के बाद भी मोबाइल फोन के माध्यम से परिजनों को धमकाया गया। फलस्वरूप भय और दुख के कारण हम परिजन अपने गांव लौट आए और सुबह पुलिस को सूचना दे रहे हैं। जोखनी देवी ने दिये प्रार्थना पत्र में हृदरनारायण, उनकी पत्नी मंजू देवी, पुत्री शकुन्तला कुमारी, अन्नू कुमारी तथा श्यामसुंदर समेत पांच लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और अपने मृत पुत्र के शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गाजीपुर ले गयी और दिए गए प्रार्थना पत्र पर मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है।



युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। छाया:आज

शिक्षक-स्नातक चुनाव की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते डीएम। छाया:आज

गाजीपुर। वाराणसी खंड शिक्षक/स्नातक निर्वाचन-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को रायफल क्लब सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा की मौजूदगी में संबंधित प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां निर्धारित समय में पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने उपजिलाधिकारियों और क्षेत्राधिकारियों को आपसी समन्वय से संवेदनशील मतदान केंद्रों का चिन्हांकन करने को कहा। साथ ही लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कारकों पर नजर रखने और नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मतदान केंद्रों पर कार्मिकों की तैनाती एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए सभी उपजिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा मतदेय स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल और बूथ निर्माण सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी, उपजिलाधिकारी और संबंधित खंड विकास अधिकारियों को सौंपी गई। डीएम ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 को ध्यान में रखते हुए भी सभी उपजिलाधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर जिले के शत-प्रतिशत बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जैक से छत उठाने के दौरान भरभराकर गिरी स्कूल की छत

बाराचवर (गाजीपुर)। विकासखंड बाराचवर के पाहदरिया स्थित एक विद्यालय में भवन की ऊंचाई बढ़ाने के लिए जैक के सहारे छत उठाने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और पूरी छत भरभराकर नीचे आ गिरी। छत गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।जानकारी के अनुसार विद्यालय भवन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य स्कूल प्रबंधन की ओर से एक ठेकेदार को सौंपा गया था। ठेकेदार द्वारा मिस्त्रियों और मजदूरों की मदद से जैक तकनीक के जरिए विद्यालय की छत को ऊपर उठाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि छत को कुछ ऊंचाई तक उठाया भी जा चुका था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से छत नीचे आ गिरी।छत के गिरते ही जोरदार आवाज हुई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हादसे में कार्य में लगे कुछ मिस्त्री और मजदूरों को मामूली चोटें आने की जानकारी है। हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से घटना की जांच कराते हुए विद्यालय भवन की सुरक्षा स्थिति का परीक्षण कराने की मांग की है।

दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

कासिमाबाद, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के सहाबलपुर गांव की विवाहिता ने पति, सास और ससुर पर दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक उसकी शादी दिसंबर 2023 में सुनील कुमार से हुई थी। शादी में मायके पक्ष ने नकदी, बाइक, सोने के आभूषण सहित अन्य घरेलू सामान दिया था।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष पांच लाख रुपये की मांग करने लगा और मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की जाती रही। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 4 अक्टूबर को पति, सास और ससुर ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकालने की कोशिश की।

एक्सपायरी डेट का मरीज को चढ़ा दिया बोतल

सीएचसी पर हुआ हंगामा

मरदह, गाजीपुर। सीएचसी पर मरीज को एक्सपायरी डेट का बोतल चढ़ाने को लेकर मरीजों ने जमकर हंगामा किया। मरदह थाना के मुस्तफाबाद बस्तपुर गांव निवासी बुजुर्ग जगधारी राम के अस्वस्थ होने पर उनके परिवार के लोग मरदह सीएचसी पर उपचार हेतु ले गए थे। मरदह सीएचसी पर एमरजेंसी सेवा में तैनात कर्मचारियों ने बोतल चढ़ाना प्रारम्भ किया। बोतल चढ़ने के दौरान जगधारी के पौत्र विपिन कुमार ने चेक किया तो एक्सपायरी डेट का बोतल चढ़ाया जा रहा था । उसने उसका फोटो एवं वीडियो बना लिया। इससे आक्रोशित पौत्र सहित परिवार के लोगों द्वारा हंगामा करने पर तत्काल स्वास्थ्यकर्मियों ने बोतल बदल कर दूसरी बोतल लगा दी। इस प्रकरण को लेकर लोगो की भीड़ सीएचसी पर जुट गयी। हंगामे के बाद मरीज को मरदह से जिला अस्पताल गाज़ीपुर रेफर कर दिया गया। इस बाबत मरदह सीएचसी के प्रभारी डॉक्टर रवि रंजन ने बताया कि यह बड़ी गलती है इस प्रकरण में दोषी को चिन्हित कर नोटिस जारी कर सख्त कार्यवाही की जाएंगी।

पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

बाराचवार/गाजीपुर। बरेसर थाना क्षेत्र के बांकी खुर्द गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कमला यादव पुत्र स्व. परशुराम यादव, निवासी ग्राम असावर, थाना करीमुद्दीनपुर ने 6 अक्टूबर 2026 को थाने में तहरीर दी। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके पुत्र हर्षनाथ यादव को गाली-गलौज दी जा रही थी। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

कूड़े के अंबार से संक्रामक बीमारियों का खतरा

जमानियां,गाजीपुर। नगर क्षेत्र से एकत्र किए जा रहे कूड़े को कांशीराम आवास कॉलोनी के पास डंप किए जाने के विरोध में मंगलवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। बदबू और संक्रामक बीमारियों के खतरे से नाराज महिला-पुरुषों ने तहसील मुख्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद तहसीलदार के हस्तक्षेप और आश्वासन पर आंदोलनकारी शांत हुए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग-24 को जाम करेंगे। प्रदर्शन के दौरान धरने पर बैठे नूर मोहम्मद, धर्मेंद्र, राजकुमार, दयाराम, अंगद कुमार, मनोज कुमार, सोनी, उषा देवी आदि ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कॉलोनी के नजदीक लगातार कचरा फेंके जाने से असहनीय दुर्गंध उठ रही है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहां पनप रहे मच्छर और कीटों के चलते महामारी व संक्रामक बीमारियों का गंभीर खतरा मंडरा रहा है। लोगों ने मांग की कि आबादी क्षेत्र से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर कूड़े का वैज्ञानिक निस्तारण कराया जाए और इस लापरवाही के जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) संतोष कुमार ने स्पष्ट किया कि नगर के कूड़े को फुल्ही गांव स्थित एमआरएफ सेंटर ले जाने के कड़े निर्देश 15 दिन पूर्व ही जारी किए जा चुके हैं। यदि कोई सफाईकर्मी या वाहन चालक आदेश की अवहेलना कर कॉलोनी के पास कूड़ा गिराता पाया गया, तो जांच कराकर उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दो माह से अंधेरे में घटारो गांव के ग्रामीण परेशान

जखनिया, गाजीपुर । क्षेत्र के घटारो गांव में विद्युत आपूर्ति दुर्व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है।। जलालपुर फीडर से आपूर्ति होती है । दो माह पूर्व गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने से विद्युत आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों द्वारा आपसी सहयोग से ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा चार दिन पूर्व जिला मुख्यालय से ट्रांसफार्मर गांव भेजा गया, लेकिन स्थानीय विद्युत कर्मचारी की लापरवाही से ट्रांसफार्मर गांव में लगाए जाने के बजाय वापस जिला मुख्यालय भेज दिया गया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी अतुल कुमार से की, शिकायत के बाद भी दोबारा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया । जिससे ग्रामीणों मे आक्रोश है।

विधायक ने मृतका के परिजनों से मिल बंधाया ढांढस

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक शोएब अंसारी (मन्नू) ने जमालपुर निवासी मृत शालिनी गुप्ता के घर पहुंचकर उनके शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव कानूनी और सामाजिक मदद दिलाने का भरोसा दिया। मुलाकात के दौरान मृतका के परिवार ने अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर विधायक शोएब अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस दुखद घटना के बाद परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में मजबूत कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी ताकि दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी किसी अन्य बेटी के साथ ऐसी अमानवीय घटना की पुनरावृत्ति न हो। विधायक ने परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि वह सिर्फ एक जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक पड़ोसी होने के नाते इस मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परिवार को जब भी, दिन हो या रात, किसी भी सहायता की आवश्यकता होगी, वह और उनके समर्थक हमेशा खड़े मिलेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक के इस कदम की सराहना की है।



परिजनों से मिल सांत्वना देते विधायक। छाया:आज

महिला-पुरुषों ने तहसील मुख्यालय परिसर में जमकर की नारेबाजी

नसरतपुर में स्वास्थ्य केंद्रों पर लटका मिला ताला

बरही, गाजीपुर। मरदह ब्लॉक के न्याय पंचायत नसरतपुर में मंगलवार को स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। नसरतपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) और मातृ शिशु कल्याण केंद्र पर ताला लटका मिला। केंद्र पर इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसे लेकर ग्रामीणों ने केंद्र के बाहर प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।प्रदर्शन करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य विनोद यादव के अलावा हरिकेश, अरविंद, प्रदीप, रामअवध, गोलू, राकेश, फूलकुमारी, काजल और मधु समेत अन्य लोग शामिल रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित सेवाएं नहीं मिलने से मरीजों और गर्भवती महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से केंद्र पर नियमित स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की। मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मरदह डॉ. रवि रंजन से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित कर्मचारी हड़ताल में शामिल होने गए थे। उन्होंने कहा कि हड़ताल की सूचना का नोटिस नसरतपुर केंद्र पर पहुंचकर चस्पा कराया जाएगा।इसके बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने करीब 2:03 बजे कर्मचारियों को भेजकर आयुष्मान केंद्र के गेट पर हड़ताल संबंधी नोटिस चस्पा कराया।



नारेबाजी करते आक्रोशित ग्रामीण। छाया:आज

उद्यमियों की बैठक में समस्याओं के समाधान की उठी मांग

नंदगंज। गाजीपुर। क्षेत्र के औद्योगिक आस्थान में उद्यमियों की मासिक बैठक संजय चौरसिया के आवास पर हुई। इसमें औद्योगिक आस्थान से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सहमति से निर्णय लिया गया कि जिन उद्यमियों से जमीन का पैसा जमा हो चुका है, उन्हें शीघ्र जमीन का आवंटन किया जाए। इसके साथ ही उद्यमियों ने औद्योगिक आस्थान को जाने वाले शादियाबाद मार्ग की जर्जर और गढ्ढा युक्त सड़क की मरम्मत अतिशीघ्र कराने की भी मांग की। उनका कहना था कि सड़क खराब होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी होती है। इससे औद्योगिक क्षेत्र में आने-जाने वाले उद्यमियों एवं अन्य लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी - गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर मरदह थाना के हैदरगंज पेट्रोल पम्प के पास देर रात्रि में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मरदह थाना के मुस्तफाबाद बस्तपुर गांव निवासी सूर्यप्रकाश सिह की मृत्यु हो गयीं। सूर्यप्रकाश सिह रात्रि में 8.30पर घर से बाइक से निकले थे, हैदरगंज पूर्वाचल एक्सप्रेसवे के ब्रिज के आगे स्थित पेट्रोल पम्प के पास गम्भीर रूप से घायलावस्था में पड़े होने की सूचना पर पहुँचे परिवार के लोग मऊ स्थित जिला अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सक ने मृत कर घोषित कर दिया। दो भाइयों में बड़े सूर्यप्रकाश सिह घर पर रह कर कृषि का कार्य करते थे उनकी दो पुत्रियां सान्वी सिह उम्र 8 वर्ष एवं सूर्यान्शी सिह 6 वर्ष की है। हादसे के बाद पत्नी शिवानी सिह सहित पिता अशोक सिह माँ इंदू सिंह के रोने बिलखने से क्षेत्र में शोक की लहर वयाप्त है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो तांता लगा हुआ है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मऊ स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। देर रात्रि में ग्यारह बजे के लगभग सूर्यप्रकाश किन परिस्थितियों में घर से लगभग 5 किमी दूरी पर स्थित हैदरगंज पेट्रोल पम्प पहुँचे एवं हादसे के शिकार हो गए इसको लेकर तरह - तरह की चर्चाएं की जा रही है।

एक नज़र इधर भी

घर का ताला काटकर लाखों के आभूषण चोरी

खानपुर (गाजीपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हथौड़ी गांव में पांच अक्टूबर की रात चोरों ने रामप्रताप सिंह के घर का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे चांदी व सोने के आभूषण चुरा ले गए। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह घर का फाटक खुला मिलने पर हुई। बताया जाता है कि रामप्रताप सिंह कुछ दिन पूर्व सपरिवार बलरामपुर स्थित अपने बेटे के घर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। मंगलवार की सुबह रामप्रताप सिंह के भाई वहां पहुंचे तो घर का फाटक खुला मिला। अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ था और अलमारी का ताला टूटा पड़ा था। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अपने भाई को देने के साथ ही स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रामप्रताप सिंह की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही चोरों की पहचान में जुटी है।

सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे बड़ा उपाय

गाजीपुर। बासूपुर स्थित वेद इंटरनेशनल स्कूल में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक पंकज प्रकाश श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य रितेश कुमार मिश्रा ने अतिथियों का अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर किया। एनएचएआई के साइट इंजीनियर आनंद विक्रम सिंह, पर्सनल असिस्टेंट अजय आनंद, रोड सेफ्टी टीम लीडर गोपाल, ट्रांसपोर्ट इंजीनियर चिन्मय मलिक, रोड सेफ्टी इंजीनियर प्रीतम रघुवंशी, साइट इंजीनियर वीर सिंह, यातायात पुलिस के सब-इंस्पेक्टर रामचरन सिंह और एसोसिएट डीआईओएस अरविंद कुमार ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया।

अमर शहीद के प्रपौत्र के साथ पुलिस पर अमानवीय व्यवहार का आरोप

भांवरकोल/गाजीपुर। क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी अमर शहीद डॉ. शिवपूजन राय के प्रपौत्र एवं सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता अंकित राय के साथ गया, बिहार में कथित मारपीट का मामला सामने आया है। पितृपक्ष के दौरान अपने परिवार के साथ पूर्वजों के श्राद्ध कर्म के लिए गया गए अंकित राय को पुलिस द्वारा कथित रूप से पॉकेटमार समझकर रोकने और उनके साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सतेंद्र त्रिपाठी ने 29 सितंबर को गया के जिला जज को शिकायत भेजकर पूरे मामले की जानकारी दी है। शिकायत के अनुसार, 26-27 सितंबर की मध्यरात्रि अंकित राय गया के देवघाट पहुंचे थे। वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने उन्हें कथित रूप से पॉकेटमार कहते हुए पूछताछ की। अंकित राय ने स्वयं को अधिवक्ता बताते हुए कहा कि वह अपने पूर्वजों के श्राद्ध कर्म के लिए गया आए हैं। आरोप है कि इसके बाद पुलिसकर्मी ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जब उन्होंने यह जानना चाहा कि उन्हें किस आरोप में रोका गया है, तो उनके साथ कथित रूप से मारपीट की गई।अंकित राय शेरपुर निवासी अमर शहीद डॉ. शिवपूजन राय के प्रपौत्र हैं।

गहमर को मिली पाटलिपुत्र-मुंबई एक्सप्रेस की सौगात

गहमर, गाजीपुर। एशिया के सबसे बड़े सैनिक बहुल गांव गहमर रेलवे स्टेशन पर पाटलिपुत्र-मुंबई एक्सप्रेस का ठहराव मिलने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा मिली है। बिहार के पाटलिपुत्र से मुंबई जाने वाली 12142/41अप और डाउन में पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया है। नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने मंगलवार को प्लेटफॉर्म नंबर 2 से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर मुंबई के लिए रवाना किया। ट्रेन के ठहराव से भदौरा ब्लॉक के दर्जनों गांव सीधे मुंबई से जुड़ गए हैं।पाटलिपुत्र-मुंबई एक्सप्रेस के ठहराव की मांग सैनिकों की ओर से लंबे समय से की जा रही थी। ट्रेन अपने निर्धारित समय दोपहर 12:44 बजे के बजाय 12:48 बजे गहमर स्टेशन पहुंची और करीब 10 मिनट ठहरने के बाद 12:58 बजे मुंबई के लिए रवाना हुई। ट्रेन के पहुंचते ही स्टेशन पर लोगों में उत्साह नजर आया।नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाक़ात कर पाटलिपुत्र-मुंबई एक्सप्रेस को गहमर में ठहराव देने की मांग की थी। प्रयास के बाद ट्रेन का ठहराव स्वीकृत हुआ है।ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर स्थानीय लोगों ने सांसद कौशलेन्द्र कुमार को अंगवस्त्रम और बुके देकर सम्मानित किया।

पुलिस ने गुमशुदा बालक को किया बरामद

कठवामोड़, गाजीपुर । नोनहरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से बिना बताए निकले 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर बालक के पिता ने आभार जताया। जानकारी के अनुसार, 5 अक्टूबर को यूपी-112 के माध्यम से नोनहरा पुलिस को सूचना मिली कि एक बालक थाना क्षेत्र में भटक रहा है। पुलिस टीम बालक को थाने लाई और पूछताछ की।

कैच अप कराओ, निपुण बनाओ अभियान की हुई शुरुआत

जमानियां, गाजीपुर। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक और दो के नौनिहालों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करने और उन्हें निपुण बनाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 'कैच अप कराओ, निपुण बनाओ' अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत सोमवार से दो दिवसीय बेसलाइन आकलन का कार्य प्रारंभ हो गया, जो मंगलवार को भी जारी रहेगा। छात्रों का यह मूल्यांकन 'निपुण प्लस' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन कराया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अनुसार, इस मूल्यांकन का प्राथमिक उद्देश्य विद्यार्थियों के वर्तमान अधिगम के वास्तविक स्तर को परखना है। इससे बच्चों की कमजोरियों को चिन्हित कर उसी के आधार पर आगे की प्रभावी शिक्षण रणनीति तैयार की जाएगी।

पूर्व विधायक का हुआ सम्मान

जमानियां,गाजीपुर।स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को पुराछात्र सम्मान समारोह के अंतर्गत पूर्व विधायक दिलीप पांडेय का महाविद्यालय परिवार द्वारा भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री द्वारा की गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को दिलीप पांडेय के छात्र जीवन से परिचय कराते हुए बताया कि किस प्रकार एक सामान्य छात्र के रूप में उन्होंने इसी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर जनसेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। अपने सम्मान से अभिभूत पुरा छात्र पूर्व विधायक दिलीप पांडेय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भावुक होकर कहा कि,कभी मैं भी आप ही की तरह इस महाविद्यालय का छात्र हुआ करता था और आज जब यहाँ उपस्थित हूँ तो अपने पुराने दिनों का स्मरण हो रहा है। इसी परिसर ने मुझे जीवन की दिशा दी।कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ आचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह, आई क्यू ए सी प्रभारी प्रो. अरुण कुमार, डॉ. संजय कुमार सिंह, कृतकार्य आचार्य डॉ. मदन गोपाल सिन्हा, सहायक आचार्य हिंदी डॉ अभिषेक तिवारी, डॉ. राकेश कुमार सिंह, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार,कमलेश प्रसाद सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



पूर्व विधायक के सम्मानित का दृश्य। छाया:आज

सरयू के कटान से चार आशियाने नदी में समाये, सात मुहाने पर

दियरांचल में तेजी से हो रहा कटान, उपजाऊ खेत भी नदी में समाये



बैरिया (बलिया)। सरयू नदी का जलस्तर घटते ही सुरेमनपुर दियरांचल में कटान ने विकराल रूप धारण कर लिया है। गोपालनगर टांडी में मंगलवार को कमलेश यादव, संजय यादव, मंजय यादव और रामनारायण के रिहायशी मकान नदी में समा गए। वहीं तिलंगी यादव, रामबाबू यादव, बलिराम यादव, शिवजी यादव, महेश यादव, बाबूराम यादव और गणेश यादव के मकान भी कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं। कटान की रफ्तार नहीं थमी तो इन मकानों के भी सरयू में समाने का खतरा है। कटान की भयावह स्थिति को देखते हुए प्रभावित परिवार घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार कटान के बावजूद मंगलवार तक स्थानीय प्रशासन, राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। इससे प्रभावित परिवारों में आक्रोश के साथ भय का माहौल है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कराने तथा कटान रोकने के लिए बाढ़ विभाग को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार अधिसिझुआ से वशिष्ठनगर तक सरयू नदी तेजी से उपजाऊ जमीन को अपने आगोश में ले रही है। गोपालनगर के गणेश यादव,प्रदीप यादव,शिवाल मठिया के ओमप्रकाश सिंह और राकेश सिंह तथा वशिष्ठनगर के राजकिशोर सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में करीब 44 फीट चौड़ाई और तीन किलोमीटर लंबाई में उपजाऊ खेत कटकर नदी में समा चुके हैं। कटान का क्रम अभी भी जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कटान की यही रफ्तार बनी रही तो जल्द ही इसका दायरा वशिष्ठनगर और गोपालनगर गांव तक पहुंच सकता है। खेतों के बाद अब रिहायशी इलाकों पर भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बड़ी संख्या में परिवारों को घर छोड़कर पलायन के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

सरयू का जलस्तर खतरे के निशान से ९६ सेमी ऊपर

बेल्थरारोड (बलिया)। तुर्तीपार में सरयू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में चिंता बढ़ गई है। नदी खतरे के निशान से 96 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर में हर घंटे करीब एक सेंटीमीटर की वृद्धि जारी रहने से ग्रामीण नदी के बढ़ते पानी पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बढ़ते जलस्तर के चलते तुर्तीपार स्थित श्मशान घाट भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। वहीं करीब 75 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए लगभग 70 हजार पौधों पर भी संकट मंडरा रहा है। लगातार बढ़ रहे पानी से पौधों के डूबने की आशंका बनी हुई है। उपजिलाधिकारी शरद चौधरी, खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर के अधीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टंगुनिया क्षेत्र में नाव उपलब्ध कराई गई है।

जाति प्रमाणपत्र के लिए ५० हजार की मांग, लेखपाल निलंबित

बलिया। जाति प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 50 हजार रुपये मांगने के आरोप में जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील सदर के राजस्व ग्राम सुल्तानपुर के क्षेत्रीय लेखपाल संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। मामला ग्राम सुल्तानपुर निवासी सुरेंद्र प्रसाद तुरैहा की शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि तुरैहा जाति का जाति प्रमाण पत्र जारी करने में लेखपाल एवं अन्य राजस्व कर्मियों द्वारा प्रति आवेदन 50 हजार रुपये की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में मोबाइल पर हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराई थी। तहसीलदार सदर, बलिया द्वारा सोमवार को प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि शिकायतकर्ता की ओर से पूर्व में ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किए गए थे, जिन्हें आवश्यक साक्ष्य एवं अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण नियमानुसार पोर्टल पर आख्या सहित निस्तारित/निरस्त किया गया था। शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई दो अलग-अलग ऑडियो रिकॉर्डिंग, जिनकी 8 अप्रैल 2026 और 17 सितंबर 2026 बताई गई है, का प्राथमिक परीक्षण किया गया। रिकॉर्डिंग में कथित तौर पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रति आवेदन 50 हजार रुपये की मांग किए जाने और रकम का एक हिस्सा अधिकारियों को दिए जाने संबंधी बातचीत होने का उल्लेख रिपोर्ट में किया गया है। रिकॉर्डिंग में यह भी कथित तौर पर कहा गया है कि पैसे देने पर ऑनलाइन आवेदन कराकर अगले दिन बांसडीह कचहरी पहुंचाया जाए। मामले को राजस्व कर्मियों से जुड़े गंभीर भ्रष्टाचार एवं अवैध धन उगाही के आरोपों से संबंधित मानते हुए तहसीलदार ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच के लिए संबंधित लेखपाल को निलंबित किए जाने तथा विभागीय जांच की संस्तुति की। जिलाधिकारी के आदेश पर संदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उन्हें तहसील बलिया के भूलेख कार्यालय से संबद्ध किया गया है। आदेश के अनुसार वे सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। मामले की विभागीय जांच के लिए जांच अधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया भी आदेश में की गई है।

व्रत उपवास..आपका विश्वास®
पितृ-तर्पण हो या मातृ पूजन, सात्विक आहार ही सम्पूर्ण आधार
कसावा और श्रीअन्न के पेटेन्ट फाइल्ड मिश्रण से तैयार एक सम्पूर्ण पोषक सात्विक आहार
सच्चासाबु® न्यूट्रीदाना- जो ग्लुटेन-मुक्त, पकाने में आसान, स्वादिष्ट, फरियाली व गुणकारी है।
'रोस्टेड' व 'स्टीम्ड' दो वैरायटी में 200 ग्राम व 400 ग्राम की छोटी उपभोक्ता पैकिंग में बाजार में उपलब्ध है।
आज ही घर लायें..
साबु ट्रेड के अन्य श्रेष्ठ सात्विक उत्पाद:
सच्चासाबु® एगमार्क साबूदाना, साबू- पापड़ व फरियाली आटा
अल्पाहार® एगमार्क सेलम हल्दी पाउडर, नारियल बूर्रा व ताल-मखाना
कुकरीजॉकी® कुटकी (मोरधन), कोदरा (मोटा मोरधन), झंगोरा, कंगनी व रागी श्रीअन्न
NUTRIDANA
Sabu Trade, Salem/ Indore https://wa.link/5sk0w7 sabutrade@sabuindia.com

स्कूल से लौट रहे छात्र को पिकअप में जबरन बैठाने का आरोप

रतसर (बलिया)। गड़वार थाना क्षेत्र के स्थानीय नगर में सोमवार शाम स्कूल से साइकिल से घर लौट रहे 15 वर्षीय छात्र को पिकअप सवार लोगों द्वारा कथित रूप से जबरन वाहन में बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। छात्र ने रसड़ा के घोड़ा चौक के आगे रतनपुरा मार्ग पर पिकअप के भीड़ में फंसने के दौरान शोर मचाते हुए वाहन से छलांग लगा दी। इसके बाद उसने वहां मौजूद एक व्यक्ति के मोबाइल फोन से अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। स्थानीय नगर के वार्ड नंबर-2 छतरपुर निवासी संतोष शर्मा का 15 वर्षीय पुत्र कार्तिकेय शर्मा नगर स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ता है। परिजनों के अनुसार, वह सोमवार को रोज की तरह साइकिल से स्कूल गया था। शाम को छुट्टी होने के बाद वह साइकिल से घर लौट रहा था। परिजनों के मुताबिक, रतसर-पकड़ी मार्ग से बाईपास अमडरिया मार्ग की ओर जाते समय पीछे से एक खाली पिकअप वाहन आया। आरोप है कि वाहन के केबिन और डाले में करीब पांच लोग सवार थे। उन्होंने छात्र को कथित रूप से पकड़कर पिकअप में बैठा लिया और उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद वे छात्र को लेकर रसड़ा की ओर चले गए। छात्र के मुताबिक, रास्ते में उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर अचेत कर दिया गया। होश आने पर आरोपित उससे घर का फोन नंबर मांगने लगे। नंबर नहीं बताने पर कथित रूप से उसकी गर्दन पर चाकू रखकर धमकाया गया। इसी दौरान रसड़ा के घोड़ा चौक के आगे पिकअप भीड़ में फंस गई। मौका पाकर छात्र ने शोर मचाते हुए वाहन से छलांग लगा दी। मंगलवार को परिजनों ने रतसर पुलिस चौकी पहुंचकर घटना के संबंध में लिखित तहरीर दी।

खंभे से टकरायी अनियंत्रित बाइक, एक की मौत

बलिया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के शंकरपुर हनुमानगंज मार्ग पर मंगलवार दोपहर एक हादसा हुआ। छोड़हर गांव के पास एक अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे श्रीभगवान यादव (ब्रहमाईन, हनुमानगंज) की मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठे उनके साथी राजकुमार सिंह (श्रीपुर) गंभीर रूप से घायल हो गए। श्रीभगवान और राजकुमार गांव से हनुमानगंज जा रहे थे। छोड़हर राम जानकी मंदिर के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर खंभे से टकरा गई। श्रीभगवान के चेहरे और सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर काफी लोग जमा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई और एम्बुलेंस भी बुलाई गई। एम्बुलेंस घायल राजकुमार को जिला अस्पताल ले गई। पुलिस ने मृतक श्रीभगवान के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दिव्यांग की फरियाद पर डीएम ने दिलाई ट्राई साइकिल



बलिया। जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या लेकर पहुंचे दिव्यांग व्यक्ति की फरियाद पर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी ने दिव्यांग रविंद्र राम पुत्र स्वर्गीय सरल राम, निवासी ग्राम भीखमपुर, थाना फेफना को तत्काल ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई। दिव्यांग रविंद्र राम ने जनसुनवाई के दौरान आवागमन में हो रही परेशानी तथा आवास की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया था। जिलाधिकारी ने उनकी स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई, जिससे उन्हें आने-जाने में सहूलियत मिल सके। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रविंद्र राम को आवास का लाभ दिलाने के लिए खंड विकास अधिकारी, गड़वार को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस त्वरित पहल से फरियादी को तत्काल राहत मिली। प्रशासन की इस संवेदनशील कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन की तत्परता भी इस मामले से स्पष्ट हुई।

ग्रामीणों की शिकायत लेकर बीडीओ से मिले अंगद मिश्र

बैरिया (बलिया)। विकास खंड मुरली छपरा के रामपुर कोडहरा और दलन छपरा ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की ओर से ग्राम पंचायत सचिव रंजन यादव के खिलाफ मिल रही शिकायतों को लेकर मंगलवार को सपा नेता अंगद मिश्र फौजी ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने खंड विकास अधिकारी शकील अख्तर अंसारी से मुलाकात कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया और सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत की। अंगद मिश्र ने बीडीओ को बताया कि रामपुर कोडहरा और दलन छपरा के ग्रामीण लगातार ग्राम पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव की पंचायत में उपस्थिति कम रहती है। वह कार्यालय में देर से पहुंचते हैं और निर्धारित समय से पहले चले जाते हैं। इसके चलते ग्रामीणों को परिवार रजिस्टर की नकल, मृत्यु प्रमाणपत्र सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए परेशान होना पड़ता है और उनके काम समय से नहीं हो पाते हैं। शिकायत मिलने के बाद बीडीओ शकील अख्तर अंसारी ने ग्राम पंचायत सचिव रंजन यादव को बुलाकर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीणों के कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और सभी पात्र लोगों की समस्याओं का समय से निस्तारण किया जाए।

दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह में समाजसेवियों का हुआ सम्मान



बेल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय नगर के मधुबन ढाला स्थित संगिनी मैरिज हॉल में सोमवार की देर शाम करीब सात बजे तैलिक साहू सेवा समिति के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल को सफल बनाने में सहयोग करने वाले समाज के लोगों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता बृज विलास गुप्ता व संचालन शशिकांत गुप्ता ने किया। आयोजन तैलिक साहू सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्णकांत 'मिंटू' गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता रहे। उनके साथ महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, सुनील गुप्ता, डॉ. केदार गुप्ता एवं रमेश गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। समारोह के दौरान भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के विभिन्न पदों पर मनोनयन के प्रशासनिक पत्र भी सौंपे गए। उपेंद्र उर्फ मिंटू को जिला उपाध्यक्ष, शशिकांत गुप्ता को जिला संगठन मंत्री, वेद प्रकाश मिंटू को जिला मंत्री, संतोष गुप्ता को 357 विधानसभा अध्यक्ष, ज्ञानचंद गुप्ता को ब्लॉक अध्यक्ष तथा कृष्णकांत गुप्ता को नगर अध्यक्ष बनाया गया। ज्ञानचंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, विनय गुप्ता, संजय गुप्ता, वेद प्रकाश मिंटू, धनेश गुप्ता, अरविंद गुप्ता, दीपक गुप्ता, धर्मनाथ गुप्ता, राम मनोहर गांधी, उमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

शराब दुकान के सेल्समैनों से मारपीट, घर तक पीछा कर हमला करने का आरोप

फेफना (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सागरपाली-थम्हनपुरा-बैरिया मार्ग पर सोमवार की देर रात को शराब की दुकान बंद कर घर जा रहे दो सेल्समैनों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने पहले रास्ते में दोनों को रोककर शराब देने की मांग की। मना करने पर गालीगलौज और मारपीट की गई। इसके बाद हमलावरों ने बाइक से पीछा करते हुए बघेजी गांव स्थित घर तक पहुंचकर दोनों पर हमला कर दिया। घटना में दोनों घायल हो गए। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी होने की बात कही गई है। पीड़ित सेल्समैन मनोज कुमार राम निवासी हसनपुरा और अखिलेश कुमार सिंह निवासी बघेजी ने फेफना थाने में दी तहरीर में बताया कि दोनों सोमवार की रात करीब दस बजे रोज की तरह कंपोजिट शराब की दुकान बंद कर घर जा रहे थे। उनके पास दिनभर की बिक्री की करीब तीन लाख 22 हज़ार रुपये की नकदी भी थी। आरोप है कि बैरिया-थम्हनपुरा मार्ग पर कुछ दूरी पहले से मौजूद कई लोगों ने उनकी गाड़ी रुकवा ली। आरोप है कि सभी नशे में थे और शराब देने की मांग करने लगे। शराब देने से मना करने पर गालीगलौज करते हुए दोनों के साथ मारपीट की गई। पीड़ितों का आरोप है कि इसी दौरान बिक्री की नकदी भी छीन ली गई। किसी तरह दोनों वहां से बचकर बाइक से बघेजी स्थित अपने घर की ओर भागे। आरोप है कि हमलावरों ने बाइक से उनका पीछा किया और घर के पास पहुंचकर वाहन रोकते ही दोनों पर दोबारा हमला कर दिया। परिजन दोनों को लेकर फेफना थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया की सेल्समैन के द्वारा मिली तहरीर के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर तत्काल गिरफ्तारी की जायेगी।

सड़क हादसे में महिला की मौत

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र के पिलुई चट्टी के पास मंगलवार को मोटरसाइकिल से गिरने के बाद 48 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजन उन्हें तत्काल मनियर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान बांसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र सुल्तानपुर निवासी देव दतिया देवी, पत्नी ददन तुरहा (52) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल से सुल्तानपुर से बसारिखपुर जा रही थीं। उन्हें अपनी बेटी के जन्मदिन समारोह में शामिल होना था। इसी दौरान पिलुई चट्टी के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर मोटरसाइकिल उछल गई और देव दतिया देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। सीएचसी में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

एक नजर इधर भी

मामा-भांजे को युवकों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

बैरिया (बलिया)। पिकअप पर पशु आहार लादकर सोमवार को रेवती से अपने गांव वशिष्ठ नगर लौट रहे पिकअप मलिक सुनील कुमार सिंह व उनके भांजे अनूप सिंह को मून छपरा के पास मोटरसाइकिल सवार छः सात की संख्या में युवकों ने रोका, और पीछे बैठे उनके भांजे अनूप सिंह के साथ गाली गलौज करने लगे और मारपीट की है। बीच बचाव करने पर सुनील सिंह को भी मारा पीटा और बुरी तरह से घायल कर दिया। सुनील सिंह के तहरीर पर रेवती पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

मैजिक- बोलेरो में टक्कर, महिला सहित छह घायल

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेल्थरारोड-नगरा राजमार्ग पर ग्राम तिरनई खिजिरपुर में सोमवार की रात करीब 8 बजे इण्डियन पेट्रोल पम्प के पास एक मैजिक वाहन व बोलेरो के बीच आमने-सामने भिड़न्त हो गयी। जिसमें एक महिला समेत 6 लोग गम्भीर रुप से चोटिल हो गये। जानकारी के अनुसार मैजिक वाहन पर एक भैस लाद कर वापस करने चैकिया मोड़ से नगरा की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा से बोलेरो सवार कुशीनगर जा रहे थे कि ग्राम तिरनई खिजिरपुर में हादसा हो गया। बोलेरो में महिला पुरुष लेकर कुल 10 लोग सवार थे। सभी का उपचार सीएचसी सीयर में कराया गया।

पूर्व प्रधान का निधन

हल्दी (बलिया)। पूर्व ग्राम प्रधान हल्दी शिवजी यादव 65 का निधन विगत सोमवार की रात लगभग 8 बजे वाराणसी के निजी अस्पताल में हो गया। शिवजी यादव वर्ष 2000 से 2005 तक तथा वर्ष 2015 से 2020 तक दो बार ग्राम प्रधान रहे। विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। एक सप्ताह पहले उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई तो परिजनों ने वाराणसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका निधन हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी तथा 2 पुत्र एवं 3 पुत्री छोड़ गए हैं। सभी बच्चों की शादी हो चुकी है। मृतक का अंतिम संस्कार महावीर सिंह इंटर कॉलेज बादिलपुर के पास गंगा घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र राजेश यादव ने दिया।

आज जनपद आयेंगीं आरिफा उत्साही

बलिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की संयोजक एवं पूर्वांचल प्रभारी आरिफा उत्साही का 7 अक्टूबर को बलिया में प्रथम आगमन होगा। उनके प्रथम आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, बलिया में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आरिफा उत्साही बुधवार को शाम 4 बजे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। यह जानकारी अबुल फैज, वार रूम प्रभारी ने दी।

नेशनल कुश्ती में रागिनी ने रचा इतिहास, जीता स्वर्ण पदक

बलिया। डॉ. रामविचार रामरती सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, उदयभान की प्रतिभाशाली छात्रा रागिनी ने राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रागिनी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे बलिया जनपद और उनके माता-पिता में हर्ष और गर्व का माहौल है। नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट रागिनी अब एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) में अपना पंच दिखाने के लिए तैयार हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य, प्रतिभा सिंह और कोच संगम वर्मा आचार्यगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने रागिनी को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

धरना देने जा रहे किसान नेता हिरासत में

रतसर (बलिया)। स्थानीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पूर्व सूचना के अनुसार पुलिस चौकी पर धरना देने जा रहे भारतीय किसान संघ के गड़वार ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ब्रजेश कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होने, रतसर नगर में जगह-जगह अतिक्रमण तथा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर उन्होंने आठ सितंबर को जिलाधिकारी से मुलाकात कर पत्रक सौंपा था। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो रतसर पुलिस चौकी परिसर में धरना दिया जाएगा। इसी क्रम में मंगलवार को ब्रजेश कुमार राय अपने समर्थकों के साथ धरना देने के लिए रतसर पुलिस चौकी की ओर जा रहे थे। आरोप है कि चौकी से करीब 100 मीटर पहले ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया और हिरासत में लेकर गड़वार थाने चली गई।

चाचा-भतीजा में जमकर चली लाठियां, दो घायल

रसड़ा(बलिया)। क्षेत्र के कुरेम गांव में मंगलवार की सुबह चाचा भतीजा भिड़ गए। जमकर चले लाठी डंडे एवं धारधार हथियारों के चाचा भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। दिनेश राम 40 वर्ष एवं उसका भतीजा आकाश 22 वर्ष से किसी बात को लेकर सोमवार विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। सुबह एक बार फिर दिनेश एवं आकाश भिड़ गए। दोनों पक्षों में लाठी डंडों के बीच धारधार हथियार भी जमकर चले जिसमें दिनेश राम एवं आकाश राम गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के दौरान दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।

सेंध काटकर घर में चोरी, चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती

बेल्थरारोड (बलिया)। भीमपुरा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी गरीब मजदूर-किसान श्रवण शर्मा के घर में रात के अंधेरे में चोरों ने सेंध काटकर गृहस्थी का सारा सामान समेट लिया। चोर घर में रखा जो भी सामान अपने साथ ले जा सकते थे, उसे लेकर फरार हो गए। घटना से पीड़ित परिवार की छोटी-सी गृहस्थी पूरी तरह उजड़ गई और परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही समाजसेवी टीएन मिश्रा, ग्राम प्रधान अवधेश यादव समेत नवनियुक्त थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों का कहना है कि नए थानाध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करते ही चोरों ने वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। पीड़ित श्रवण शर्मा ने बताया कि मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घर में रखा सामान ही उनकी पूरी गृहस्थी थी, जिसे चोरों ने एक झटके में उजाड़ दिया।

पिस्तौल-कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। चौकी इंचार्ज चांद दियर आशुतोष मद्धेशिया ने टोला शिवन राय निवासी रिशु यादव को तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर करण छपरा गांव के सामने जिन बाबा मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रिशु कुमार यादव को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके पास से तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने के बाद आरोपी को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया है।

धू-धू कर जली सड़क पर खड़ी कार

बलिया। कोटवा नारायणपुर में मंगलवार को सुबह करीब 4 बजे सड़क पर खड़ी एक कार धू-धू कर जल गई। इसे देखकर लोगों में हलचल मच गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, यह गाड़ी गोरखपुर की बताई जा रही है। यह कोटवा नारायणपुर में कोटवा से लटठूडीह जाने वाली सड़क पर खड़ी मिली। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी ने भी इस गाड़ी को लेकर संपर्क नहीं किया है। गाड़ी के नंबर से जुड़े मोबाइल नंबर पर फोन करने पर वह स्विच ऑफ आ रहा है। यह गाड़ी किन हालात में जली और इसमें कौन लोग सवार थे, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि जली हुई गाड़ी को चौकी परिसर में ले जाया गया है। पुलिस, गाड़ी मालिक का इंतजार कर रही है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।

भाजपा जिलाध्यक्ष पर आरोपों की जांच के लिए पहुंची दो सदस्यीय टीम

जांच टीम ने संगठन पदाधिकारियों और अन्य लोगों से की अलग-अलग बातचीत, वापस लौटी टीम

बलिया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र पर लगे आरोपों की जांच के लिए प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर गठित दो सदस्यीय टीम बलिया पहुंची। टीम में संगीता अग्रहरि और अमिता गुप्ता ने प्रकरण से जुड़े संगठन पदाधिकारियों और अन्य लोगों से अलग-अलग बातचीत की। इसके बाद पीड़िता के घर पहुंचकर उसका बयान दर्ज किया और उसके पक्ष से जुड़े साक्ष्यों की जानकारी ली। एक महिला पदाधिकारी की ओर से लगाए गए दुष्कर्म और अपराधियों को संरक्षण देने के आरोपों की जांच के लिए टीम पहुंची। संगठन पदाधिकारियों के अनुसार पीड़िता जांच टीम के समक्ष अपने पूर्व बयानों पर कायम रही। उसने मामले से जुड़े तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों को टीम के सामने रखा। वहीं, जांच टीम ने संगठन पदाधिकारियों और आरोपों से जुड़े लोगों से अलग-अलग बातचीत कर उनका पक्ष भी जाना। जांच के दौरान टीम ने प्रकरण से जुड़े लोगों से बातचीत कर घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। बातचीत पूरी करने के बाद टीम वापस लौट गई। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और संबंधित लोगों के बयानों के आधार पर टीम अपनी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंपेगी। फिलहाल भाजपा की ओर से जांच रिपोर्ट अथवा उसके निष्कर्ष को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। महिला नेत्री की ओर से जिलाध्यक्ष समेत संगठन के पदाधिकारियों पर लगाए गए आरोपों को प्रदेश नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। इससे पहले शीर्ष नेतृत्व की ओर से जिलाध्यक्ष से भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली गई थी। इसके बाद पीड़िता से तथ्य जानने के लिए दो क्षेत्रीय महिला पदाधिकारियों को भेजा गया। वहीं इस मामले को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि जांच टीम आई थी, लेकिन अभी उनसे संपर्क नहीं किया गया है। लगे आरोपों पर उन्होंने कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं।

त्योहारों को लेकर पुलिस ने की शांति समिति की बैठक



बलिया। नवरात्र दुर्गा पूजा तथा दशहरा मेला को लेकर जनपद के पुलिस थानों में शांति समिति की बैठक की गई। बेल्थरारोड। नवरात्र दुर्गा पूजा तथा दशहरा मेला को लेकर स्थानीय नगर के पुलिस चौकी परिसर में मंगलवार की शाम शांति सुरक्षा समिति की बैठक तहसीलदार राजू कुमार तथा उभांव थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय की देख रेख में हुई। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष यादव, विद्युत विभाग के अवर अभियंता राम विलाश खरवार, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय, सभासद सद्दाम, आशुतोष पांडेय, परवेज हमजा, नासिर खान, नैय्यर भाई, बादल रावत, मिथिलेश कुमार आदि मौजूद रहे। **हल्दी।** थाना परिसर में मंगलवार की शाम आगामी दशहरा और दुर्गा पूजा को लेकर आयोजकों व संभ्रांत लोगों की बैठक हुई। थानाध्यक्ष राजू कुमार राय ने आयोजकों से त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। **रेवती।** स्थानीय थाना प्रांगण में एसडीएम बांसडीह डा.पुष्कर मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसडीएम ने दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों से उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करायें। विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, टीएन उपाध्याय, राजेन्द्र सिंह, साजिद अंसारी, गोविन्द साहब, राकेश, सूर्य प्रताप सिंह, अभिषेक केशरी आदि मौजूद रहे। संचालन थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने किया।

मिठाई की दुकान से हजारों की चोरी

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के सिधागघाट बैरियर के समीप सोमवार की रात्रि चोरों ने मिठाई की दुकान सहित एक गुमटी का ताला तोड़कर नगदी समेत हजारों रूपए सामानों पर हाथ साफ कर दिया। सब्बलपुर सिलहटा गांव निवासी अभिमन्यु यादव ने पुलिस को तहरीर दे दिया है। सोमवार की शाम 7 बजे सिधागरघाट बैरियर के समीप स्थित मिठाई की दुकान को बंद कर मै घर चला आया। मंगलवार की सुबह मुझे जानकारी मिली कि मेरी दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया है जब मै वहां पहुंचा चोरों ने दुकान में रखे दो सिलेंडर, पांच पेटी पानी, पांच पेटी डंठा, सिगरेट जिसकी कीमत लगभग 35 सौ सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया है। पीड़ित दुकानदार ने बताया है कि हमारे दुकान के बगल में वीरेंद्र राजभर की पान की दुकान है। चोरों ने उस दुकान में भी चोरी को अंजाम दिया है।

लोकतंत्र सेनानियों ने अखिलेश यादव का जताया आभार

बलिया। अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन समाजवादी चिंतक अजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पिछले दिनों सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकतंत्र सेनानियों से मुलाकात की थी। उस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में सपा जीतती हैं तो कैबिनेट के पहली मीटिंग में ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मिलने वाली सारी सुविधाओं सहित लोकतंत्र सेनानियों को 51 हजार रुपए सम्मान राशि दी जाएगी। बलिया जनपद से द्विजेंद्र कुमार मिश्रा, चंद्रशेखर सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, स्वतंत्र देव सिंह, देवेंद्र नाथ त्रिपाठी, डॉ सुरेश तिवारी, रमाशंकर चौहान, राज ऋषि सिंह, चंद्रभान भयंकर आदि सेनानी सम्मानित हुए। बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने समस्त लोकतंत्र सेनानियों को बधाई दी है। अजय बहादुर सिंह ने आभार जताया है।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

बैरिया (बलिया)। बलिया-छपरा रेलखंड के बकुल्हां रेलवे स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास मंगलवार को करीब साढ़े 11 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान बकुल्हां गांव निवासी बब्बन यादव (70) के रूप में हुई है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार क्षेत्र में आई बाढ़ के पानी में डूबने से पशुओं के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। बब्बन यादव अपने मवेशियों के लिए चारा काटने रेलवे लाइन के दक्षिणी तरफ जा रहे थे। इसी दौरान बकुल्हां स्टेशन के पूर्वी केबिन के समीप तेज रफ्तार से आ रही आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

मिर्जामुराद में फांसी लगाकर किशोरी ने की खुदकुशी

प्रेमी के जेल से लौटते ही उठाया आत्मघाती कदम

मिर्जामुराद। खालिसपुर गांव में १७ वर्षीय किशोरी ने अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र कर शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच में जुट गयी है। खालीसपुर निवासी संजय राजभर की पुत्री आकांक्षा राजभर (१७ वर्ष) घर पर अकेली थी, परिजनों के अनुसार, मंगलवार की शाम परिवार के सदस्य किसी रिश्तेदार के घर गये हुए थे। जब वे शाम को वापस लौटे, तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखने पर आकांक्षा छत में लगे पंखे से कपड़े की रस्सी के सहारे लटकी हुई दिखाई दी। यह दृश्य देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा। आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी और तत्काल इसकी सूचना मिर्जामुराद पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस बल ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किये और फांसी में प्रयुक्त कपड़े की रस्सी को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित कर लिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, कुछ माह पूर्व किशोरी का गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों घर से चले गये थे। उस वक्त किशोरी के पिता संजय राजभर की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। इसके आधार पर पुलिस ने काररवाई करते हुए बीते २७ अगस्त को आरोपी नाबालिग प्रेमी को बाल सुधार गृह (जेल) भेज दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पूर्व ही आरोपी प्रेमी जेल से छूटकर वापस गांव आया था। उसके आने के ठीक दो दिन बाद किशोरी द्वारा यह आत्मघाती कदम उठाए जाने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतका दो भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उसके पिता पेशे से किसान हैं और खेती-बारी करके परिवार का जीवन-यापन करते हैं। घटना के बाद से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिर्जामुराद पुलिस के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस मामले से जुड़े हर पहलू एवं परिस्थितियों की गहराई से जांच कर रही है। जांच एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक विधिक कारर्वाई की जायेगी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, जौनपुर

पत्रांकः- 3710/8ए   दिनांक 29.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से सेतु कार्य में लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक 12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 20.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड्स दिनांक-20.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेंगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदार की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 20.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड उस क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क० सं०	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू० लाख में	धरोहर धनराशि रू० लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8		9
वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य योजना के अन्तर्गत (बाक्स कलवर्ट) का कार्य।									
1	जौनपुर	जनपद जौनपुर में गुड़बड़ी से रोहसा, जमदरा सम्पर्क मार्ग पर गुड़बड़ी नाले पर बाक्स कलवर्ट एवं पहुच मार्ग के निर्माण कार्य।	24.00	2.40	944	प्रा०खं० खण्ड, लो०नि०वि०, जौनपुर	वा०क्षे०, लो० नि०वि०, वाराणसी	06 माह	A, B, C, D

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी०एस०टी० को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 12.10.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 20.10.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 20.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं०-1/2018-3070/78/2-2018/42 आई०टी०/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- शासनादेश संख्या-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी एवं ठेकेदारों द्वारा उक्त शासनादेश का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.-257511,
दिनाक-05.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सूजाबाद में करंट लगने से चालक की मौत

रामनगर। स्थानीय थाने की सूजाबाद पुलिस चौकी अंतर्गत मंगलवार को प्रात: बंधा रोड पर विद्युत करंट लग जाने से विष्णु साहनी ३२ वर्ष नामक चालक की मौत हो गयी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हंगामा और प्रदर्शन करने का प्रयास किया लेकिन सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आक्रोशित लोगों को समझा बूझाकर मामला शांत कराया। इस संबंध में बताया जाता है कि भाड़े का वाहन चलाकर मृतक अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह वाहन लेकर आया और बंधा रोड स्थित मकान के किनारे खड़ा किया तभी वहां लटक रहे विद्युत तार से उसके वाहन का संपर्क हो गया और जैसे ही वह नीचे उतरने का प्रयास किया तभी करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मनियां विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 12:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्टल/प्रतिनग, 7 हयूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

अवनीश कुमार
सचिव

गोपाल प्रसाद
ग्राम पंचायत प्रशासक

किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता

बड़ागांव थानाक्षेत्र के एक गांव में सोमवार को सुबह घर का सामान खरीदने निकली १६ वर्षीय किशोरी देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो उसके पिता ने काफी खोजबीन के बाद स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

वर्गीकृत विज्ञापन — आज

सूचना

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरें पुत्र का सही नाम निखिल कुशवाहा (NIKHIL KUSHWAHA) पुत्र दीपक कुशवाहा (DEEPAK KUSHWAHA) है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटि वश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 9129 9943 8425 में उसका नाम नयन कुशवाहा (Nayan Kushwaha) अंकित हो गया है, जो कि गलत है । भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम **निखिल कुशवाहा (NIKHIL KUSHWAHA)** पुत्र दीपक कुशवाहा (DEEP-AK KUSHWAHA) के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं द्वारा पूर्ण की गई है । **दीपक कुशवाहा** पुत्र शलुकन कुशवाहा निवासी मुहल्ला ऐबकपुर मोहाना तहसील - चुनार, जिला- मिर्जापुर (उ.प्र.) पिन कोड: 231304

सूचना-सूचित किया जाता है कि **नमन पटेल** (Army No-4299387W), पुत्र हरेराम, ग्राम सुखदेहरी कलां, भावरकोल, गाजीपुर की सर्विस बुक में जन्मतिथि 01/07/2007 गलत दर्ज है। आधार कार्ड के अनुसार सही जन्मतिथि 25/07/2008 है। अत: कृपया सही जन्मतिथि दर्ज करने की कृपा करें।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रंजना सिंह अंकित है एवं हाईस्कूल प्रमाण पत्र में कु. रंजना कुमारी दर्ज है एवं उपरोक्त दोनों नाम रंजना सिंह व कु. रंजना कुमारी एक ही महिला के है अत: हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड जारी किया जाय। **रंजना कुमारी** पत्नी नीरज सिंह निवासिनी अम्बा, अमौली, वाराणसी।

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3178887 तथा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2403899 प्रणाम पत्र सह अंक पत्र दोनों खो गया है। **निवेदिता राज गौरव** पुत्री सुक्खू राम, ग्राम-हाफिज पुर ,पोस्ट-केरमा,जनपद मऊ, उ0प्र।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष २००६ अनुक्रमांक २४५३३१६का अंक परमाण पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अजीत यादव** पुत्र फूल चंद यादव ग्राम -सरवरपुर भटऊली घोसी, जनपद-मऊ।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2022 का अनुक्रमांक 12 222 50 686 का अंक प्रमाण पत्र सहित मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है । नाम **प्रिंस कुमार** पिता पाखंडूराम ग्राम व पोस्ट: महारभा,अजयपुर , भदोही

सूचना-मैं प्रार्थी भूतपूर्व सैनिक रैंक न. 6358923A jSad Ex Sep (HONYNK) SARAJU ग्राम सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद, पोस्ट - कासिमाबाद तहसील कासिमाबाद (मोहम्मदाबाद) जिला है गाजीपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ मैंने अपने पत्नी का भूलवंश रिकार्ड में शारदा (SARADHA) जन्मतिथि 01-05-1953 है, दर्ज करा दिया है जो गलत है, **सही नाम शारदा चौहान (SHARDA CHAUHAN)** जन्मतिथि 01-01-1948 जिसे मेरे रिकार्ड में अभिलेख मे दर्ज करने की कृपा करे।

सूचना-मेरी बी० टी० सी० कोर्स बैच 2015 उत्तीर्ण वर्ष 2018 का प्रमाण पत्र खो गया है, यदि किसी को मिले तो मो. नं. 7991995134 से सम्पर्क करें **कृतिका शर्मा** पुत्री मनोज कुमार शर्मा, अशोक विहार कॉलोनी वाराणसी उ०प्र०

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इंटर कॉलेज वाराणसी

उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि विद्यालय के प्रबंध समिति के बैठक दिनांक 13/9/2026 में पारित प्रस्ताव संख्या 03 के क्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के निर्वाचन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित कराए जाने हेतु डा चन्द्रशेखर सिंह-प्रधानाचार्य महाबोधी इण्टर कालेज, सारनाथ वाराणसी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। पूर्व सूच्य उक्त बैठक दिनांक 13/09/2026 में पारित प्रस्ताव संख्या के क्रम में सम्मानित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्वाचन तिथि दिनांक 01.11.2026 दिन रविवार को निर्धारित की गई तथा अधोलिखित चुनाव कार्यक्रम पर पूर्ण सहमति प्रदान करते हुए तदनुरूप अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया है।

प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम

पदाधिकारी एवं सदस्यों हेतु नामांकन	पूर्वाह्न 10 बजे से 11.30 बजे तक
नामांकन पत्रों की जांच	पूर्वाह्न 11.30 बजे से 12.00 बजे तक
नाम वापसी	दोपहर 12.45 बजे से 01.00 बजे तक
प्रत्याशी सूची का अंतिम प्रकाशन	दोपहर 01.00 बजे
मतदान (यदि आवश्यक हुआ)	अपराह्न 01.30 बजे से 03.00 बजे तक
मतगणना	मतदान के ठीक पश्चात
चुनाव परिणाम	मतगणना के ठीक बाद

नोट - चुनाव संबंधी उक्त समस्त कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में समिति कक्ष से संपन्न किए जाएंगे।

(प्रबन्धक)
श्री कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय इण्टर कालेज, वाराणसी।

किराये पर चाहिए

लंका क्षेत्र में किराये के लिए दुकान व गोदाम जिस किसी व्यक्ति के पास हो सम्पर्क करें **राकेश कुमार, लंका वाराणसी मो.न.-7408007733**

सार्वजनिक सूचना
मूल विक्रय पत्र गुम होने एवं प्रस्तावित बंधक के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा मवैया, वार्ड सारनाथ, परगना शिवपुर, तहसील सदर, जिला वाराणसी स्थित प्लॉट संख्या 18, क्षेत्रफल 2560 वर्गफुट, जिस पर मकान संख्या SA-15/144-18 निर्मित है, से संबंधित रेलवे मेन सहकारी गृह निर्माण समिति द्वारा श्री कैलाश सिंह पुत्र स्व. बलिराम सिंह के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रयपत्र दिनांक 05-03-1987, पंजीकृत कार्यालय उपनिबंधक सदर, वाराणसी, बही संख्या 1, जिल्द 6399, पृष्ठ 162-164, दस्तावेज़ संख्या 434, गुम हो गया है। वर्तमान स्वामिनी श्रीमती बबिता सिंह पत्नी श्री अशोक कुमार सिंह ने उक्त संपत्ति पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 31-03-2015, दस्तावेज़ संख्या 2145 द्वारा क्रय की है तथा इसे इंडियन बैंक, पाण्डेयपुर शाखा, वाराणसी के पक्ष में बंधक रखना प्रस्तावित है।किसी व्यक्ति अथवा संस्था के पास उक्त मूल विक्रयपत्र हो या संपति पर कोई अधिकार, दावा, बंधक अथवा आपत्ति हो, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर साक्ष्य सहित लिखित सूचना शाखा प्रबंधक, इंडियन बैंक, पाण्डेयपुर शाखा, वाराणसी को प्रस्तुत करें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर बैंक उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर बंधक संबंधी अग्रिम कार्यवाही करेगा।

नगर निगम, वाराणसी

ई-निविदा सूचना संख्या-563/मु.अभि./2026-27   दिनांक-05.10.2026

निविदा सूचना संख्या-69/2026-27

कृपया सामान्य अभियंत्रण विभाग, द्वारा कार्यो की निविदा ई-निविदा आमंत्रित की जानी है। कार्य का विवरण नगर निगम, वाराणसी की वेबसाइट www.nnvns.org.in पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य की निविदा www.etender.up.nic.in पर सबमिट की जायेगी। कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते निम्नवत है-

निविदा प्रकाशन वेबसाईट पर तिथि/समय	दिनांक 06.10.2026 12.00 बजे से
निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 06.10.2026 12.00 बजे से
निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 06.10.2026 12.00 बजे से
निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 21.10.2026 16.00 बजे तक
निविदा खोलेने की तिथि/समय	दिनांक 21.10.2026 16.30 बजे से

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, वाराणसी

पत्रांक-175/मी.प्र.वि./2026-27   दिनांक-06.10.2026

जगतपुर पी.जी. कालेज, जगतपुर, वाराणसी

अल्पकालिक निविदा

जगतपुर पी.जी. कालेज, जगतपुर, वाराणसी में उत्तर एवं पूर्व दिशा में चहारद. ीवारी निर्माण कार्य, प्रबन्ध समिति कक्ष के निर्माण, 20 कम्प्यूटर, 10 किलो वॉट यू०पी०एस० बैटरी, सेल्फ स्टार्ट जनरेटर खरीदने, डिजिटल लाईब्रेरी बनाने, 04 वाटर कूलर खरीदने एवं पुस्तकालय के बगल में जर्जर पड़े भवन को तोड़ने एवं श्रेयसी पत्रिका के संयुक्तांक प्रकाशन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य के लिये निविदा प्रपत्र प्राचार्य कार्यालय, जगतपुर पी0जी0 कालेज, जगतपुर, वाराणसी से / वेबसाईट से प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक फर्म विज्ञापन के 15 दिन के भीतर अपना निविदा रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट / कोरियर के माध्यम से महाविद्यालय के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिये। कोई भी निविदा व्यक्ति / बाई हैण्ड स्वीकार नहीं की जायेगी। समस्त निविदायें नियमानुसार क्रय समिति के समक्ष दिनांक: 24.10.2026 को खोली जायेंगी। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा । इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। कार्य का विस्तृत विवरण महाविद्यालय के वेबसाईट www.jppgc.ac.in पर उपलब्ध करा दिया जायेगा ।

प्रबन्धक   प्राचार्य

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 1, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

निविदा सूचना क्रमांक. 06/व.ले.लि./2026-27   दिनांक 05.10.2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
ई मेल- **eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
(तृतीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 22.10.2026 (17.30 बजे)तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

सं. क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	200581	कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्र.-1 अम्बिकापुर कार्यालय का जीर्णोद्वार कार्य।	रू. 378.35 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.10.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate. gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, क्र. 1 अम्बिकापुर (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

जी-262703781/10
दिनांक-06.10.2026

कार्यालय नगर पालिका परिषद गाजीपुर

पत्रांक-605/23-ई-निविदा सूचना/न.पा.परि.गा./2026-27   दिनांक-06.10.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विनियमित क्षेत्र में अवस्थापना विकास निधि (कार्पस) के अन्तर्गत गुरूकृपा मैरेज हॉल से रेलवे स्टेशन तिराहा तक नाली टू-नाली सी.सी. सड़क व आर.सी. सी. नाला निर्माण कार्य हेतु आनलाईन ई-निविदा सूचना https://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा की अन्य शर्ते वेबसाईट/पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा समय सारणी https://etender.up.nic.in पर

1. ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निविदा प्रदर्शित होने की तिथि व समय	दिनांक-07.10.2026 को प्रातः 09.00 बजे से
2. निविदा आनलाईन सबमिशन की अवधि	दिनांक-07.10.2026 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक-13.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक
3. मूल प्रतियों सहित बिड लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करने की तिथि व समय	दिनांक-14.10.2026 को सायं 05.00 बजे तक
4. तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय	दिनांक-15.10.2026 को अपरान्हः 12.00 बजे से
5. वित्तीय बिड खोलने की तिथि व समय	तकनीकी बिड खोलने के पश्चात तत्काल तिथि व समय निश्चित करते हुए खोला जाएगा।

(डा.धीरेन्द्र कुमार राय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

(सरिता अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गाजीपुर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail: eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं0 1631 /ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/2026.27   दिनांक- 26.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र. स.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशाषी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
विधान सभा शाहगंज वि0नि0 योजना के 02 कार्य (2026-27)									
01	जौनपुर	विकासखण्ड सुइथाकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुमकहा में मेन खड़न्जे से उमाशंकर सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 225 मी०	8.89	0.17775	300+500 +144= 944	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकासखण्ड खुटहन अन्तर्गत ग्राम पंचायत खालसपट्टी में मेन इण्टरलाकिंग से राजेन्द्र सिंह के घर होते हुए दुर्गा माता मन्दिर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य 200 मी०	8.60	0.17203	300+500 +144= 944	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

03. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
04. वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन8देखे जा सकते हैं।
05. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर 22-10-2026 से 07-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेगें। ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से आन लाइन अपलोड कर दी जाये एवं आनलाइन प्राप्त समस्त बिडें दिनांक 07-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेंगी।
06. निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमान्ड ड्राफ्ट अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जौनपुर के पक्ष में देय होगी।
07. निविदा मूल्य एवं धनरोहर धनराशि Internet Banking द्वारा किया जाएगा, जिसका पता बेवसाइट पर उपलब्ध है। (in case of e-tendering)
08. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

eeredjaunpur@gmail.com
Mob. 9801208240

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की तरफ से)

उ.प्र.-257493
दिनांक-05.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांकः- 4947/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26-27   दिनांकः- 28/09/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)
राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक-12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-22.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-22.10.2026 अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-22.10.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।-

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 करोड़ में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	गाजीपुर	जनपद गाजीपुर में मरदह महार पृथ्वीपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्षीय अनुरक्षण सहित)	15.90	30.00	10 माह	5590	निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गाजीपुर	जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0, वाराणसी

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डावयूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-16/2020/ए-1-10शा0स0/दस-2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0-9/4/2020-पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गाजीपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि.,
जौनपुर

उ.प्र.:- 257499,दिनांक:- 05.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय-जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजीपुर

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या-09/2026-27

एतद्द्वारा जिला नगरीय विकास अभिकरण गाजीपुर के द्वारा श्रेणी ABC के समस्त ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि ''मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलीन बस्ती" योजना-2026-27 के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए ई-निविदा दिनांक- 07/10/2026 को प्रात: 10.00 बजे से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्ते उक्त वेबसाइट http://etender.up.nic.in पद पर दिनांक- 08/10/2026 को प्रात: 10:00 बजे से दिनांक- 29/10/2026 तक सायं 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जहा से इन्हे इच्छुक ठेकेदार डाउनलोड कर सकते है तथा दिनांक- 29/10/2026 को सायं 5.00 बजे तक http://etender.up.nic.in पर आन लाइन अपनी निविदा दर / दरें डाल सकते है। निविदा के साथ अनुमानित धनराशि पर धरोहर के रूप में एफ०डी०आर० / एन०एस०सी०/ के0बी0पी (जो परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) गाजीपुर के पक्ष में बन्धक होगा) डी०डी० जो परियोजना निदेशक, जिला नगरीय गरीबी उन्मूलन निधि, डूडा गाजीपुर के नाम से खोला गया है। निविदा की शर्तों में उल्लिखित समस्त प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति स्व:प्रमाणित कर दिनांक-30/10/ 2026 को साय 5.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में डूडा कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाल सकते है। तदउपरान्त प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति के द्वारा दिनांक- 30/10/2026 को अपराहन 12.00 बजे खोले जायेगें। उक्त तिथि को ही आन-लाईन के माध्यम से डाली गयी निविदाएं खोली जायेगी। किसी एक या सम्पूर्ण निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा, कार्य का विवरण, बिल आफ क्वान्टीटी, नियम व शर्ते, अनुबन्ध की शर्ते एवं नोटरी शपथ पत्र का प्रारूप उक्त बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड है। किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।
अत: डूडा, गाजीपुर में निर्माण / विकास कार्यों हेतु समस्त इच्छुक ठेकेदार / फर्म अपनी-अपनी ई-निविदा उक्त बेवसाइट पर अपलोड कर सकते है ।

क्र.सं.	विवरण	
1	बेवसाइड का नाम	http://etender.up.nic.in
2	निविदा अपलोड करने की तिथि	दिनांक-07/10/2026 तक
3	ठेकेदार/ फर्म द्वारा निविदा डाउनलोड करने की अवधि	दिनांक-08/10/2026 से 29/10/2026 सायं 05:00 बजे तक।
4	निविदा समिति द्वारा निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 30/10/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से
5	निविदा समिति द्वारा निविदा खोलने का स्थान	डूडा कार्यालय गाजीपुर

परियोजना अधिकारी
डूडा, गाजीपुर

परियोजना निदेशक,
डूडा, गाजीपुर

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
डूडा, गाजीपुर

संख्या-1038/परि.अधि. डूडा / 2026-27 दिनांक 06/10/2026

इंडिया कार्पेट एक्सपो को वैश्विक खरीदारों से मिली प्रतिक्रिया

२१२ से अधिक विदेशी खरीदारों और २३१ बाइंग रिप्रेजेंटेटिव्स ने किया एक्सपो का दौरा



भदोही। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित, हस्तनिर्मित कालीन एवं अन्य फ्लोर कवरिंग्स को विशेष रूप से समर्पित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले इंडिया कार्पेट एक्सपो के गोल्डन जुबली 50वें संस्करण का आयोजन पांचवीं बार भदोही में किया जा रहा है। इस एक्सपो को वैश्विक कालीन खरीदार समुदाय से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। एक्सपो के पहले तीन दिनों के दौरान विश्वभर से लगभग 212 विदेशी खरीदारों एवं 231 बाइंग रिप्रेजेंटेटिव्स ने एक्सपो का दौरा किया। इस ऐतिहासिक 50वें संस्करण में हस्तनिर्मित कालीन एवं फ्लोर कवरिंग्स के नए संग्रह की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप आकार, डिजाइन, रंग, गुणवत्ता तथा समकालीन रुझानों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इन नवीन संग्रहों एवं विविध उत्पाद श्रृंखला ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के बीच काफी रुचि उत्पन्न की है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका तथा विभिन्न यूरोपीय देशों सहित अन्य प्रमुख वैश्विक बाजारों के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी खरीदारों ने एक्सपो का दौरा किया और प्रदर्शित हस्तनिर्मित कालीनों एवं फ्लोर कवरिंग्स की व्यापक विविधता की सराहना की। खरीदारों ने गोल्डन जुबली संस्करण के लिए आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की भी प्रशंसा की। भारतीय हस्तनिर्मित कालीन निर्यातकों की क्षमताओं, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बाजार तक पहुंच को बढ़ाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो के दौरान वालमार्ट वृद्धि के सहयोग से एक विशेष ज्ञान-साझाकरण सत्र का आयोजन किया। सत्र के दौरान श्री आदित्य वर्मा, एसोसिएट डायरेक्टर ने सदस्यों को पहल के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न लाभों, कार्यक्रमों एवं अवसरों की जानकारी दी। इस सहयोग से निर्यातकों एवं उद्यमियों को अपनी व्यावसायिक क्षमताओं को बढ़ाने, समकालीन व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अपनाने तथा भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्यमों को वैश्विक बाजारों की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायता की बात की। सम्मान समारोह का आयोजन हाई-टी के दौरान कैप्टन मुकेश कुमार गोम्बर, अध्यक्ष असलम महबूब, उपाध्यक् सदस्य वासिफ अंसारी, अनिल कुमार सिंह, इम्तियाज अहमद रोहित गुप्ता तथा डॉ. स्मिता नागरकोटी, कार्यकारी निदेशक की उपस्थिति में किया गया। पूर्व सदस्यों उमेश कुमार गुप्ता, ओंकार नाथ मिश्रा, इश्तियाक अहमद खान, भरत लाल मौर्य, घनश्याम शुक्ला, अशफाक अहमद अंसारी, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा आदि को काउंसिल एवं उद्योग के प्रति उनकी समर्पित सेवाओं एवं योगदान के लिए ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जनसुनवाई में एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई कर विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि प्रत्येक फरियादी को त्वरित पुलिस सहायता और न्यायोचित कार्रवाई मिलनी चाहिए। इसी क्रम में जिले के सभी थानों पर भी जनसुनवाई आयोजित की गई। थाना प्रभारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण की कार्रवाई की। एसपी ने अधिकारियों को जनसामान्य की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया।

फांसी लगाकर युवती ने दी जान

चौरी। थाना क्षेत्र के लठियां गांव स्थित चौहान बस्ती में मंगलवार को अपरान्ह के समय एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि लठियां निवासी जय सिंह चौहान की 18 वर्षीय पुत्री आंचल मंगलवार को दोपहर में कमरे में पंखे के सहारे गले में साड़ी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिजन घर के अंदर कमरे में गए जहां युवती के शव को पंखे उतार कर उसे ममहर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्रा मय हमराही मौके पर पहुंचे। जहां घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। संदिग्ध परिस्थिति में युवती की मौत के चलते गांव में तरह तरह चर्चाएं हो रही है। फिलहाल मामला चाहे जो भी हो अब तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही खुलासा होगा।

निर्वाचन तैयारियों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश

ज्ञानपुर वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर शैलेष कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को एनआईसी सभागार में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में निर्वाचन कार्य के लिए अधिकारियों और कार्मिकों की तैनाती, प्रशिक्षण, वाहनों की व्यवस्था, स्टेशनरी, आवश्यक प्रपत्रों की छपाई और मतदान केंद्रों की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं मुख्य विकास अधिकारी को कार्मिकों की नियुक्ति प्रक्रिया समय से पूरी करने को कहा। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी, बीएसए और डीआईओएस को प्रशिक्षण सामग्री तैयार कर आयोग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। एआरटीओ एवं प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्वाचन के लिए आवश्यक वाहनों का आकलन कर समय से अधिग्रहण कराने और ईंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। स्टेशनरी प्रभारी को निर्वाचन सामग्री के पैकेट तैयार कराने तथा आवश्यक प्रपत्रों की छपाई निर्धारित समय-सीमा में पूरी कराने के निर्देश दिए।

६५ महिलाओं को जीवन कौशल का प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता पर जोर

भदोही। सांडा गांव स्थित पंचायत भवन में मंगलवार को वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज एवं मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सुरियावां ब्लॉक के विभिन्न गांवों की 65 महिलाओं को जीवन कौशल से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पहले से आजीविका से जुड़ी 10 गांवों की 50 महिलाओं के साथ पांच नए गांवों की 15 महिलाओं को नई आजीविका शुरू करने के लिए चयनित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने और दैनिक जीवन में आने वाली परिस्थितियों का बेहतर ढंग से सामना करने के बारे में जानकारी दी गई। वेल्सपन परियोजना के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर उमाशंकर ने कहा कि प्रत्येक महिला में जीवन जीने की कला के साथ सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास होना जरूरी है। महिलाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। प्रशिक्षक रीता सिंह ने महिलाओं को जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के साथ उनके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना भी जरूरी है।

महिलाओं, बालिकाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

मिशन शक्ति अभियान में हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत मंगलवार को भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में थाना पुलिस ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक किया। अभियान में महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार और अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। महिलाओं को 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और 1076 की जानकारी दी गई। पुलिस ने एप के उपयोग के साथ फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल और ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके बताए। इसके अलावा पॉक्सो एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं से किसी भी असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

सरायक्षत्रशाह में १०० खातों की चकबंदी सुनवाई



कस्तूरीपुर। सुरियावां विकासखंड के सरायक्षत्रशाह गांव स्थित पंचायत भवन में चकबंदी संबंधी मामलों की सुनवाई हुई। चकबंदी अधिकारी राजकुमार वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार दुबे उर्फ मुन्ना ने बताया कि एक से 100 तक के खाता संख्या वाले मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी धीरेंद्र सान्याल, चकबंदी लेखपाल अशोक सिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहे। चकबंदी लेखपाल ने बताया कि शेष खातों की सुनवाई अगली तिथि पर की जाएगी। इसकी तिथि बाद में निर्धारित कर ग्रामीणों को सूचित किया जाएगा।

बीट आरक्षियों को सक्रिय रहने के निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में सर्किल क्षेत्र के गोपीगंज, कोईरौना और ऊंज थानों के बीट आरक्षियों की समीक्षा की। उन्होंने बीट आरक्षियों को यक्ष एप का प्रभावी संचालन करने, लापता और गुमशुदा लोगों की तलाश में सक्रियता बरतने तथा अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। महत्वपूर्ण बीट सूचनाओं को नियमित रूप से संकलित करने पर भी जोर दिया गया। सीओ ने आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व को देखते हुए क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

तालाब के मलबे में धंसने से बालिका की मौत

सुरियावां नगर पंचायत सुरियावां के वार्ड नंबर दो मलेपुर में मंगलवार दोपहर तालाब में भरे मलबे में धंसने से नौ वर्षीय बालिका की मौत हो गई। हादसे



के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव का अंतिम संस्कार कराने रामपुर ले गए। मलेपुर निवासी इंदल सरोज की नौ वर्षीय पुत्री अनंती दोपहर करीब एक बजे तालाब के पास गई थी। बताया गया कि नगर पंचायत की ओर से तालाब में कबाड़ और मलबा डाला गया था। आसपास के बच्चे अक्सर कबाड़ में खाली बोतलें बीनकर उन्हें बेचते हैं। इसी क्रम में अनंती भी खाली बोतलें तलाशने लगी। कबाड़ के नीचे दलदल होने के कारण वह उसमें धंस गई। कुछ देर तक बालिका के दिखाई नहीं देने पर आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। कबाड़ में बोरी आदि दिखाई देने पर अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद जेसीबी की मदद से मलबा हटाकर बालिका को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तालाब की सफाई कराने के बजाय उसमें कबाड़ और मलबा डाला जा रहा था, जिससे

कबाड़ में बोतल बीनने गयी थी अनंती, दलदल में फंसने से गयी जान

दलदल की स्थिति बन गई। उनका कहना है कि यदि तालाब की सफाई कराई जाती तो हादसा नहीं होता। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दिए जाने की भी बात सामने आई है। अनंती तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उसके पिता बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर बताई गई है। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

ईवीएम, वीवीपैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

ज्ञानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और रख-रखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने वेयरहाउस में लगे अग्निशमन यंत्रों की वैधता अवधि की जांच की और सभी उपकरणों को निर्धारित मानकों के अनुरूप क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी परखी और निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम/वीवीपैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी



प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था और संबंधित अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला, उप निदेशक कृषि, चकबंदी अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय, जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मौसम को लेकर जिलाधिकारी ने किया सावधान

भदोही। मौसम विभाग ने जिले में आगामी तीन दिनों के दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने लोगों से खराब मौसम में खुले स्थानों, पेड़ों, बिजली के खंभों और जर्जर भवनों से दूर रहने की अपील की है। वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहने तथा मौसम विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। अधिकारियों को मौसम पर लगातार नजर रखने और जरूरत पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

शांतिभंग की आशंका में २२ गिरफ्तार

ज्ञानपुर। जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर 22 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। भदोही पुलिस ने कंसारायपुर से तीन और कस्बा भदोही से दो लोगों को गिरफ्तार किया। गोपीगंज पुलिस ने इब्राहिमपुर से दो और भवसिंहपुर से दो लोगों को पकड़ा। ऊंज पुलिस ने मीनापुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। औराई पुलिस ने कोठरा से तीन, खमरियां से चार और बभनौटी से चार लोगों को गिरफ्तार किया। कोईरौना पुलिस ने डीघ से एक तथा चौरी पुलिस ने कस्बा चौरी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई।

बीट आरक्षियों को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा ने पुलिस कार्यालय में ज्ञानपुर सर्किल के गोपीगंज, कोईरौना और ऊंज थानों के बीट आरक्षियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीट व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी ने बीट आरक्षियों को यक्ष ऐप का प्रभावी संचालन करने, लापता व गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश, अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटरों का भौतिक सत्यापन तथा महत्वपूर्ण बीट सूचनाओं का संकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी नवरात्रि और दशहरा पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में लगातार सक्रिय एवं सतर्क रहने तथा शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया।

गोवंश के साथ अंतरराज्यीय गो-तस्कर गिरफ्तार

चौरी। एसपी अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत चौरी पुलिस टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गो-तस्करी में लिप्त एक अंतर्राज्यीय शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। एएसपी शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आज थाना चौरी पुलिस ने अभियुक्त राहुल गोड़ पुत्र रामायन गोड़, निवासी कुन्ज, थाना भभुआ, जनपद कैमूर (बिहार) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक बोलेरो पिकअप बरामद की, जिसमें क्रूरतापूर्वक बांधकर लादे गए कुल 7 गोवंश थे। इनमें 5 गाय व एक बैल जीवित तथा एक बैल मृत ?अवस्था में मिला। इस संबंध में थाना चौरी पर धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता, धारा 3/5ए/8 गो-हत्या निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय चालान किया गया।



पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथी के साथ हाईवे किनारे से छुट्टा पशुओं को पकड़ता था और पिकअप में लादकर वध के लिए बिहार के रास्ते पंडुआ (पश्चिम बंगाल) ले जा रहा था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नथुनी सिंह, उपनिरीक्षक बाबूराम यादव, हेड कांस्टेबिल छत्तीस चौहान, कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल बृजेश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

छह फीट में सिमटा रेलवे फाटक का रास्ता

सुरियावां। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी तरफ स्थित 42सी रेलवे फाटक पर रास्ता संकरा होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फाटक बंद होने के दौरान दोनों तरफ वाहनों और राहगीरों की भीड़ लग जाती है। नागरिकों का कहना है कि करीब 30 फीट चौड़ा रास्ता अब सिकुड़कर महज छह से सात फीट रह गया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। यह मार्ग सुरियावां मुख्य बाजार और नगर पंचायत क्षेत्र से होते हुए फोरलेन सड़क से जुड़ता है। इसी रास्ते से विंध्याचल, जिला मुख्यालय ज्ञानपुर, हंडिया, प्रयागराज सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों का आवागमन होता है। मीरगंज, जौनपुर के जरौना, अभिया, कटवार, मछलीशहर आदि क्षेत्रों से आने वाले लोग भी बाजार पहुंचने के लिए इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। नागरिकों के मुताबिक रास्ता इतना संकरा हो गया है कि टोटो या अन्य वाहन आने पर दोनों ओर से आवागमन मुश्किल हो जाता है।

बाइक से गिरकर पेश इमाम, पत्नी और बेटी घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के पर्वतपुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर बाइक का संतुलन बिगड़ने से पेश इमाम समेत उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिर्जापुर जिले के चुनार निवासी पेश इमाम वसीम रजा (30) परिवार के साथ अमवा जा रहे थे। पर्वतपुर के पास मस्जिद के समीप बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिर गए। हादसे में वसीम रजा के साथ उनकी पत्नी अंजुमन फातिमा (28) और पुत्री साजिमा (13) घायल हो गईं।

भरत मिलाप, विजयदशमी की तैयारी को लेकर नव युवक दल की बैठक

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के अंजही मोहाल स्थित उदासीन अखाड़ा परिसर में नव युवक दल की बैठक हुई, जिसमें विजयदशमी एवं भरत मिलाप की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में नगर की रोशनी, व्यवस्था एवं आयोजन को सकुशल संपन्न कराने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। नगर वासियों के सहयोग एवं सहभागिता से विजयदशमी एवं भरत मिलाप का आयोजन शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया गया। बैठक में नव युवक दल के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल 'टुनटुन', व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल सहित कड़े दिन जायसवाल, शिवशंकर गुप्ता, संजय प्रताप सिंह 'बउ', रितेश जायसवाल, आशीष जायसवाल, राजू उमर, बीनू उमर एवं अन्य उपस्थित रहे।

शांतिभंग की आशंका में २३ गिरफ्तार, ३३८ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 23 लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। पुलिस के अनुसार भदोही थाना क्षेत्र से पांच, गोपीगंज से चार, ऊंज से एक, औराई से 11, कोईरौना से एक तथा चौरी थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं, यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 338 वाहनों का चालान किया। इनमें 220 दोपहिया और 118 चारपहिया वाहन शामिल हैं। चालान के माध्यम से कुल चार लाख 52 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए सात से आनलाइन आवेदन

ज्ञानपुर। दशहरा पर्व के अवसर पर राज्य सरकार ने किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान का दूसरी बार लाभ लेने का अवसर दिया है। कृषि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्रों सहित अन्य कृषि यंत्र एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान दिया जाएगा। कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन बुकिंग सात अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, जो 20 अक्तूबर तक चलेगी। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर यंत्र अनुदान लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यंत्रों का विवरण, बुकिंग तथा अनुदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

स्वर्णकार समाज ने मनायी आदि पुरुष की जयंती

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के बाबा बड़े शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को स्वर्णकार समाज संघ गोपीगंज द्वारा सोनार समाज के आदि पुरुष श्री अजमीढ़ देव जी महाराज की जयंती मनाई गई,इस मौके पर जुटे समाज के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। समाज के महासचिव अरुण सोनी ने कहा कि समाज के लोग अपने-अपने घरों में समाज के महापुरुषों का चित्र लगवाकर आज की युवा पीढ़ी को उनके मार्गदर्शन पर चलने की सीख दें। बैठक में प्रमुख रूप से वीरेंद्र सोनी,सूरज सोनी,अमित सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

इलाज के दौरान बच्ची की मौत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के नगर में रिश्तेदारी में आई पांच वर्षीय बच्ची की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जौनपुर जिले के मीरगंज-जंघई निवासी श्याम गुप्ता परिवार के साथ गोपीगंज स्थित रिश्तेदारी में आए थे। इसी दौरान उनकी पांच वर्षीय पुत्री अनन्या गुप्ता की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले गए। यहां उपचार के दौरान बच्ची की हालत बिगड़ गई और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजन बच्ची को लेकर घर चले गए।

सुघवै मोड़ पर ब्रेकर लगाने की मांग

ऊंज। सुरियावां-वहीदा मार्ग से जुड़े सुघवै गांव के टर्निंग मोड़ पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता है। ग्रामीणों ने मोड़ पर ब्रेकर लगवाने और दुर्घटना संभावित स्थल को चिह्नित कर सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग जिला प्रशासन से की है। ग्रामीणों के अनुसार सुभाषनगर की ओर से आने वाले और वहीदा की ओर जाने वाले वाहन इस मोड़ पर अचानक आमने-सामने आ जाते हैं।

कस्तूरीपुर चौराहे पर बिजली खंभा-ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

कस्तूरीपुर। सुरियावां विकासखंड के कस्तूरीपुर चौराहे से बाजार तक बिजली का खंभा और ट्रांसफार्मर नहीं होने से बाजारवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जर्जर पोल से तार खींचकर कनेक्शन दिए गए हैं। आए दिन तार टूटने से दो-तीन दिन तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। संतोष मोदनवाल, विजय यादव, अशोक मोदनवाल, कन्हैया यादव, रोहिल यादव और रामधन यादव आदि ने विद्युत विभाग से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।

मुकुट पूजन के साथ १७ दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज नगर की प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला का मंगलवार को पारंपरिक विधि-विधान के साथ मुकुट पूजन कर शुभारंभ किया गया। रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर आयोजित होने वाली यह 17 दिवसीय रामलीला बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में रामलीला मैदान गोपीगंज में आयोजित की जा रही है। मुकुट पूजन के साथ ही रामलीला को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बन गया है। रामलीला के शुभारंभ अवसर पर मेला संचालक अखिलेन्द्र सिंह बघेल ने विधि-विधान से मुकुट पूजन किया। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों एवं कलाकारों ने भगवान श्रीराम की आराधना कर सफल आयोजन की कामना की। परंपरागत रूप से आयोजित होने वाली इस रामलीला में आगामी 17 दिनों तक भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा। समिति के अनुसार बुधवार को शाम पांच बजे से श्रीराम जन्म की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद



क्रमवार श्रीराम की बाल लीलाओं, वनगमन, सीता हरण, सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, सेतु निर्माण, रावण वध सहित रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। मुकुट पूजन के अवसर पर रामलीला व्यास शेषधर पाठक, राजकुमार पाठक, उमेश सिंह बघेल,कृष्ण कांत दुबे उर्फ नरौरी गुरु,कृष्ण कुमार खटाई, मुकेश अग्रवाल, नवीन मिश्रा,कोमल मोदनवाल सभासद, डॉ. रमेश चंद्र पाठक, दामोदर अग्रहरि, गोपाल अग्रहरि, संतोष सिंह प्रधान,संजय

राजेश पांडेय बने रामलीला समिति सौनैचा के अध्यक्ष

ऊंज। क्षेत्र के सौनैचा-केवलपुर में रामलीला समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से राजेश पांडेय को रामलीला समिति का अध्यक्ष चुना गया। प्रवेश कुमार पांडेय को उपाध्यक्ष, कृपाशंकर पांडेय को कोषाध्यक्ष और पवन कुमार पांडेय को डायरेक्टर की जिम्मेदारी दी गई। वहीं कमेटी संचालन की जिम्मेदारी महाबली तिवारी को सौंपी गई। बैठक में रामलीला आयोजन को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति की ओर से पुलिस अधीक्षक से रामलीला आयोजन के दौरान महिला पुलिस बल की तैनाती की मांग भी की गई। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की जरूरत है। इसकी जानकारी संजय पांडेय ने दी।

सुघवै में कुश्ती दंगल, राणा पहलवान ने मारी बाजी

ऊंज। क्षेत्र के सुघवै गांव में सोमवार को कुश्ती दंगल मेले का आयोजन हुआ। इसमें भदोही समेत आसपास के कई जिलों से पहुंचे पहलवानों ने दांव-पेंच आजमाए। भदोही के राणा पहलवान और वाराणसी के रंजीत पहलवान के बीच हुए मुकाबले में राणा पहलवान विजेता रहे। इसी तरह मुख्तार चौर और मुबारक दुर्गागंज के बीच मुकाबले में मुख्तार ने जीत दर्ज की। भदोही के राजू पहलवान और प्रयागराज के बाल गोविंद के बीच हुए मुकाबले में बाल गोविंद विजेता रहे। पहलवानों के शानदार प्रदर्शन पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंजता रहा। दंगल के साथ मेले का भी आयोजन किया गया था। क्षेत्रीय लोगों ने फुल्की, चाट, जलेबी, गुझिया, फल और खिलौनों की जमकर खरीदारी की। गांव के विशिष्टजन बारी-बारी से पहलवानों को इनाम देने की घोषणा करते रहे। इस दौरान डॉ. रोहित सिंह, संजय पाल, प्रवीण मिश्रा, सूरज मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, प्रद्युम्न मौर्य, अवध लाल मिश्र समेत अन्य मौजूद रहे।

कजरी मुकाबला आज

ऊंज, संवाददाता। क्षेत्र के होलईपुर बगीचा में बुधवार को कजरी मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। माता सेवक इंटर कॉलेज बैरीबीसा के पास होने वाले कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से कजरी का मुकाबला शुरू होगा। आयोजक के अनुसार मुकाबले में घनश्यामपुर के सुशील और सीतामढ़ी की रिंकी के बीच कजरी गायन की टक्कर होगी। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में लोगों में उत्साह है। यह जानकारी रविशंकर गौतम ने दी।

शिलांग पर्यटन कान्क्लेव में चार ट्राफी हासिल कर बढ़ाया जनपद का मान

महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों ने मेघालय के शिलांग में

उपलब्धि

विपुल, विशाल, राज, सर्वेश, चंदू कुमार, वैभव, चंद्रशेखर, अविनाश की प्रतिभा



आयोजित शिलांग पर्यटन कॉन्क्लेव-2026 में चार ट्रॉफी हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है। एक से चार अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतिष्ठित पर्यटन कॉन्क्लेव में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें विवि के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान तथा एक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं विभाग के शिक्षक डॉ. हिमांशु शेखर की देखरेख की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पर्यटन, प्रौद्योगिकी, सतत विकास, डिजिटल स्टोरीटेलिंग एवं पर्यटन नीति जैसे समकालीन विषयों पर अपनी रचनात्मकता और अकादमिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रथम सेमेस्टर के विपुल गुप्ता, विशाल चौहान, राज पटवा, सर्वेश मौर्य, चंदू

राष्ट्रीय फलक पर विवि का गौरव बढ़ाने के लिए वाइसचांसलर ने पूरी टीम को दी बधाई

कुमार झा, वैभव राय एवं चंद्रशेखर गुप्ता शामिल रहे और तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अविनाश सिंह ने भी प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच विवि के विद्यार्थियों द्वारा लगातार शीर्ष स्थान प्राप्त करना उनके अकादमिक ज्ञान, नवाचार क्षमता, रचनात्मक सोच एवं व्यावहारिक पर्यटन कौशल को दर्शाता है। विशेष रूप से पर्यटन नवाचार और सतत पर्यटन जैसे विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करना यह दर्शाता है कि विभाग के विद्यार्थी बदलते पर्यटन उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर रहे हैं। कुलपति ने पर्यटन विभाग के प्राध्यापकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक, पर्यटन, नवाचार एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए छात्रों को सदैव प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। शिलांग में विद्यार्थियों की यह उपलब्धि भी उसी निरंतर प्रोत्साहन और संस्थागत सहयोग का परिणाम है। विभाग के प्रभारी डॉ. हिमांशु शेखर ने इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया।

नहर में डूबने से व्यक्ति की मौत

अतरौलिया। थाना क्षेत्र के पहिया भदेवा गांव निवासी 52 वर्षीय ओमप्रकाश सिंह उर्फ डब्लू

अतरौलिया क्षेत्र के भदेवा मझौली के पास हुई घटना, परिवार में कोहराम



की सोमवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबने से मौत हो गई। प्राथमिक विद्यालय भदेवा मझौली के पास नहर में उनका शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जांच और पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ओमप्रकाश सिंह पुत्र स्व. शीतला प्रसाद सिंह सोमवार को किसी काम से बाजार गए थे। उनके चाचा अशोक सिंह के मुताबिक शाम को मदियापार बाजार से घर लौटते समय प्राथमिक विद्यालय भदेवा मझौली के पास वह शौच करने के लिए रुके। अनुमान है कि शौच के बाद पानी के लिए जाते समय पैर फिसलने से डूब गए। रात करीब 8.30 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान नहर में ओमप्रकाश का शव पड़ा मिला। परिजन उन्हें बचा लेने की उम्मीद में तत्काल अतरौलिया स्थित 100 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ओमप्रकाश खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी कनकलता, 27 वर्षीय पुत्र प्रशांत सिंह और दो विवाहित पुत्रियां हैं। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी कनकलता का रो-रोकर बुरा हाल था। चाचा अशोक सिंह ने अतरौलिया थाने में तहरीर देकर घटना की जांच कराने और शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की।

ननिहाल के लिए किशोर और सत्संग को निकले वृद्ध को हादसे ने लीला

बलरामपुर, आजमगढ़। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में घायल छात्र समेत दो लोगों की

मुबारकपुर और पवई थाना क्षेत्रों में घटना के बाद दो परिवारों में कोहराम

अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसों के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवा गांव निवासी 15 वर्षीय सत्यम राजभर दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। वह क्षेत्र के एक विद्यालय में कक्षा आठ का छात्र था। 18 जून को वह साइकिल से ननिहाल मां को लेने जा रहा था। लंगड़पुर के पास पहुंचने पर पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे शहर के ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे थे। सोमवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वहीं, पवई थाना क्षेत्र के ओरिल गांव निवासी 65 वर्षीय मुन्नीलाल मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार को वह साइकिल से खुरचंदा गांव में सत्संग सुनने जा रहे थे। शंभूडीह बलुआ के पास पीछे से आए बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मुन्नीलाल को परिजन बलरामपुर स्थित दानिश अस्पताल ले गए, जहां सोमवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

गैंगस्टर एक्ट में फरार आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

बिलरियागंज, आजमगढ़। थाना बिलरियागंज पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट की विवेचना प्रभारी निरीक्षक द्वारा की जा रही है। अभियोग से संबंधित गोरख प्रसाद गौड़ उर्फ गौरव पुत्र वीरेन्द्र गौड़ उर्फ नागेन्द्र निवासी राजेन्द्र नगर (कान्दू टोला) लगातार फरार चल रहा है। वह न तो पुलिस के समक्ष उपस्थित हो रहा है और न ही न्यायालय में उपस्थित हुआ। गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु गैंगस्टर न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट एवं 82 सीआरपीसी/84 बीएनएस के आदेश जारी किए गए। आदेश के अनुपालन में मंगलवार को पुलिस द्वारा आरोपी के घर एवं मोहल्ले में नियमानुसार मुनादी कराई गई तथा परिजनों/स्थानीयलोगों को अवगत कराया गया कि यदि आरोपी 18 अक्टूबर तक न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

मेडिकल कालेज में सेवा संकल्प अभियान के यात्रियों की जांची सेहत

आजमगढ़। वडनगर (गुजरात) से वाराणसी तक निकली सेवा संकल्प अभियान की यात्रा मंगलवार को

परिसर में पौधरोपण के बाद संस्थान में भर्ती मरीजों को बांटे गये फल



राजकीय मेडिकल कालेज व सुपर फैसिलिटी अस्पताल पहुंची। यहां यात्रियों का स्वागत करने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण, पौधारोपण और मरीजों को फल वितरण कर सेवा का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह के निर्देशन में आयोजित चिकित्सा शिविर में करीब 50 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। उप प्रधानाचार्या डा. मनीषा उपाध्याय, डा. इशरत अली अंसारी के साथ अस्थि रोग विभागाध्यक्ष डा. नितिन सिंह, मेडिसिन विभाग के डा. उदय प्रभाकर मिश्रा, चर्म रोग विभाग की डा. रुचिका त्रिपाठी, डा. पंकज चौधरी, दीपक सिंह और जियालाल यादव ने यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण में सहयोग किया। इसके बाद अभियान में शामिल यात्रियों ने मेडिकल कालेज परिसर में पौधारोपण किया। हड्डी रोग विभाग में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानाचार्य डा. बीडी सिंह ने यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जानलेवा हमले का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। बरदह थाने के उपनिरीक्षक रितेश खरवार की टीम ने मंगलवार को जानलेवा हमले के आरोपी विशाल राजभर पुत्र स्व. निरंजन राजभर निवासी ग्राम जगदीशपुर को कमालपुर चौराहे से गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। इस मामले में भुवाल बिन्द पुत्र चनई बिन्द निवासी ग्राम जगदीशपुर सोहौली द्वारा 4 अक्टूबर को सूचना दी गयी थी कि 3 अक्टूबर की रात उसके गांव के विशाल राजभर आदि द्वारा लाठी-डण्डा एवं चाकू से हमला किया गया, जिसमें उसे जांघ तथा सौरभ बिन्द पुत्र साहबलाल बिन्द को पेट में गंभीर चोटें आयीं। तहरीर के आधार पर थाना बरदह पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान धारा की बढ़ोत्तरी की गयी।

कूटरचित पासपोर्ट के मुकदमे में वांछित गिरफ्तार

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली के एसआई सुधीर कुमार सिंह की टीम द्वारा मंगलवार को दिन के लगभग साढ़े बारह बजे कूटरचित पासपोर्ट मामले में वांछित ओसामा पुत्र बैतुल्लाह उर्फ फिरोज निवासी ग्राम अरनौला थाना दीदारगंज, हाल पता ग्राम चमराडीह थाना फूलपुर को सुदनीपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में दिलीप सोनकर पुत्र शंकर सोनकर निवासी संतकबीर नगर वार्ड नम्बर-2 द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था कि आरोपी द्वारा उसके भाई को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर 1.30 लाख रुपये लेकर कूटरचित एवं फर्जी पासपोर्ट उपलब्ध कराया गया तथा जानकारी होने पर रुपये वापस मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गयी। न्यायालय के आदेश के क्रम में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

बिलरियागंज में जाम की समस्या, राहगीर परेशान

बिलरियागंज, आजमगढ़। नगर क्षेत्र में आए दिन लगने वाले जाम से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम की समस्या अब लोगों के लिए रोजमर्रा की परेशानी बनती जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लगने से राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के नया चौक से रौनापार मार्ग, नया चौक से महराजगंज मार्ग, नया चौक से जीयनपुर मार्ग तथा नया चौक से आजमगढ़ मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति देखने को मिल रही है। खासकर आजमगढ़ मार्ग पर पुराना चौक, खास बाजार और कासिमगंज के आसपास कब जाम लग जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं है। जाम लगने के बाद लोगों को कुछ दूरी तय करने में भी काफी समय लग जाता है। सड़क की पटरियों पर दुकानदारों द्वारा दुकान के सामान को बाहर तक रखकर बिक्री की जाती है, जिससे सडक़ का काफी हिस्सा संकरा हो जाता है। इसके अलावा पटरियों पर बस, टेंपो तथा अन्य वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने के कारण भी यातायात प्रभावित होता है। वाहनों की संख्या बढऩे के साथ ही स्थिति और गंभीर हो जाती है।

एक ही भवन में तीन केंद्रों का संचालन, सरकारी व्यवस्था पर सवाल

भीरा, आजमगढ़। मार्टीनगंज ब्लॉक क्षेत्र के बरौना गांव में सरकारी भवनों की व्यवस्था सवालों के घेरे में है। यहां एक ही भवन में शादी मिलन घर, पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। एक ही हाल में कहीं कंप्यूटर रखकर पंचायत संबंधी काम निपटाए जा रहे हैं तो दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का सामान रखा है। इसी भवन में शादी समारोह भी आयोजित होते हैं। ऐसे में सरकारी योजनाओं के तहत अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों की जमीनी हकीकत पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव में पंचायत भवन और आंगनबाड़ी केंद्र के लिए अलग-अलग जमीन उपलब्ध है। प्रस्ताव भी तैयार किया गया था, लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्ताव के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से आगे की कार्रवाई नहीं होने से गांव को अलग पंचायत भवन नहीं मिल पाया। खंड विकास अधिकारी फूलचंद का कहना है कि एडीओ पंचायत को जांच के लिए हम भेज रहे हैं। अगर प्रधान द्वारा प्रस्तावित कर जमीन दिया जा रहा है तो हम बनवाने के लिए तैयार हैं

शादी के चार महीने पहले सांप ने ले ली युवती की जान

बलरामपुर, आजमगढ़। मेंहनगर थाना क्षेत्र के घटिया गांव में सोमवार की रात मोबाइल फोन पर बात कर रही युवती को सांप ने डंस लिया। आनन-फानन परिजन उसे इलाज के लिए खरिहानी स्थित आदर्श क्लीनिक ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घटिया गांव निवासी 20 वर्षीय आरती सोमवार की रात करीब नौ बजे घर में खड़ी होकर मोबाइल फोन पर बात कर रही थी। इसी दौरान अचानक सांप ने उसके दाहिने पैर में डंस लिया। सांप के डंसने के बाद आरती की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उसे खरिहानी स्थित आदर्श क्लीनिक ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। आरती की जून माह में गोद भराई हुई थी और फरवरी में उसकी शादी होनी थी। शादी से पहले ही उसकी मौत की खबर से परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। युवती की मौत के बाद स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

साहब! वर्षों से सेवा के बावजूद नहीं मिला वेतन वृद्धि का लाभ

बलरामपुर, आजमगढ़। वेतन बढ़ोतरी समेत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य

स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ ने किया सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन

मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डा. नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमओ डा. नन्हकू राम वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निस्तारण की मांग की। जिलाध्यक्ष डा. नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिले में करीब 1500 संविदा कर्मचारी जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, सीएचसी-पीएचसी और सौ शैय्या अस्पताल में वर्षों से मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इसके बावजूद कर्मचारियों के वेतन में अब तक बढ़ोतरी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से एनएचएम कर्मचारियों को न्यूनतम 18 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने की घोषणा की गई थी, लेकिन वर्तमान में किसी कर्मचारी को 11 हजार तो किसी को महज नौ हजार रुपये ही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि करीब छह वर्षों से कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी और स्वास्थ्य बीमा समेत अन्य सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य कर्मी लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाते हैं, लेकिन खुद उन्हें आयुष्मान योजना के तहत इलाज की सुविधा नहीं मिल रही है।



देवगांव पुलिस के हत्थे चढ़ा ५० हजार का इनामी गैंगस्टर

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली पुलिस, सर्विलांस सेल एवं स्वाट टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए 50

जिले के कई थानों में दर्ज है २० मुकदमे, कई घटनाओं में रहा शामिल

हजार रुपये के इनामिया गैंगस्टर फैजान उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। एसआई विनय कुमार सिंह को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि देवगांव पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में वांछित एवं 50 हजार रुपये के इनामिया फैजान उर्फ गुल्लू पुत्र कयूम निवासी ग्राम बक्सपुर, थाना बरदह गोसाईगंज-जिवली मार्ग से अपने घर की ओर जा रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को अवगत कराते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दादा चौक/ग्राम चौकी मोड़ से करीब 150 मीटर दूर से मंगलवार को दिन के करीब 11.10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार फैजान उर्फ गुल्लू अपने अन्य साथियों के साथ विभिन्न आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहा है। वर्ष 2024 में कंजहित बाजार स्थित दुकान में लगा सीसी कैमरा एवं जेवरात चोरी कर लिया गया था। उसके ऊपर पुलिस अधीक्षक द्वारा 8 सितंबर को 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लगातार फरार रहने के कारण डीआईजी द्वारा 16 सितंबर को इनाम की धनराशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी गई। फैजान उर्फ गुल्लू पर विभिन्न थानों में कुल 20 मुकदमें दर्ज बताए गए हैं। इस कार्रवाई में सर्विलांस सेल/स्वाट टीम के मुख्य आरक्षी संजय सिंह, अखिलेश चौधरी एवं उपेन्द्र सिंह चन्देल भी शामिल रहे।

नुक्कड़ नाटक, गीत और नृत्य से मतदाता जागरुकता का संदेश

लालगंज, आजमगढ़। नगर पंचायत कटघर लालगंज के श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को मतदाता साक्षरता, युवा मतदाताओं की भूमिका तथा अधिक से अधिक नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए जागरूक किया। एसडीएम ने विशेष रूप से 18-19 वर्ष की आयु के युवाओं का मतदाता सूची में अधिक से अधिक पंजीकरण कराने, महिला मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने, घर-घर सर्वे करने तथा प्राप्त प्रपत्रों की समय से ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक योग्य नागरिक की भागीदारी जरूरी है। दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, गीत और नृत्य के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

महाविद्यालय के मैदान में जलभराव, बच्चों और बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी

भीरा, आजमगढ़। बरदह बाजार स्थित श्री गांधी स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बगल का विशाल मैदान इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। मैदान के विभिन्न हिस्सों में बारिश का पानी जमा होने से यहां आने-जाने और अन्य गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले मैदान का पानी आसानी से बाहर निकल जाता था, लेकिन जल निकासी के रास्ते पर अवरोध होने के कारण अब पानी लंबे समय तक जमा रह रहा है। यह मैदान सुबह के समय आसपास के ग्रामीणों के लिए टहलने का प्रमुख स्थान है। वहीं गांव और आसपास के स्कूल-कॉलेज के बच्चे भी यहां खेलकूद करते हैं। जलभराव के चलते बच्चों का खेलना और बुजुर्गों का टहलना मुश्किल हो गया है। मैदान के समीप महाविद्यालय का पुराना जर्जर छात्रावास भी स्थित है, जिसके आसपास भी पानी जमा है। ग्रामीणों के अनुसार मैदान से पानी निकलने के लिए पहले जो रास्ता था, वह अब अवरुद्ध हो गया है। इसके अलावा आसपास कई स्थानों पर अतिक्रमण और अवरोध के कारण जल निकासी प्रभावित हुई है। नतीजा यह है कि बारिश का पानी मैदान में ही ठहर जा रहा है और धीरे-धीरे यह समस्या गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और महाविद्यालय प्रशासन से जल निकासी के बंद रास्ते को तत्काल खुलवाने तथा मैदान से पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में मैदान की स्थिति और खराब हो सकती है तथा बच्चों एवं बुजुर्गों के उपयोग में आने वाला यह सार्वजनिक स्थान अनुपयोगी हो जाएगा।


स्टेट कूडो टूर्नामेंट में जिले के खिलाड़ियों ने झटके १०१ पदक

आजमगढ़। गोरखपुर के स्प्रिंगर स्कूल में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 9वें उत्तर प्रदेश स्टेट कूडो टूर्नामेंट में जनपद की कूडो टीम ने ओवरऑल प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में जिले से 100 से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़े परिश्रम के दम पर कुल 101 पदक में 48 स्वर्ण, 28 रजत और 25 कांस्य जीतकर टीम को चैंपियन बनाया। कूडो एसोसिएशन के जिला सचिव देवेंद्र वर्मा के नेतृत्व में उतरी टीम को प्रशिक्षक विनोद कन्नौजिया, लक्ष्मीकांत मिश्रा, सचिन कुमार, प्रियम मिश्रा और हिमांशु यादव ने प्रशिक्षण दिया। सोमवार देर रात जब खिलाड़ी पदक जीतकर जनपद वापस लौटे, तो रोडवेज पर खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

ओमशंकर संरक्षक, गोपाल महामंत्री और लालू बने कोषाध्यक्ष



गोपाल



लालू

बृजभान यादव, यदुनाथ पाण्डेय, धर्मेश पाठक, दयाशंकर मिश्रा, हरिशचन्द्र यादव और श्रीराम यादव

अध्यक्ष ने की समाचार पत्र विक्रेता संघ की नयी कार्यकारिणी की घोषणा

को शामिल किया गया। महामंत्री पद की जिम्मेदारी गोपाल चौधरी को दी गई। उपाध्यक्ष पद पर कपिलदेव चौहान, राधाकृष्ण यादव, रूपेश चन्द्र, इरशाद अहमद, बेचू यादव, दयाराम यादव और विजय यादव को मनोनीत किया गया। मंत्री पद पर संतोष यादव, रामसिंह यादव और जयराम मौर्या को जिम्मेदारी मिली। संगठन मंत्री के पद पर गणेश यादव और दीपू प्रसाद खरवार, जबकि कोषाध्यक्ष पद पर लालू टंडन और राकेश यादव को मनोनीत किया गया। प्रचार सचिव की जिम्मेदारी रविन्द्र यादव और गौतम गुप्ता को सौंपी गई। अन्य सदस्यों को सक्रिय सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और समाचार पत्र विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय से वसूली सुनिश्चित करें अमीन

लालगंज, आजमगढ़। तहसील सभागार में राजस्व वसूली को लेकर मंगलवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी नियमित एवं सीजनल अमीनों के साथ वसूली की प्रगति की समीक्षा की गई। एसडीएम नेहा मिश्रा ने सभी अमीनों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली से संबंधित लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय से वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए सभी अमीन अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से कार्य करते हुए बकायेदारों से नियमानुसार वसूली करें।एसडीएम ने कहा कि वसूली कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और वसूली की प्रगति की नियमित जानकारी उपलब्ध कराएं।

आंधी-पानी, आकाशीय बिजली से मकान क्षतिग्रस्त, भट्ठे की चिमनी फटी

तापमान में गिरावट से आम लोगों को मिली गर्मी से राहत और किसानों पर आयी आफत

लालगंज/अतरौलिया/बिलरियागंज/सगड़ी, आजमगढ़। जिले भर में दो दिनों से हो रही तेज हवा संग बारिश

मौसम की मार

धान की पक चुकी बालियां जमीन पर गिरने से अन्नदाताओं की मेहनत पर फिरा पानी



के बीच लालगंज क्षेत्र में आकाशीय बिजली और पेड़ गिरने से काफी नुकसान हुआ। सोमवार देर शाम तेज आंधी, बारिश व आकाशीय बिजली की गरज से लोग सहम गए। तेज हवा के चलते लालगंज, कैथीशंकरपुर, पकड़ी खुर्द, देवगांव, मिर्जापुर, कंजहित, गोसाईगंज, दुलारगंज, अवदह, सरावां सहित कई गांवों में दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए। अवदह खास में जूनियर हाईस्कूल के समीप एक विशाल पेड़ वहीद खान के मकान पर गिर गया, जिससे मकान का बारजा और रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि मकान में मौजूद परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। **सगड़ी तहसील क्षेत्र** के सराय सागर मालटारी बाजार में मंगलवार को तेज आंधी और भारी बारिश के दौरान पीपल का एक बड़ा पेड़ बीच बाजार मुख्य सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से आवागमन घंटों बाधित हो गया वहीं दर्जनों दुकानें, ठेला और टेम्पो क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं विद्युत लाइन प्रभावित होने के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। पेड़ गिरने के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए स्थानीय लोगों के मुताबिक,सड़क पर पेड़ गिरने से बाजार में आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। **अतरौलिया क्षेत्र** में सोमवार शाम से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ हुई बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल खेतों में गिर गई, वहीं गन्ने की फसल भी तेज हवा के झोंकों से लुढक़ गई। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बारिश और हवा के कारण सब्जियों की फसल भी प्रभावित हुई है। शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से तापमान में गिरावट आ गई। तेज हवा के चलते कई खेतों में धान की पक चुकी बालियां जमीन पर बिछ गईं। किसानों के मुताबिक, फसल तैयार होने के समय बारिश और तेज हवा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। **बिलरियागंज क्षेत्र** में तेज बारिश के साथ चली हवाओं से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से काफी राहत मिली। बारिश के दौरान तेज हवाएं चलने से सडक़ पर आवागमन कर रहे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और अन्य सुरक्षित स्थानों पर रुक गए। वहीं बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में भी पानी पहुंचने से किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। काफी दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों ने बारिश होने पर राहत की सांस ली।

रजिस्ट्रार मदरसा परिषद के फैसले पर अगले आदेश तक रोक

आजमगढ़। तथाकथित फर्जी दानपत्र के आधार पर मदरसे की मान्यता लेने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंड पीठ ने रजिस्ट्रार मदरसा परिषद के मदरसे की मान्यता निलंबित करने के आदेश और क्रियान्वयन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। इस मामले में शिकायतकर्ता हाजी इमाम अली ने मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में शिकायत की थी कि मदरसा जामिया नुरूल उलूम मुबारकपुर की मान्यता एक फर्जी दानपत्र के आधार पर ली गई है। इस शिकायत पर मदरसा जामिया नुरूल उलूम मुबारकपुर के प्रबंधक जहीन अहमद की तरफ से प्रस्तुत जवाब को संतोषजनक न पाते हुए मदरसा परिषद के रजिस्ट्रार ने 20 अगस्त 2026 को मदरसे की मान्यता निलंबित कर दिया। बाद में मदरसे के प्रबंध समिति के तत्कालीन तथा वर्तमान सदस्यों के विरुद्ध एफआईआर का आदेश भी दे दिया। निलंबन के इस आदेश के विरुद्ध मदरसे के प्रबंधक जहीन अहमद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में रिट दायर किया। याचिका में कहा गया कि रजिस्ट्रार द्वारा केवल दो ही परिस्थितियों में किसी मदरसे को निलंबित किया जा सकता है। पहले जब मान्यता की शर्तों का अनुपालन न किया जाए और दूसरा मदरसा बोर्ड के आदेश का अनुपालन न किया जाए। प्रबंध समिति के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट का ध्यान उस तरफ भी दिलाया कि वर्ष 2010 में जब मदरसे को अनुदान पर लेने की कार्यवाही चल रही थी तब तत्कालीन जिलाधिकारी ने मदरसे का भौतिक निरीक्षण करने के बाद ही मदरसे को अनुदान पर देने की संस्तुति की थी। अब बिना किसी स्थलीय निरीक्षण के ही मान्यता निलंबित कर दी गई। जब शिकायतकर्ता की तरफ से फर्जी दानपत्र की बात कही गई तो अदालत ने कहा कि इस पर हम बाद में विचार करेंगे कि यह दानपत्र वैध या अवैध। फिलहाल मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार ने रजिस्ट्रार मदरसा परिषद के निलंबन आदेश 20 अगस्त 2026 के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगा दी।

खनन हादसे में दो मजदूर घायल

ओबरा(सोनभद्र)। स्थानीय नगर स्थित बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र स्थित बजरंग स्टोन में मंगलवार की सुबह खनन हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर

समाचार कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को खनन संचालक के गुर्गों ने रोका

समाचार कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को खदान संचालक के गुर्गों ने मौके पर जाने नहीं दिया। दर्जनों पत्रकारों को बीच रास्ते में ही रोककर उनसे विवाद शुरू कर दिया गया। इसी बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ओबरा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव ने भी इस पर कोई निर्णय नहीं लिया बल्कि पत्रकारों को ही समझाने लगे। पुलिस के इस रवैये से नाराज पत्रकार मौके से वापस लौट गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही शाम लगभग साढ़े चार बजे उपजिलाधिकारी ओबरा रवि पासवान के निर्देशानुसार तहसीलदार ओबरा नरेंद्र राम, सीओ ओबरा प्रभात राय, एसएचओ ओबरा प्रणय प्रसून श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार बजरंग स्टोन के नाम से संचालित पत्थर खदान में मंगलवार की सुबह खनन हादसे में दो मजदूरों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। यह सूचना क्षेत्र में जंगल में आग की तरफ फैल गई। बजरंग स्टोन के छवि को धूमिल एवं शासन प्रशासन को गुमराह करने के लिए एक सुनियोजित साजिश के तहत कुछ सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म पर भ्रामक एवं निराधार खबरें चलाई जा रही हैं। झूठी एवं भ्रामक खबर की सूचना पर शासन प्रशासन की टीम द्वारा हमारे खनन स्थल का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया परंतु खबरें भ्रामक एवं निराधार पायी गयी। उपरोक्त बाते बजरंग स्टोन के पार्टनर कामेश्वर सिंह ने मीडिया को बताते हुए शासन प्रशासन से अनुरोध किया है कि भ्रामक एवं निराधार दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें जिससे हमारे फर्म की छवि धूमिल न हा पायें।

खड़ी ट्रक से बाइक टकरायी, युवक घायल

बभनी(सोनभद्र)। सोमवार की रात महुअरिया मोड़ और शीश टोला मार्ग पर खड़ी ट्रक में बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न हो पाने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर के चरचरी निवासी अजय सिंह पुत्र भगवान सिंह महुअरिया मोड़ से शीश टोला मार्ग पर अपने ससुराल महुआदोहर जा रहा था कि महुअरिया मोड़ से आगे सड़क के किनारे खड़ी ट्रक में बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मंडलायुक्त ने सेंटर आफ एक्सीलेंस भवन, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा

सोनभद्र। मंडलायुक्त मीरजापुर मंडल राजेश प्रकाश ने मंगलवार को जनपद सोनभद्र के भ्रमण के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित किए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता तथा प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। मंडलायुक्त ने निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने तथा शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण से जोड़ने में उपयोगी साबित होगा, इसलिए भवन एवं इससे संबंधित व्यवस्थाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके पश्चात मंडलायुक्त ने नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर जल जीवन मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगर क्षेत्र में की जा रही पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर हो रही जलापूर्ति, पानी की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। पेयजल की गुणवत्ता को लेकर मंडलायुक्त ने मौके पर आपूर्ति किए जा रहे पानी को स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरवासियों को नियमित रूप से स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराया जाए।



इसके साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एसके सिंह, आरईडी नूर आलम एवं संबंधित अधिकारियों उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने की सीएम डैशबोर्ड, शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा, दिया निर्देश

सोनभद्र। विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को योजना की रूपरेखा तैयार कर बेहतर समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। इसी प्रकार फैमिली आईडी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने फैमिली आईडी की प्रगति में तेजी लाने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के माध्यम से पात्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभान्वित करने तथा उन्हें अधिक से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि मंडलायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों का सभी संबंधित अधिकारी नियमानुसार अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

चौकीदार के साथ पट्टीदारों ने की मारपीट

बाजपुर(सानभद्र)। स्थानाय थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसोती में पट्टीदारों द्वारा थाने के ही चौकीदार के साथ गाली-गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरसोती गांव निवासी 65 वर्षीय रामलखन पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण जो बीजपुर थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि तीन अक्टूबर को शाम करीब चार बज उनक हा पट्टादार राहुल सूरज लाल, झन्झू और भगवन्ती ने किसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया।आरोप है कि उक्त लोगों ने

दांत से काटा, इलाज जारी, मुकदमा दर्ज

गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से उनकी पिटाई कर दी। हमले के दौरान आरोपियों ने उन्हें दांत से काट लिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित चौकीदार राम लखन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में तीसरी बार पुलिस को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

सोनभद्र। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोनभद्र पुलिस ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश शासन के आईजीआरएस (इंटेग्रेटेड ग्रिवांस रेड्रेसल सिस्टम) पोर्टल पर माह सितंबर-2026 की जारी रैंकिंग में सोनभद्र पुलिस ने संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए जनपद को 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि माह जुलाई एवं अगस्त-2026 की आईजीआरएस रैंकिंग में भी सोनभद्र पुलिस ने संपूर्ण प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस प्रकार लगातार तीसरे माह प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सोनभद्र पुलिस ने शिकायत निस्तारण के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली एवं प्रभावी मॉनिटरिंग का परिचय दिया है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल नेतृत्व, नियमित मॉनिटरिंग, शिकायतों की सतत समीक्षा एवं अधिकारियों को दिए गए समयबद्ध दिशा-निर्देशों का परिणाम है।

माह सितंबर में प्राप्त किये १०० में १०० अंक

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक शिकायत के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी पर्यवेक्षण किया गया, जिसके फलस्वरूप जनपद पुलिस ने लगातार यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। शासन की मंशा के अनुरूप सोनभद्र पुलिस द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन, शिकायतकर्ता से संवाद एवं नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया गया। शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता के आधार पर जनपद को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त हुआ। जनपद के कुल 22 थानों में से 18 थानों द्वारा 100 में 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया, जो पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, बेहतर कार्यप्रणाली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। लगातार 03 माह प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करना सोनभद्र पुलिस की जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता, जवाबदेही एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिसिंग की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

अल्ट्राटेक से फैल रही दुर्गंध के खिलाफचेयरमैन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

डाला(सोनभद्र)। अल्ट्राटेक सीमेंट डाला संयंत्र द्वारा क्षेत्र में फैलाई जा रही भीषण दुर्गंध और वायु प्रदूषण के विरोध में मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती कुमारी के नेतृत्व में सभासदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने अवगत कराया कि संयंत्र से निकलने वाली बदबू के कारण स्थानीय नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, सिरदर्द और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया इस गंभीर मुद्दे को लेकर 21 जून को नगर पंचायत कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में अल्ट्राटेक प्रबंधन के अधिकारियों ने उपस्थित होकर आश्वासन दिया था कि वे जल्द ही संयंत्र की व्यवस्थाओं में सुधार कर दुर्गंध की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर देंगे। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महीने बीत जाने के बावजूद कंपनी ने अपने वादे पर कोई अमल नहीं किया और स्थिति जस की तस बनी हुई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सभासद विशाल कुमार, नितेश कुमार, अवनीश पांडेय तथा सभासद प्रतिनिधि राजेश मौजूद रहे।



गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सोनभद्र। थाना पन्नूगंज पुलिस ने मंगलवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते उसके कब्जे से 10 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मारुती फ्रंक्स चार पहिया वाहन बरामद किया है। बरामद गांजा एवं वाहन की अनुमानित कीमत लगभग15 लाख रूपये है। मिली जानकारी के अनुसार थाना पन्नूगंज पुलिस टीम रात्रि गश्त के दौरान बिहारी मोड़ से करीब 50 मीटर आगे, ग्राम परसौटी के पास संदिग्ध वाहनों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन तेजी से मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने कुछ दूर आगे घेराबंदी कर उक्त वाहन को रोक लिया। वाहन की तलाशी के दौरान एक सफेद-लाल रंग के प्लास्टिक के बोरे में 5 पैकेट बरामद हुए। नियमानुसार जांच एवं भौतिक सत्यापन के दौरान बरामद पदार्थ गांजा पाया गया, जिसका कुल वजन 10 किलो 250 ग्राम था। वाहन चालक से नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम राजप्रकाश बौद्ध पुत्र जयप्रकाश, निवासी परसौटी, थाना पन्नूगंज, उम्र करीब 21 वर्ष बताया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0-187/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। पुलिस ने बरामद मारुती फ्रंक्स वाहन को धारा 60 एनडीपीएस एक्ट के तहत आवश्यक कार्यवाही करते हुए वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीनिवास पाण्डेय, उपनिरीक्षक अजीत कुमार दूबे, कांस्टेबल लवकुश खरवार शामिल रहे।

ठाकुर खड्ग जंग बहादुर सिंह के निधन पर शोक

करमा(सोनभद्र)। तिलौली निवासी वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं साहित्यप्रेमी ठाकुर खड्ग जंग बहादुर सिंह के निधन का समाचार मिलने से सोनांचल के सामाजिक, साहित्यिक और शैक्षिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। काशी में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन को क्षेत्र के लोगों ने एक युग का अवसान बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की।

संघटन की नीतियों, विकास कार्यों को बतायें कार्यकर्ता

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र 401 के तहत शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा के

शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा की घोरावल, राबर्ट्सगंज, दुद्धी में बैठक

जिला महामंत्री संतोष शुक्ला ने की। बैठक में सदर विधायक भूपेश चौब, एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शीतला आचार्य मौजूद रहें। बैठक में आगामी शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, मतदाताओं से संपर्क तथा चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षक-स्नातक विधानसभा चुनाव के प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष शंभू नारायण सिंह विधान परिषद सदस्य चुनाव के जिला संयोजक एवं पूर्व चेयरमैन कृष्णमुरारी गुप्ता, विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश यादव तथा सह संयोजक विनय श्रीवास्तव ने चुनाव को लेकर अपने-अपने विचार रखे। सभी पदाधिकारियों ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने तथा समन्वित प्रयासों के माध्यम से चुनाव में विजय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कहा कि शिक्षक एवं स्नातक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा। इस मौके पर महेश्वर चंद्रवंशी, अनिल सिंह, मनोज सोनकर, प्रमिला जायसवाल, विनय श्रीवास्तव, दिलीप चौबे, रामलाल चेरो, बलराम सोनी, अमन मौर्या मौजूद रहे।

घर में घुसकर हजारों नकदी, आभूषण की चोरी

करमा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरी की घटनाओं से लोग सहम गए। बीते दो अक्टूबर की रात कसया खुर्द गांव निवासी पुष्पलता के घर में घुस कर चोर करीब 20 हजार नकद, चांदी के आभूषण की चोरी कर लिए। पीड़िता ने थाने को नामजद तहरीर देकर चोर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तत्काल गिरफ्तार कर चालान किए जाने की गुहार लगायी। पुष्पलता का

पीड़िता का आरोप पुलिस को चोर का नाम बताने के बाद नहीं की गिरफ्तार

आरोप है कि गांव का ही निवासी बाबुनन्दन यादव पुत्र श्याम लाल यादव आधी रात को उनके घर में घुस गया। घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये नकद और चांदी के आभूषण निकाल लिए। इसी दौरान पुष्पलता की नींद खुल गई और उसकी नजर चोर पर पड़ गई। पुष्पलता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसे जोरदार धक्का देकर मौके से फरार हो गया। महिला की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े, अंदर जाकर देखा तो बक्से का ताला टूटा पड़ा था और नकदी-जेवर गायब थे। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच का आश्वासन देकर लौट गई। इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि वैसे इस मामले को हम दिखवा रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि एक सप्ताह का दिन बीतने को है लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक चोरी की घटना का खुलासा नहीं की है। वैसे पीडिता पुष्पलता ने बताया कि पुलिस को चोर का नाम बताने के बाद भी पुलिस द्वारा चोर को क्यों नहीं गिरफ्तार किया जा रहा है। जो पुलिस की कार्यप्रणाली प्रश्नचिन्ह लग रहा है। थानाध्यक्ष द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के बाद पीड़िता के पति तेजबली का आरोप है कि उन्होंने प्रार्थना पत्र में स्पष्ट रूप से नामजद आरोपी बाबुनन्दन यादव का नाम दिया था। करमा पुलिस ने उसे पकड़ा भी, लेकिन चोरी के मामले में कार्रवाई करने के बजाय उसे किसी अन्य मामले में जेल भेज दिया। सवाल यह है कि जब आरोपी का नाम पता है, पीड़ित ने लिखित शिकायत दी है, फिर भी करमा पुलिस आधी रात की इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा क्यों नहीं कर पा रही है? क्या पीड़ित को दूसरे केस की आड़ में गुमराह किया जा रहा है? फिलहाल पुलिस की इस लचर कार्यप्रणाली से क्षेत्र में आक्रोश है।

चोरी का मामला पहुंचा एसपी के दरबार, फटकार

कसयां खुर्द गांव में बीते दो अक्टूबर को हुई चोरी का मामला पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के दरबार मे पहुंचा। एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मियों को जमकर फटकार लगायी। एसपी ने थानाध्यक्ष को आदेशित किया है कि चोरी की घटनाओं को यथाशीघ्र खुलासा किया जाय।

आखिर क्यों नहीं हो रही फर्जी गवाहों के खिलाफ कारवाई

सोनभद्र। बीते 22 अगस्त की रात करमा थाना क्षेत्र के तिलौली खुर्द गांव में हुई चोरी के मामले में तिलौली कलां गांव निवासी सियाराम मौर्य पुत्र स्व सुमेर एवं सुशील कुमार सिंह पुत्र स्व रामेश्वर सिंह के फर्जी गवाहों व नामजद कसयां खुर्द आरोपी के खिलाफ समुचित कार्रवाई न होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है।

बच्चों को नशा से दूर रहने की दी गयी नसीहत

रेणुकूट(सोनभद्र)। बच्चों और किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पिपरी स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में इनर व्हील क्लब ऑफ रेणुकूट की ओर से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कश्यप दिव्य ज्योति संस्था के अध्यक्ष सुभाष राय ने बच्चों को नशे से होने वाले शारीरिक,मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशे की लत के शुरुआती लक्षणों, व्यवहार में होने वाले बदलावों तथा नशे के कारण परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी नशे से बचाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाली गंभीर समस्या है, इसलिए बच्चों को बचपन से ही नशे के खिलाफ जागरूक होना चाहिए और अपने मित्रों व परिवार के लोगों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए नशे से दूरी बेहद जरूरी है और इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे से बचाने की शपथ दिलाई गई। क्लब की सचिव संध्या सिंह ने सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं का आभार जताया।

शांति, सौहार्द पूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

लिलासी(सोनभद्र)। रामलीला एवं दुर्गा पूजा को लेकर मंगलवार को म्योरपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज की अध्यक्षता मे पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में आयोजित होने वाली रामलीला तथा विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों के संबंध में आयोजकों एवं ग्रामीणों से जानकारी ली। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों ने अपने-अपने गांव में होने वाले धार्मिक आयोजनों, कार्यक्रमों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के बारे में थानाध्यक्ष को जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

२० हजार लीटर डीजल की खेप को लेकर जांच की मांग

सिंगरौली। जबलपुर से सिंगरौली के नौगढ़ स्थित आहूजा पेट्रोल पंप के लिए रवाना हुआ डीजल टैंकर पेट्रोल पंप पहुंचने के बजाय रिलायंस मुहेर की ओर जाता दिखाई देने के बाद डीजल आपूर्ति को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि टैंकर को लेकर करीब दो घंटे तक बातचीत होती रही, लेकिन इसके बावजूद पूरी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि एक दिन पहले ही रिलायंस की ओर जा रहे डीजल के एक टैंकर को पुलिस द्वारा पकड़े जाने की बात सामने आई थी। इसके अगले ही दिन आहूजा पेट्रोल पंप के नाम से आने वाले डीजल टैंकर के रिलायंस मुहेर की ओर जाने की चर्चा ने डीजल आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए हैं।बताया जा रहा है कि नौगढ़ स्थित आहूजा पेट्रोल पंप के नाम पर करीब 20 हजार लीटर डीजल की खेप आने वाली थी। आरोप है कि उक्त टैंकर पेट्रोल पंप पहुंचने के बजाय रिलायंस मुहेर की ओर चला गया। यदि यह तथ्य सही है तो जांच का विषय यह है कि पेट्रोल पंप के नाम पर बुक की गई डीजल की इतनी बड़ी मात्रा को किसी अन्य स्थान पर किस आधार पर भेजा जा रहा था। पूरे मामले में यह भी स्पष्ट किया जाना जरूरी है कि टैंकर की बुकिंग किसके नाम से हुई थी, डिलीवरी चालान किसके नाम पर था और वास्तविक अंतिम उपभोक्ता कौन था।

भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने की जरुरत

दुद्धी(सोनभद्र)। नगर का ऐतिहासिक रामलीला मंचन का शुभारंभ सोमवार की रात हनुमंत लला एवं भगवान विष्णु की आरती पूजन के साथ किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन व विशिष्ट अतिथि एसडीएम अशोक कुमत गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी विनय प्रभाकर साहनी ने रामलीला मंचन का औपचारिक शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों को रामलीला कमेटी की तरफ से रामचरितमानस और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज हमें इस ऐतिहासिक मंच पर खड़े होने का मौका मिला है। जो मेरे लिए गर्व की बात है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डाला और उसे अपने जीवन में आत्मसात करने को कहा और मंचन के सभी आयोजक मंडल और कलाकारों को साधुवाद दिया। विशिष्ट अतिथि एसडीएम अशोक कुमार गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी ने भी भगवान श्रीराम से जुड़े कई महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया उसमें हनुमान जी के प्रसंगो के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रहरी, महामंत्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता, देवनारायण जायसवाल, रामलोचन तिवारी, राजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ लवकुश प्रजापति,रामेश्वर राय,रविंद्र जायसवाल, कमलेश सिंह कमल, कुलभूषण पांडेय, दिलीप पांडेय, दीपक शाह, अमरनाथ जायसवाल मौजूद रहे।

अथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

शाहगंज(सोनभद्र)। सोमवार को माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता जंग बहादुर सिंह इण्टर कालेज में शुरू हुई। इसका उद्घाटन जंग बहादुर सिंह इंटर कॉलेज ओडहथा में प्रधानाचार्य ने किया। इसमें इलाके के दर्जनों स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता में ऊंचीकूद, लंबीकूद, चक्का फेंक, हैमर थ्रो और दौड़ जैसे इवेंट हुए। इन्हें सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों में बांटा गया था। विभिन्न वर्गों में कई छात्र-छात्राओं ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। पहले और दूसरे स्थान पर आने वाले खिलाड़ी बुधवार को दुद्धी के सोनांचल इंटर कॉलेज में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में अमित कुमार सिंह, सुशील कुमार मिश्रा, संजय सिंह, दयाराम यादव, अनिल कुमार मिश्रा, राहुल कुमार, नवीन कुमार बिन्द, सत्यप्रकाश चौबे, राकेश कुमार और शैलेष उपाध्याय मौजूद रहे।

सुभाषित

एकताका किला सबसे सुरक्षित होता है। न तो वह टूटता है और न ही उसमें रहने वाला कभी दुखी होता है। ❒ अज्ञात

प्रासंगिक हस्तक्षेप

सर्वोच्च न्यायालयके प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकान्तकी अध्यक्षता वाली पीठने सोमवारको विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूचीमें नाम शामिल करनेके लिए उपयोगमें आने वाले फार्म-६ में किसी भी बदलावको मंजूरी नहीं दी है। भारत निर्वाचन आयोगके दावेके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकान्तका यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि हम देखना चाहेंगे कि परिवर्तनके लिए किसने अनुमति दी है। इस पीठमें न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति बी. मोहना भी शामिल हैं। सर्वोच्च न्यायालयके अधिवक्ता शैलेन्द्रमणि त्रिपाठीकी ओरसे दाखिल याचिकापर सुनवाई करते हुए पीठने जो व्यवस्था और टिप्पणी दी है उसके व्यापक सन्दर्भोंमें भी देखना उचित होगा। याचिकामें यह भी मांग की गयी थी मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्यके खिलाफ कारवाई की जानी चाहिए, क्योंकि इसमें दो अन्य आयुक्तों एस.एस. सन्धू और विवेक जोशीकी आपत्तियोंको दरकिनार कर फार्म-६ में परिवर्तन किया गया था। इस प्रकरणको राजनीतिक मुद्दा बनाकर विरोध भी किया गया। इसे विवादके रूपमें देखना पूरी तरहसे उचित नहीं माना जा सकता, क्योंकि इसका महत्व उससे भी कहीं अधिक बड़ा है। यह मामला मतदाता पंजीकरण, चुनाव आयोगकी संवैधानिक शक्तियों, संस्थागत निर्णय-प्रक्रिया और मताधिकारकी सुरक्षासे जुड़ा है। पीठने चुनाव आयोगसे मूल रिकार्ड मंगाकर यह देखनेकी बात कही है कि वास्तवमें क्या परिवर्तन हुआ और उसे किसने अधिकृत किया। यह स्पष्टीकरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि २६ सितम्बरको चुनाव आयोगकी ओरसे जारी विज्ञप्तिमें कहा गया था कि एसआईआरके लिए फार्म-६ से जुड़ी घोषणाको सर्वोच्च न्यायालयने बरकरार रखा है। इसे चुनाव आयोगकी शक्तियोंपर रोकके रूपमें नहीं, बल्कि शक्तियोंकी सीमाके परीक्षणके रूपमें देखना चाहिए। यह भी जरूरी है कि यदि किसी नियमके तहत फार्म-६ के मूल स्वरूपमें परिवर्तन किया गया है तो उसमें निर्धारित वैधानिक प्रक्रियाका पालन हुआ है कि नहीं। सबसे गम्भीर पहलू यह है कि क्या प्रशासनिक सुविधासे वैधानिक प्रक्रिया बदली जा सकती है? मतदाताके अधिकारके दृष्टिकोणसे यह मामला अत्यन्त महत्वपूर्ण माना जायगा। इस पूरे विवादका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वयं निर्वाचन आयोगकी आन्तरिक निर्णय प्रक्रियासे सम्बन्धित है। इसे राजनीतिक आरोपोंसे अलग रखकर देखना ज्यादा उचित होगा। सर्वोच्च न्यायालयकी टिप्पणी चुनाव आयोगके अधिकारोंको कमजोर करने नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारोंके प्रयोगकी सीमा निर्धारित करने वाली टिप्पणी है। इस मामलेका वास्तविक महत्व अदालतके अन्तिम निर्णयपर आधारित है।

घुसपैठियोंका निर्वासन

यह भारतके लिए गम्भीर चिन्ताका विषय और खतरेका संकेत है कि वे बड़ी संख्यामें बंगलादेशी घुसपैठिये देशके विभिन्न राज्योंमें पैर जमा चुके हैं और लम्बे समयसे अवैध रूपसे रह भी रहे हैं। यहां यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या देशकी सीमाएं इतनी असुरक्षित हैं कि भारतके प्रति विद्वेषकी भावना रखने वाले देशोंके नागरिकोंको देशमें प्रवेशको प्रोत्साहित करते हैं। भारतने इन घुसपैठियोंके प्रति कड़ा रुख अपनाया है, जिन्हें चिह्नित कर पकड़ा जा रहा है और अब इनके विरुद्ध कारवाई निर्वासनतक पहुंच गयी है, जो उचित और समयानुकूल है। जम्मू-कश्मीरमें ऐसे घुसपैठियोंके खिलाफ कड़ी कारवाई करते हुए प्रशासनने सोमवारको १५० बंगलादेशियोंको विशेष भारतीय वायुसेनाके विमानसे श्रीनगरसे पश्चिम बंगालके बागडोगरा भेज दिया और उन्हें सीमा सुरक्षा बलके हवाले कर दिया। पुलिस अधिकारियोंके अनुसार अभी १५० और बंगलादेशी नागरिकोंको गुरुवारको डिपोर्ट किया जायगा। यानी दो चरणोंमें जम्मू-कश्मीरमें अवैध रूपसे रह रहे कुल तीन सौ लोगोंके निर्वासनकी तैयारी है। जम्मू-कश्मीरमें जनसांख्यिकी बदलावका आकलन करनेके लिए इसी वर्ष अगस्तमें केन्द्र सरकारके एक उच्चस्तरीय दलने दौरा किया था। एक अनुमानके अनुसार लगभग १५००० बंगलादेशी और रोहिंग्या प्रदेशमें रह रहे हैं, जो नागरिक सुरक्षाके लिए भी बड़ी चुनौती है। बड़ी बात है कि न तो इनके पास कोई वैध दस्तावेज है, न ही प्रशासनके पास इनका कोई रिकार्ड ही है। इसके बावजूद इनके पाससे फर्जी आधार कार्ड एवं राशन कार्ड बरामद होना हैरान करने वाला है। इतनी बड़ी संख्यामें किसी एक राज्यमें रह रहे घुसपैठिये इस बातका सुबूत है कि कोई बड़ा नेटवर्क इनके बसाने और सभी सुविधा उपलब्ध करानेमें सक्रिय है। इनके विरुद्ध कारवाई करनेकी जरूरत है। इस नेटवर्कमें राजनीतिक दलकी संलिप्ततासे इनकार नहीं किया जा सकता है। घुसपैठियोंके डिपोर्टसे ही समस्याका समाधान नहीं होगा। देशके दुश्मन जयचन्दोंके विरुद्ध कड़ी कारवाई होनी चाहिए, जो लोगोंके लिए सबक बने।

लोक संवाद

मच्छारसे अपनत्व

महोदय,- इन दिनों भारतीय मूलके कैप्टन स्मित मच्छार सुर्खियोंमें हैं। वे संयुक्त अरब अमीरातकी सरकारी विमानन सेवा फ्लाई दुबईमें पाइलट थे। हालमें तेल अवीव जाती हुई एक उड़ानमें उनके सह पाइलटने उनपर चाकूसे हमला किया, जिस दौरान वे काकपिटका दरवाजा खोलनेमें सफल रहे, जिससे अन्य यात्रियों, जिनमें दो पाइलट भी थे, की मददसे जहाज सही उतार लिया गया। भारतीय इसपर गर्व कर रहे हैं। हालांकि वे यह भूल जाते हैं कि सन् २०२२ में बेहतर जाबके लिये स्मितको यह विदेशी विमानन कम्पनी चुननी पड़ी और वे सपरिवार दुबईमें ही रहने लगे। स्वदेश उन्हें अच्छा कैरियर नहीं दे सका और प्रतिभा पलायन हुआ। ऐसे ही कभी महान् वैज्ञानिक डा. हरगोविंद खुराना भी अमेरिका वासी बने और वहां एक बड़ा आविष्कार करके विश्व प्रसिद्ध हुए थे। **-रघोत्तम शुक्ल, वाया ईमेल।**

जरूरी मुद्दोंका अभाव विपक्षकी अक्षमता

भारतीय लोकतंत्रकी खूबसूरती यह है कि यहां कोई भी सरकार स्थायी नहीं होती और कोई भी विपक्ष हमेशाके लिए नहीं रहता। मतदाता सरकारसे उसके कामकाजपर सवाल उठा सकता है, फिर भी केवल नाराजगीके आधारपर किसी ऐसे विकल्पको स्वीकार नहीं करता, जिसके पास देशके भविष्यकी स्पष्ट रूपरेखा न हो।

❒ **ललित गर्ग**

भारतीय राजनीतिमें विपक्षके सामने मूल प्रश्न यही है-क्या वह केवल सरकारसे असंतुष्ट है या जनताके सामने कोई विश्वसनीय विकल्प भी रख रहा है। राहुल गांधी लम्बे समयसे यह सवाल उठा रहे हैं कि मोदी सरकारके प्रति अपेक्षित एंटी-इंकबेंसी दिखाई क्यों नहीं देती। उनका आरोप है कि चुनावी प्रक्रियामें गड़बड़ी और वोट चोरीके कारण जनताकी वास्तविक इच्छा सामने नहीं आ पा रही। इन आरोपोंके समर्थनमें उनके द्वारा प्रस्तुत दावोंको लेकर राजनीतिक और कानूनी बहस जारी है, उन्हें अंतिम रूपसे सिद्ध तथ्य मानना अभी उचित नहीं होगा। लेकिन इतना जरूर है कि चुनावी प्रक्रिया, मतदाता सूची और निर्वाचन आयोगकी पारदर्शितापर उठने वाले प्रत्येक प्रश्नका निष्पक्ष और तथ्यात्मक उत्तर मिलना लोकतंत्रके हितमें है। इसी संदर्भमें एसआईआर यानी मतदाता सूचीके विशेष गहन पुनरीक्षणका विवाद महत्वपूर्ण हो गया है। निर्वाचन आयोग स्वयं एसआईआर २०२६ से संबंधित मतदाता सेवाएं और मतदाता सूची उपलब्ध करा रहा है तथा वह अपनेको स्वतंत्र संवैधानिक प्राधिकरण बताता है।



लोकतंत्रमें सरकारकी जवाबदेही जितनी जरूरी है, विपक्षकी जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। सत्तासे मोहभंग लोकतंत्रका स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन उस मोहभंगको राजनीतिक परिवर्तनमें बदलनेके लिए विश्वसनीय विकल्प चाहिए। आज इंडिया गठबंधनके सामने चुनौती भाजपा और नरेन्द्र मोदीसे लड़नेसे बड़ी है। उसे जनताके मनमें यह विश्वास पैदा करना है कि उसके पास भारतके अगले दशककी कोई स्पष्ट, ठोस और क्रियान्वित करने योग्य कहानी भी है। विपक्ष यदि यह विश्वास पैदा कर पाया तो चुनाव आयोगका मुद्दा भी लोकतांत्रिक सुधारकी सार्थक बहस बनेगा।

दूसरी ओर विपक्षने इस प्रक्रिया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारकी कार्यप्रणालीपर गम्भीर सवाल उठाये हैं। इस विवादको अब सर्वोच्च न्यायालयमें भी चुनौती मिली है। इस पूरे मामलेका अंतिम निष्कर्ष राजनीतिक नारोंसे नहीं, संवैधानिक और न्यायिक प्रक्रियासे निकलेगा। यहीं विपक्षकी राजनीतिकी असली परीक्षा शुरू होती है। चुनाव आयोगके विरुद्ध आन्दोलन करना विपक्षका लोकतांत्रिक अधिकार है। मतदाता सूचीमें यदि किसी पात्र नागरिकका नाम गलत ढंगसे हटाया गया है तो उसका विरोध होना चाहिए। यदि किसी अधिकारीने नियमोंका उल्लंघन किया है तो उसकी जांच होनी चाहिए। लेकिन लोकतंत्रकी रक्षा केवल आयोगके विरोधसे नहीं होगी। लोकतंत्रकी रक्षा तब होगी जब विपक्ष जनताको यह भी बताये कि सत्ता मिलनेपर वह शिक्षा, रोजगार, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, शहरी जीवन, कानून-व्यवस्था और प्रशासनमें क्या बदलेगा।

यही वह बिन्दु है जहां वोट चोरीका राजनीतिक विमर्श जनताके रोजमर्राके सवालोंसे टकराता है। एक सामान्य परिवारको बच्चोंकी महंगी शिक्षाकी चिन्ता है। रोजगारकी बदलती प्रकृति, एआई और नयी तकनीकके कारण पारम्परिक कौशल तेजीसे अप्रासंगिक हो रहे हैं। डिग्री लेनेके बाद भी रोजगारकी गारंटी नहीं है। प्रतियोगी परीक्षाओंमें पेपर लीक और नकलकी घटनाएं युवाओंके विश्वासको चोट पहुंचाती हैं। ऐसेमें युवा यह जानना चाहता है कि अगली सरकार परीक्षा व्यवस्थाको कैसे विश्वसनीय बनायेगी, स्कूलोंकी गुणवत्ता कैसे सुधारेगी और बदलती तकनीकी अर्थव्यवस्थाके लिए करोड़ों युवाओंको तैयार कैसे करेगी। किसानकी समस्या भी केवल एमएसपी या आन्दोलनतक सीमित नहीं है। फसल आनेपर कीमत गिर जाती है और कुछ महीने बाद वही प्याज, टमाटर या दूसरी सब्जियां महंगी हो जाती हैं। इसका समाधान केवल विरोधमें नहीं, बल्कि गांव-कस्बेतक भंडारण, कोल्ड-चेन, प्रसंस्करण, कृषि बाजार और मूल्यवर्धनकी मजबूत व्यवस्थामें है। विपक्ष यदि कृषि सुधारोंका विरोध करता है तो उसे यह भी बताना होगा कि वह वैकल्पिक कृषि ढांचा किस तरह खड़ा करेगा।

रोजगारका प्रश्न इससे भी बड़ा है। भारतकी युवा आबादीको उद्योग, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, अनुसंधान और नयी तकनीकसे जोड़ना होगा। निवेशके लिए स्थिर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और भरोसेमंद कारोबारी वातावरण जरूरी है। केवल बड़े उद्योगपतियोंपर राजनीतिक प्रहार या संपत्तिकी गणना जैसे नारोंसे रोजगार पैदा नहीं होते। विपक्ष यदि संपत्तिके पुनर्वितरण या सामाजिक न्यायकी बात करता है तो उसे साथ ही यह भी बताना होगा कि संपत्ति और अवसर कैसे पैदा किये जायंगे। जितनी आबादी, उतना हक जैसी राजनीति सामाजिक प्रतिनिधित्वके प्रश्नको सामने लाती है, लेकिन आजकी चुनौती प्रतिनिधित्वके साथ-साथ क्षमता निर्माणकी भी है। पिछड़े, दलित, आदिवासी और कमजोर वर्गोंके बच्चोंको अच्छी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और अवसर मिलें-यह सामाजिक न्यायका अधिक स्थायी आधार है। केवल आंकड़े गिनना पर्याप्त नहीं, उन आंकड़ोंके पीछे खड़े मनुष्यका जीवन बदलना जरूरी है। इस पूरे परिदृश्यमें ममता बनर्जीकी भूमिका विशेष चर्चाका विषय बनी है। राष्ट्रीय विपक्षी राजनीतिमें उनकी भूमिकाको लेकर नया विमर्श अवश्य उभरा है। हालकी इंडिया गठबंधनकी बैठकमें उन्होंने विपक्षका दायरा बढ़ाने और व्यापक एकताकी आवश्यकतापर जोर दिया। यह बदलाव इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इंडिया गठबंधनका सबसे बड़ा संकट केवल भाजपासे मुकाबला नहीं, बल्कि उसके भीतरका परस्पर अविश्वास है। सीटोंका बंटवारा, क्षेत्रीय वर्चस्व, नेतृत्वका प्रश्न और राज्योंमें एक-दूसरेके खिलाफ लड़ने वाली पार्टियोंका राष्ट्रीय स्तरपर साथ आना आसान नहीं है। आजकी स्थितिमें आपका चुनाव आयोगतक प्रस्तावित मार्चसे अलग रहकर अपना रास्ता अपनाना भी इस अंतर्विरोधको दिखाता है।

कांग्रेस, तृणमूल, समाजवादी पार्टी, वामपंथी दल, राजद, आप और दूसरे क्षेत्रीय दल जब अलग-अलग राज्योंमें अलग-अलग राजनीति करते हैं, तब राष्ट्रीय मंचपर उनका साझा न्यूनतम कार्यक्रम क्या है। जनता इसीका उत्तर चाहती है। चुनाव आयोगके मुद्देपर भी यही कसौटी लागू होती है। इंडिया गठबंधनने ६ अक्तूबरको निर्वाचन आयोगतक मार्च सहित विरोध कार्यक्रम घोषित किये हैं और ज्ञानेश कुमारके इस्तीफेकी मांग उठायी है। यह आन्दोलन संवैधानिक प्रश्नोंको सार्वजनिक बहसके केन्द्रमें ला सकता है। लेकिन यदि विपक्षका पूरा राजनीतिक अभियान केवल एक व्यक्तिके इस्तीफेतक सीमित रह गया तो इससे चुनावी संस्थाओंपर व्यापक विश्वासका प्रश्न हल नहीं होगा। उसे यह भी बताना होगा कि सत्तामें आनेपर निर्वाचन आयोगकी नियुक्ति, मतदाता सूची, ईवीएम-वीवीपैट, चुनावी चंदे और चुनावी पारदर्शिताको लेकर वह कौनसे संस्थागत सुधार करेगा।

बड़ा प्रश्न है कि सत्ताकी पात्रताको विकसित करनेके लिए विपक्ष क्यों नहीं जनतासे जुड़े मुद्दोंको लेकर सकारात्मक राजनीतिको बल देती। वास्तवमें विपक्षके सामने सबसे बड़ा संकट मुद्दोंकी कमी नहीं, मुद्दोंको समाधानमें बदलनेकी क्षमताका है। बेरोजगारी है, शिक्षाका संकट है, कृषिकी समस्या है, स्वास्थ्यका खर्च है, महंगीकी चिन्ता है, शहरी प्रदूषण है, एआईसे बदलती नौकरियां हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्थामें भारतकी प्रतिस्पर्धाका प्रश्न है। जनता इन सबको प्रतिदिन महसूस करती है। लेकिन राजनीतिक विमर्श बार-बार मोदी बनाम कौन, राहुल बनाम मोदी, ईवीएम बनाम बैलेट और आयोग बनाम विपक्षकी बहसमें सिमट जाता है। भारतीय मतदाता सरकारसे मोहभंग होनेपर भी यह देखता है कि उसके सामने विकल्प क्या है। वह जमीन छोड़कर अंधे कुएंमें छलांग नहीं लगाता। उसे ऐसा विपक्ष चाहिए जो सरकारकी कमियां गिनानेके साथ अपनी क्षमताएं भी बताये, जो केवल सत्ताकी आलोचना नहीं, शासनका वैकल्पिक मॉडल प्रस्तुत करे, जो चुनाव आयोगसे सवाल पूछे तो अपनी चुनावी पारदर्शिताकी कसौटी भी सामने रखे, जो सामाजिक न्यायकी बात करे तो शिक्षा और अवसरका रास्ता भी बताये, जो उद्योगपतियोंसे सवाल करे तो निवेश और रोजगारकी अपनी नीति भी स्पष्ट करे। लोकतंत्रमें सरकारकी जवाबदेही जितनी जरूरी है, विपक्षकी जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। सत्तासे मोहभंग लोकतंत्रका स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन उस मोहभंगको राजनीतिक परिवर्तनमें बदलनेके लिए विश्वसनीय विकल्प चाहिए। आज इंडिया गठबंधनके सामने चुनौती भाजपा और नरेन्द्र मोदीसे लड़नेसे बड़ी है। उसे जनताके मनमें यह विश्वास पैदा करना है कि उसके पास भारतके अगले दशककी कोई स्पष्ट, ठोस और क्रियान्वित करने योग्य कहानी भी है। विपक्ष यदि यह विश्वास पैदा कर पाया तो चुनाव आयोगका मुद्दा भी लोकतांत्रिक सुधारकी सार्थक बहस बनेगा, ममता बनर्जीकी भूमिका भी सार्थक होगी और राहुल गांधीके सवाल भी व्यापक राजनीतिक विमर्शका हिस्सा बनेंगे।

भारतकी परिपक्व कूटनीतिका प्रमाण

रूस और यूक्रेनके बीच चल रहे लम्बे संघर्षने पूरी दुनियाको एक अभूतपूर्व संकटमें डाल दिया है। इस युद्धकी शुरुआतमें भारतने एक तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया था और सभी पक्षोंसे बातचीतके माध्यमसे शांति स्थापित करनेकी अपील की थी।

❒ **महेन्द्र तिवारी**

वर्तमान वैश्विक परिदृश्यमें कूटनीतिके मायने तेजीसे बदल रहे हैं। रूस और यूक्रेनके बीच युद्ध खिंचता गया भारतकी कूटनीतिक रणनीतिमें एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखनेको मिला है। आज भारत केवल युद्धविरामकी औपचारिक अपीलतक सीमित नहीं है, बल्कि वह इस संघर्षसे उपजी ठोस और व्यावहारिक समस्याओंके समाधानके लिए एक सक्रिय मध्यस्थकी भूमिका निभा रहा है। यह बदलाव विश्वपटलपर भारतकी उस छविको मजबूत कर रहा है जो उसे एक जिम्मेदार और प्रभावी वैश्विक शांति निर्माताके रूपमें स्थापित करती है। वर्ष १९४७ में अपनी स्वतंत्रताके बादसे ही भारतने अंतरराष्ट्रीय विवादोंसे खुदको दूर रखनेकी नीतिका पालन किया था, ताकि वह अपने आंतरिक विकासपर ध्यान दे सके। लेकिन २१वीं सदीका भारत एक अत्यंत शक्तिशाली और आत्मविश्वाससे भरा राष्ट्र है। आजकी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्थामें कोई भी बड़ी घटना भारतको अछूता नहीं छोड़ सकती है। इसलिए भारतने अपनी पुरानी संकोचशील नीतिको त्याग कर एक सक्रिय और मुखर विदेश नीति अपनायी है। रूस और यूक्रेनके संदर्भमें यह मुखरता स्पष्ट रूपसे दिखाई देती है। विश्व अब यह मान चुका है कि भारत केवल मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकता है। भारतने अपना ध्यान उन मुद्दोंपर केन्द्रित किया है जिनका सीधा असर पूरी मानवता और विशेषकर गरीब देशोंपर पड़ रहा है। इस युद्धने दुनियाभरमें खाद्यान्न संकट और ऊर्जाकी कमीको जन्म दिया है। ऐसेमें भारतने अपनी कूटनीतिक ऊर्जाको उन क्षेत्रोंमें लगाया है जो वैश्विक अर्थव्यवस्थाको पतनसे बचा सकते हैं। इस दिशामें सबसे महत्वपूर्ण कदम काला सागरमें व्यापारिक जहाजोंकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करनेका प्रयास है। युद्धके कारण इस मार्गसे होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हुआ है जिससे कई देशोंमें भुखमरी और महंगीका संकट खड़ा हो गया। भारतने रूस और यूक्रेन दोनोंके साथ अपनी बातचीतमें इस बात पर विशेष जोर दिया है कि खाद्यान्न और उर्वरक ले जाने वाले जहाजोंको युद्धका निशाना न बनाया जाय। भारतने संयुक्त राष्ट्रके साथ मिलकर इस बातपर जोर दिया है कि अनाजकी आपूर्तिको राजनीति या युद्धका हथियार नहीं बनाया जा सकता है। जहाजोंको सुरक्षित निकालनेके लिए बनाये गये समुद्री मार्गोंके समर्थनमें भारतकी आवाजने एक बड़ा कूटनीतिक दबाव बनाया है।

खाद्य सुरक्षाके साथ ही ऊर्जा कूटनीति इस संघर्षका एक अन्य अत्यंत संवेदनशील पहलू है। युद्ध क्षेत्रोंमें स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्रोंकी सुरक्षाको लेकर पूरी दुनियामें गहरी चिन्ता व्याप्त है। किसी भी दुर्घटनाकी स्थितिमें इसका परिणाम आने वाली कई पीढ़ियोंको भुगतना पड़ सकता है। भारतने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा नियमोंका हवाला देते हुए दोनों देशोंके नेतृत्वको इन संयंत्रोंकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेके लिए राजी करनेका निरन्तर प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा संसाधनोंके निर्बाध प्रवाहको बनाये रखनेके लिए भी भारतकी बातचीत बेहद महत्वपूर्ण रही है। यह सुनिश्चित करना कि युद्धके कारण दुनियाके अन्य देश अंधकार या भीषण सर्दीका शिकार न हों यह भारतकी परिपक्व कूटनीतिका बेहतरीन प्रमाण है।

भारतकी इस सक्रिय भूमिकाका एक बड़ा कारण विकासशील और गरीब देशोंके हितोंकी रक्षा करना भी है। इस युद्धका सबसे विनाशकारी आर्थिक परिणाम पश्चिमी देशोंने नहीं, बल्कि एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिकाके उन देशोंने उठाया है जो पहलेसे ही बड़ी आर्थिक चुनौतियोंसे जूझ रहे थे। भारतने अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर मजबूतीसे यह बात रखी है कि यूरोपकी समस्याको पूरी दुनियाकी समस्या नहीं माना जाना चाहिए लेकिन इस युद्धके आर्थिक परिणामोंसे कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता है। जब भारत काला सागरकी सुरक्षा या उर्वरकोंकी आपूर्तिकी बात करता है तो वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशोंके लिए बोल रहा होता है जिनकी आवाज वैश्विक मंचोंपर अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। हालके महीनोंमें भारतीय नेतृत्व द्वारा किये गये उच्चस्तरीय संवाद इस बातका जीवंत प्रमाण हैं कि भारत शांतिकी प्रक्रियामें कितना गहराईसे निवेश कर रहा है। भारतने अपनी कूटनीतिक कुशलता से इस दरवाजेको बंद नहीं होने दिया है। यह इस बातको भी दर्शाता है कि भारतकी विदेश नीति कितनी स्वतंत्र और लचीली है।

भारतकी इस मध्यस्थताकी सफलताका सबसे बड़ा कारण उसका दोनों पक्षोंके बीच समान रूपसे विश्वसनीय होना है। वर्तमानमें बहुत कम देश ऐसे हैं जो रूस और यूक्रेन दोनोंके साथ बिना किसी पूर्वाग्रहके बातचीत कर सकते हैं। रूसके साथ भारतके ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध बहुत गहरे हैं इसलिए रूसी नेतृत्व भारतकी चिन्ताओंको बहुत गम्भीरतासे लेता है। दूसरी ओर भारतने क्षेत्रीय अखंडता और देशोंकी संप्रभुताके सम्मानपर निरन्तर जोर देकर यूक्रेन तथा अन्य पश्चिमी देशोंका भी पूरा विश्वास हासिल किया है। भारतकी यह निष्पक्षता उसे अन्य देशोंके उन प्रयासोंसे अलग करती है, जिन्हें अक्सर संदेहकी दृष्टिसे देखा जाता है। भारतकी यह यात्रा उसकी विदेश नीतिके एक नये युगका प्रतीक है। इसका अर्थ यह नहीं है कि भारत किसी सैन्य गुटका हिस्सा बन रहा है, बल्कि इसका अर्थ यह है कि भारत हर उस देशके साथ खड़ा है जो शांति, विकास और मानवताके पक्षमें है। भारतीय संस्कृतिका मूल विचार जो पूरी पृथ्वीको एक परिवार मानता है उसने इस कूटनीतिको एक गहरा दार्शनिक आधार प्रदान किया है। अंततः यह स्पष्ट रूपसे कहा जा सकता है कि रूस और यूक्रेनके बीच चल रहे इस टकरावमें भारतकी भूमिका एक मूकदर्शक या केवल उपदेश देने वाले देशकी बिल्कुल नहीं रह गयी है। ठोस आर्थिक और मानवीय मुद्दोंपर बातचीत करके, सुरक्षित व्यापारिक मार्ग सुनिश्चित करवाकर और परमाणु सुरक्षा जैसे अत्यंत गम्भीर विषयोंपर हस्तक्षेप करके भारतने विश्वको यह दिखा दिया है कि वह सबसे जटिल भू-राजनीतिक समस्याओंका भी व्यावहारिक समाधान देनेकी असीम क्षमता रखता है। यही वह अद्वितीय कूटनीतिक कौशल है जो आने वाले समयमें वैश्विक व्यवस्थामें भारतके कदको और अधिक ऊंचा करेगा और उसे सही मायनोंमें विश्वमें शांति स्थापित करने वाले एक प्रमुख और जिम्मेदार राष्ट्रके रूपमें हमेशाके लिए मान्यता दिलायेगा।

आत्मबोध

निष्काम भाव

❒ **बाबा हरदेव**

जन्म लेना प्राकृतिक घटना है। यह महत्वपूर्ण नहीं है। महत्व इस बातका है कि जन्मके बाद निष्काम कर्म अथवा अकर्म करनेपर सही अर्थोंमें जीवन मिल सकता है। जन्म तो केवल महान जीवनकी संभावना मात्र है। ऋषियोंका कथन है कि मनुष्यकी आयुसे वास्तविक जीवन और निष्काम जीवनका पता नहीं चलता। मनुष्य कैसा जीवन जीता है, कैसे निष्काम कर्म करता है, इससे इसके असली जीवन जीनेका पता चलता है। अतः जीवनका संबंध लंबी आयुसे कम है, बल्कि जीवनका महत्व तो ज्यादा निष्काम कर्मसे जुड़ा है, क्योंकि जीवनका अस्तित्व संज्ञाओंसे नहीं बनता, बल्कि जीवन क्रियाओंसे निर्मित होता है। अब वास्तविकता यह है कि शुभ और निष्काम कर्मका भाव तो मनुष्य जीवनमें परमात्माकी प्राप्तिके बाद ही शुरू होता है। जब मनुष्य पूर्ण सतगुरु द्वारा धार्मिकताकी सतत धाराको अनुभव करता है फिर मनुष्यका जीवन सुगंधसे भर जाता है ऐसी सुगंध जो फिर कभी नहीं चूकती। ऐसी सुगंधको अध्यात्ममें निष्काम कर्मके नामसे संबोधित किया जाता है। धर्म निष्काम कर्म है, लेकिन निष्काम कर्म, धर्म नहीं है। इनमें बड़ा अंतर है। यदि निष्काम कर्म धर्म है तो फिर निष्काम कर्म धर्मसे ऊपर हो गया, परंतु ऐसा नहीं है। इसलिए मनुष्यको पहले धर्मिकताके वास्तविक रहस्यको पूर्ण सतगुरुसे समझना होगा फिर मनुष्य निष्काम कर्म करनेवाला हो जायगा। निष्काम कर्म फिर छायाकी तरह मनुष्यके साथ-साथ चलेगा अर्थात् मनुष्य ऐसे निष्काम कर्ममें समा जायगा। स्पष्ट है कि मनुष्य फिर निष्काम कर्म करके इसके पीछे भी नहीं खड़ा होगा और न ही निष्काम कर्म, परोपकारका उपयोग करनेके बाद इसे पीछे खड़ा होकर देखेगा। अपितु इस अवस्थामें निष्काम कर्मका उपयोग करके मनुष्य स्वयं पीछे हट जायगा तथा मनुष्यके मनमें फिर अकर्तापनका भाव आ जायगा। इस प्रकारके निष्काम भावसे किये गये कर्मको शब्द भी पूरी तरह नहीं कह पाते। ऐसा निष्काम कर्म तो मनुष्यके लिए एक आनन्दका कारण होता है, उत्सवके समान होता है। अंतमें यही कहना ठीक होगा कि जो व्यक्ति ईश्वरके प्रति समर्पित और निष्काम भावसे किये गये कर्मको करता हुआ जीवन व्यतीत करता है, उसके लिए वही जीवन ईश्वरकी उपासना बन जाता है। इसका प्रत्येक कर्म एक प्रार्थनाके समान होता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोणसे निष्काम कर्म मनुष्यके लिए सबसे बड़ी संपदा है, क्योंकि निष्काम भावसे कर्म करनेवाला कर्मयोगी मनुष्य कभी भी अधूरा नहीं होता है।

किसानको कब मिलेगा सफेद सोनेका वाजिब दाम

❒ **डा. जितेन्द्र सिंह**

उथले पानीमें उगने वाली मखानाकी फसल किसानोंके लिए अब गहरी कमाईका जरिया बन रही है। इसे अब राष्ट्रीय मखाना बोर्ड, सरकारी सब्सिडी और वैश्विक बाजारका सहारा भी मिल रहा है। मखाना तालाबके ठहरे पानीकी सतहपर बड़े गोल पत्ते और उसके नीचे कीचड़में काले, गोल बीज, जिन्हें स्थानीय लोग गुर्री कहते हैं। यही काले बीज प्रसंस्कृत होकर जब बाजार पहुंचते हैं तो लोग उन्हें मखाना और कारोबारी सफेद सोना कहते हैं। कभी व्रत-उपवासतक सीमित रहा मखाना, अब शहरोंकी रसोईमें सुपरफूडके रूपमें जगह बना चुका है। इसके पीछे किसानकी मेहनत हैं। मखाना सिंघाड़ेकी तरह जलकी सतहपर तैरने वाली फसल है। इसके बीजोंको प्रसंस्कृत कर सूखे फल (लावा) के रूपमें बेचा जाता है। यह पौष्टिक तत्वोंसे भरपूर है। किसानों और ग्रामीणोंके लिए अच्छी आय देने वाली नकदी फसल भी है। फलाहारमें इसकी खपत बड़े पैमानेपर होती है। इसे सब्जीके रूपमें, घीमें भूनकर, हलवा बनाकर, नमकीन और स्नैक्समें भी खूब इस्तेमाल किया जाता है। देशमें मखाना उत्पादनका बड़ा हिस्सा बिहारसे आता है। राज्य कृषि विभागके आंकड़ोंके मुताबिक देशके कुल उत्पादनमें बिहारकी हिस्सेदारी लगभग ८५ प्रतिशत है। कई स्रोत तो इसे ९० फीसदीतक बताते हैं। मखाना उत्पादन मुख्य रूपसे मिथिलांचलके नौ जिलोंमें केन्द्रित है। मधुबनी, दरभंगा, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, अररिया, सीतामढ़ी और किशनगंजमें इसकी बड़े पैमानेपर खेती होती है। सर्वाधिक उत्पादन इसका सहरसामें होता है। रकबे और उत्पादनके आंकड़ेपर जाय तो बिहारमें लगभग ३५ हजार हेक्टेयर क्षेत्रसे लगभग दस हजार टन वार्षिक उत्पादन होता है। इस तरहसे बिहारके मखाना उद्योगका कारोबार लगभग तीन हजार करोड़ रुपयेका है। पहचानके मोर्चेपर बड़ी उपलब्धि २०२२ में मिली, जब मिथिला मखानाको भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा दिया गया। यहांसे मखाना अमेरिका, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड जैसे देशोंको भेजा जाता है।

मखाना क्षेत्रके लिए सबसे बड़ा नीतिगत मोड़ केन्द्रीय बजट २०२५-२६ में आया। वित्तमंत्रीने बिहारमें मखाना बोर्ड बनानेकी घोषणा की, जिसका मकसद उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणनको बढ़ावा देना था। इसके बाद प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने १५ सितंबर २०२५ को पूर्णियामें राष्ट्रीय मखाना बोर्डका उद्घाटन भी किया। सरकारका यह कदम आने वाले दिनोंमें इस व्यवसायके लिए मीलका पत्थर साबित होगा। मखाना बोर्डके पीछे बड़ा वित्तीय आधार है। केन्द्रकी छह वर्षीय (२०२५-२६ से २०३०-३१) योजना ४७६ करोड़ रुपयेकी है। बोर्डके काममें किसानोंको प्रशिक्षण, बाजारतक पहुंच, निर्यातको बढ़ावा और आईसीएआर, नाबार्ड एवं कृषि विश्वविद्यालयोंके साथ साझेदारी शामिल हैं। बोर्डका लक्ष्य स्वर्ण वैदेही और सबौर मखाना-१ जैसी अधिक उपज देने वाली किस्मोंको बढ़ावा देना भी है। यह उस कमीको दूर करनेकी कोशिश है, जिसे मखाना किसान वर्षोंसे प्रतिक्षारत थे। मखाना खेतीको बढ़ावाको लेकर राज्य स्तरपर भी कई कदम उठे हैं। बिहार सरकारने २०२६-२७ के लिए मखाना विकास योजना शुरू की है, जिसमें किसानों और उद्यमियोंको खेती, प्रसंस्करण इकाइयों, ब्रांडिंग और निर्यातके लिए सब्सिडी देनेका काम करेगी। इसके तहत मखाना खेतीकी लागतपर ७५ प्रतिशततक अनुदानका प्रावधान है और सफाई, ग्रेडिंग एवं रोस्टिंग मशीनोंके लिए अलग अनुदान मिलता है। यही नही, बुनियादी ढांचागत विकासपर भी सरकार ध्यान दे रही है। रिपोर्टके मुताबिक २०२६ की शुरुआततक बोर्डने उत्पादन क्षेत्रोंके पास नये कार्गो टर्मिनल और कोल्ड स्टोरेज इकाइयोंकी वार्षिक कार्य योजनाओंको मंजूरी दे दी है।

मखानेकी खेती वहां हो सकती है जहां पानीका भराव स्थिर रहे और गहराई लगभग तीनसे छह फीट हो। कम गहरे तालाबों, पोखरों, सरोवरों और बावड़ियोंमें भी यह अच्छी होती है। जिन क्षेत्रोंमें पानीकी तलहटीमें दलदली मिट्टी होती है, वहां ह्यूमस अधिक मिलता है, इसलिए वह भूमि ज्यादा उपयुक्त मानी जाती है। आम तौरपर बुआई नवंबरसे दिसंबरके बीच होती है। पुराने जल क्षेत्रोंमें, जहां पिछले सालोंसे खेती होती रही हो, सीधे बीज बोना ज्यादा लाभकारी रहता है। नये तालाबोंमें रोपाई बेहतर मानी जाती है जिसे दिसंबरसे जनवरीतक पूरा कर लेना चाहिए। एक एकड़ जल क्षेत्रके लिए ३० से ४० किलो बीज पर्याप्त रहता है। बीजको पांचसे सात दिन पानीमें भिगोकर जूटके बोरेमें भरकर छायादार जगह रखनेसे जमाव अच्छा होता है। फसल जुलाई-अगस्तमें तैयार होती है। जूनसे ही फल फूटने लगते हैं और बीज सतहपर आकर एक-दो दिनमें फिर तलहटीमें बैठ जाते हैं। एक फलमें आम तौरपर ४० से ७० बीज बनते हैं। मखाना खेतीका असली श्रम यहीं दिखता है। तलहटीमें बार-बार गोते लगाकर बीज एक जगह जमा किये जाते हैं, फिर बांसके विशेष उपकरणमें भरकर बाहर लाये जाते हैं। इसके बाद प्रसंस्करणके लिए भेजा जाता है। एक एकड़ जल क्षेत्रसे बीज इकट्ठा करनेमें छहसे सात श्रमिकोंको पांचसे छह दिन लग जाते हैं। यही वजह है कि बोर्डकी प्राथमिकताओंमें खेतीके आधुनिकीकरण और मशीनीकृत करनेपर जोर है। मखाना बोर्ड तालाब आधारित पारम्परिक श्रमसे आगे बढ़कर खेत-प्रणाली आधारित खेतीपर जोर दे रहा है। इकट्ठे किये गये दानोंकी ग्रेडिंग की जाती है। अच्छी तरह सुखानेके बाद अनुभवी लोग इन्हें भूनकर लावा बनाते हैं। लावा पॉलीथिन बैगमें सामान्य तापमानपर कई दिनतक बिना खराब हुए रखा जा सकता है। बीजके वजनका लगभग ३० से ४० प्रतिशत लावा मिलता है, यानी सौ किलो बीजसे ३५ से ४० किलो लावा तैयार होता हैं। बाजारमें बिक्रीके लिए लावा तीन श्रेणियोंमें बांटा जाता है। बड़े आकारका रसगुल्ला, मध्यम आकारका समुंधा और छोटे आकारका ठुर्री कहलाता है।

सामान्यतः बाजारमें प्रसंस्कृत मखाना १००० से १५०० रुपये प्रति किलो बिकता है। औसतन एक एकड़ जल क्षेत्रसे पांचसे छह क्विंटल मखाना पैदा होता है। जरूरी यह कि किसानतक लाभका कितना हिस्सा पहुंचता है। यह पूरी तरह बिचैलियोंकी भूमिकापर निर्भर करता है। बाजारमें ऊंचे दामोंमें बिकने वाला मखाना बिचैलिये महज १२०-१५० प्रति किलोकी दरसे खरीदी करते हैं। सरकारका अब इस ओर ध्यान गया है। रिर्पोटके अनुसार मखाना बोर्ड बिचैलियोंको हटाकर किसानसे सीधे निर्यात करानेकी कोशिश कर रहा है। इसके लिए निर्यातकोंको एफएसएसएआई नियमों, ऑर्गेनिक सत्यापन-प्रमाणन और निर्यात पैकेजिंग मानकोंके पालनमें मदद जरूरी देगा। असल परीक्षाकी घड़ी तब आयगी, जब इस योजनाका लाभ तालाबमें गोता लगाते उस किसानकी चैखटतक पहुंचेगा। यदि उसे बेहतर बीज, मशीन, सही दाम और सीधा बाजार मिला तो मखाना सचमुच किसानोंके लिए सफेद सोना साबित हो सकता है।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 685 अंक चढ़ा

मुंबई। कच्चे तेल के दाम घटकर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने और बैंकों एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 685 अंक और निफ्टी में 220 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों के मजबूत संकेतों और कच्चे तेल में नरमी से निवेशक धारणा बेहतर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 685.34 अंक यानी 0.95 प्रतिशत चढ़कर 73,067.81 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 220.35 अंक यानी 0.98 प्रतिशत बढ़कर 22,776.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सबसे अधिक 12.78 प्रतिशत उछल गया। कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), इटर्नल और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, टाइटन, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.70 प्रतिशत गिरकर 98.59 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, %%कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट आने से व्यापक आर्थिक दबाव कुछ कम हुआ है, जिससे घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे सत्र तेजी रही। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.25 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट एक प्रतिशत की तेजी पर रहा। क्षेत्रवार सूचकांक में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.33 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.79 प्रतिशत, औद्योगिक खंड में 1.62 प्रतिशत और एफएमसीजी खंड में 1.57 प्रतिशत की तेजी रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जी7 देशों के रणनीतिक तेल भंडार से बड़ी मात्रा में तेल जारी होने और पाइपलाइन के जरिये वैकल्पिक आपूर्ति बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते जहाजों की आवाजाही में आई बाधाओं का असर कुछ कम हुआ। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं खुदरा क्षेत्र की कंपनियों के दूसरी तिमाही के मजबूत कारोबारी अपडेट तथा वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ तेल की कीमतों में गिरावट ने निवेशकों की धारणा को बेहतर किया। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट में रहा।

नयी स्कोडा स्लेविया जो कहे सबकुछ-स्टाइल, दमदार खूबियों और आत्मविश्वास के साथ

नयी दिल्ली । स्कोडा ऑटो इंडिया ने नई स्लेविया की कीमतों की घोषणा कर दी है और इसकी डिलीवरी अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। सेडान जो कहे सबकुछ वाली नई स्लेविया में और भी निखरा हुआ यूरोपीय डिज़ाइन, दमदार और रोमांचक प्रदर्शन, स्मार्ट तकनीक, बेहतर आराम और भरोसेमंद सुरक्षा-सब कुछ एक शानदार पैकेज में मिलता है। भारत के लिए विशेष रूप से तैयार एमक्यूबी-ए0-आईएन प्लेटफॉर्म पर निर्मित यह कार लॉन्च के समय छह वेरिएंट-क्लासिक,क्लासिक+,सिग्नेचर, स्पोर्टलाइन, प्रेस्टीज़ और मोन्टे कॉर्लो-में उपलब्ध होगी। 1.0 टीएसआई इंजन के साथ छह-स्पीड मैनुअल या बिल्कुल नया आठ-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है, जबकि 1.5 टीएसआई इंजन को सात-स्पीड डीएसजी गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक आशीष गुप्ता ने कहा, स्लेविया ने हमेशा से ही उन खूबियों को एक साथ पेश किया है, जिन्हें ग्राहक एक सेडान में सबसे अधिक महत्व देते हैं-सदाबहार डिज़ाइन, शानदार ड्राइविंग अनुभव, आराम, सुरक्षा और बेहतरीन इंजीनियरिंग। नई स?लेविया इन्हीं खूबियों को और आगे ले जाती है, जिसमें पहले से अधिक आकर्षक डिज़ाइन, स्मार्ट तकनीक और बिल्कुल नया आठ-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स शामिल है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
पता:- विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांक:- 2402/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

ई-निविदा नोटिस (छठवां आमंत्रण)

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई-टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीए0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
विधायक निधि						
1		ग्राम सभा गौरा में बारात घर का निर्माण कार्य।	17.91	0.358	300+18% GST+500=854	3 माह
पूर्वान्चल विकास निधि (जिलांश)						
2		शिवपुर वार्ड में जय दुर्गा नगर कादीपुर मुख्य मार्ग पर मनोज कुमार सिंह के घर से पश्चिम दिशा को जाने वाली सड़क राजेश कुमार के घर से हाट हुए वेदानन्द झां के घर तक तथा उत्तर में रमाकान्त दूबे के घर से कृष्णानन्द पाण्डेय के घर तक व रामजी श्रीवास्तव के घर से गोपाल सोनकर के घर तक जर्जर पत्थर पर इन्टरलाकिंग या पिच बनाने का कार्य।	33.20	0.664	300+18% GST+2000=2354	3 माह
3		सारनाथ वार्ड में श्रीलंका गेस्ट हाउस से एटीसी टावर से आनंद श्रीवास्तव के घर से एस ए 14/67-एस'ए-3 से होते हुए सुमन सादव के घर तक 400 मी0 इण्टरलाकिंग का कार्य।	21.04	0.421	300+18% GST+2000=2354	3 माह
4		सारनाथ वार्ड सारंगनाथ कालोनी हीरामनपुर रेलवे क्रासिंग में उषा देवी के घर से बच्चा लाल सेठ के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	14.16	0.283	225+18% GST+500=766	3 माह
5		सारनाथ वार्ड में बोली बाबा कालोनी से पारस यादव के मकान से भोनू के मकान तक ल0 150 मी0 तक सड़क निर्माण का कार्य।	15.31	0.306	300+18% GST+500=854	3 माह
6		सारनाथ वार्ड में बुद्धामिती कालोनी फेस-1 घुरहूपुर आंतरिक कालोनी मार्ग विजय सिंह के मकान से विजय यादव के मकान नशामुक्ति केन्द्र होते हुए मिथिलेश सिंह के मकान से राजेश यादव के मकान होते हुए रामआशीष चौहान के मकान तक 350 मी0 इण्टरलाकिंग व जल निकासी कार्य।	17.90	0.358	300+18% GST+500=854	3 माह
पूर्वान्चल विकास निधि (राज्यांश)						
7		शंकुलधारा पोखरा से खोजवा बाजार पुस्तकालय होते हुए राम मन्दिर तक मेन रोड पर एक कोट पेन्टिग का कार्य गली में के0सी0 ड्रेन इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	19.21	0.384	300+18% GST+500=854	3 माह
8		सुन्दरपुर सट्टी चौराहा से धीरेन्द्र महिला पी0जी0 कालेज होते हुए पंचकोसी तिराहे तक मेन रोड पर एक कोट पेन्टिग का कार्य साथ में लगी के0सी0 ड्रेन इण्टरलाकिंग का कार्य	28.04	0.561	300+18% GST+500=854	3 माह
त्वरित आर्थिक विकास						
9		वार्ड तरना गौतम गार्डन कॉलोनी सुद्धीपुर में श्री रामजी लाल के आवास ए-35 की चहरदीवारी से होकर ए-39 के बाद खाली प्लाट तक एवं उससे सटे दो छोटे छोटे उपमार्ग कुल दूरी 150 मी पर इंटरलाकिंग का कार्य	18.26	0.365	300+18% GST+500=854	3 माह
10		वार्ड अकथा पैगंबरपुर से श्रीराम पी0जी0 कालेज के पास से दुखरण बाबा मंदिर तक कच्चे मार्ग का नव निर्माण कार्य	21.97	0.439	300+18% GST+2000=2354	3 माह
11		अकथा वार्ड अंतर्गत वाराणसी गाजीपुर मार्ग के किमी0-04 से सार्थक सर्जिकल हास्पिटल होते हुए ग्राम अकथा तक सड़क नव निर्माण का कार्य	9.13	0.183	225+18% GST+500=766	3 माह
12		वार्ड नारायणपुर अंतर्गत साई धाम कॉलोनी में शिव मंदिर से मृत्युंजय सिंह के म0 शी 5ध48-सी-15 एम से दीनानाथ सिंह के मकान शी 5ध48 क 15-डी होते हुए स्व0 यादवेन्द्र प्रताप सिंह के मकान शी 5ध48 के-1के से होते हुए कुंडेश्वर नाथ ओझा तक सड़क निर्माण	9.80	0.196	225+18% GST+500=766	3 माह
13		रमरेपुर वार्ड अंतर्गत आजमगढ़ रोड स्थित मस्जिद से होते हुए रसूलपुर रोड तक जर्जर मार्ग का मरम्मत कार्य	25.74	0.515	300+18% GST+2000=2354	3 माह
14		पहड़िया वार्ड अंतर्गत आनंदपुर देवेन्द्र सिंह पप्पू के घर से राजेंद्र सिंह के मकान तक सड़क निर्माण का कार्य	15.46	0.309	300+18% GST+500=854	3 माह
15		अनमोल नगर कालोनी में मकान न. 6622-ि से म. न. 11689-। तक कच्ची सड़क को पक्की करने के सन्दर्भ में	10.38	0.208	225+18% GST+500=766	3 माह
16		वार्ड नई बस्ती में मकान नं0 एस 9ध172 डा0 वैजनाथ से लेकर एस 9ध181 डा0 सतीश शुक्ला तक इंटरलाकिंग नव निर्माण का कार्य	10.20	0.204	225+18% GST+500=766	3 माह
17		वार्ड नई बस्ती मकान नं0 9ध67-ए रंगीले सोनकर के सामने कच्ची गली में मौर्या जी सिपाही तक इंटरलाकिंग का कार्य	14.44	0.289	225+18% GST+500=766	3 माह
18		वार्ड नई बस्ती में मकान नं0 एस 9ध142-एच-33 स्व0 सुखदेव सेठ के घर से एस 9ध34- धर्मेन्द्र राय के घर तक नाला से कुए तक इंटर लाकिंग का कार्य	10.44	0.209	225+18% GST+500=766	3 माह
19		वार्ड सरसौली में मीरापुर बसही बरन बाबा मंदिर के सामने से त्रिवेणी सोनकर के मकान तक इंटर लाकिंग का कार्य	11.45	0.229	225+18% GST+500=766	3 माह
20		वार्ड सरसौली में कुमार प्रेट्रोल पम्प के सामने शिव मेडिकल से ज्ञानोदय स्कूल तक इंटर लाकिंग व जल निकासी का कार्य	17.88	0.358	300+18% GST+500=854	3 माह
21		वार्ड अकथा में तदीया चकबिही में संकठा मौर्या के दुकानस ए लेकर राम लाखांस फूल तक गली का नव निर्माण कार्य	13.96	0.279	225+18% GST+500=766	3 माह
22		वार्ड दानियाल्पुर में पंचकोशी रोड रेलवे क्रासिंग के पहले दुर्गा नगर कालों सेक्टर नंबर 2 अभिमन्यु मौर्या व पप्पू सोनकर के मकान से अशोक पाण्डेय के मकान अक कच्चे रास्ते पर क्रेसी ड्रेन व इंटर लाकिंग का कार्या लम्बाई 200 मी0	19.75	0.395	300+18% GST+500=854	3 माह
23		वार्ड दनियालपुर में पंचकोशी चौराहा से शुक्ला मेडकल के बगल वाली गली से मंगल सेठ के मकान होते हुए दीत्रायीर बाबा मंदिर होते हुए चौरा माता मंदिर तक सडक निर्माण ल0 लगभग 300 मी0	18.08	0.362	300+18% GST+500=854	3 माह
24		वार्ड दनियालपुर में पंचकोशी चौराहा चौरा माता मंदिर विमला देवी के मकान से सूरज कन्नौजिया विक्की मदन लाल के मकान होते हुए राजेश मौर्या के मकान हॉट एहुए प्रमोद यादव के मकान होट एहुए बब्लू सेठ के मकान होते हुए प्रमोद यादव के मकान तक ल0 लगभग 500 मी सड़क निर्माण का कार्य	25.59	0.512	300+18% GST+2000=2354	3 माह
25		वार्ड रमरेपुर अंतर्गत चित्र गुप्त नगर कॉलोनी में मोहन विश्वकर्मा के मकान सा 5ध176 से होते हुए आर दिन राय के मकान सा 5ध129 जी-2-एम के मकान से होते हुए सुधीर श्रीवास्तव के म0 सा 5ध128 एम-2 पाठक के मकान-सा 5ध176 एफ एफ से होते हुए च एसडबल्यू0 सुरेन्द्र पटेल जी के मकान तक चौका पर इंटर लाकिंग का कार्य	18.92	0.378	300+18% GST+500=854	3 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 17.10.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 17.10.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 17.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:– 257579 अधिशासी अभियन्ता

दिनांक:– 05.10.2026 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–वाराणसी

श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

वेबसाईट:– **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
पता:- विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांक:- 2400/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

ई-निविदा नोटिस

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई-टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीए0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 सहित	बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
सी0एस0आर0 योजना						
1	वाराणसी	विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा खनांव में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
2		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा गजाधर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
3		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा केशरीपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
4		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा भुल्लनपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
5		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा चांदपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
6		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा बनकट में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
7		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा हरपालपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
8		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा सरहरी में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
9		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा छितौनी में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
10		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा कोटवा में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
11		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा बखरिया में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
12		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा महमूदपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
13		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा भरथरा में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
14		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा घमहापुर (भट्ठी) में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
15		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा केराकतपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
16		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा अमराखैराचक में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
17		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा सगहट में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
18		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा रामपुर (मीरापुर) में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
19		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा सदलपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
20		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा कादीपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
21		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा देल्हना में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
22		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा भदवर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
23		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा नैपुरकला में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
24		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा सरायडगरी में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
25		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा मूड़ादेव में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
26		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा नरउर 3 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
27		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा मिसिरपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
28		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा रमना 1 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
29		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा लखमीपुर 2 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
30		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा टडिया 2 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
31		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा नरोत्तमपुर खुर्द 3 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
32		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा सुलतानपुर 3 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
33		विकास खण्ड-काशी विद्यापीठ, ग्रामसभा भिटी में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
34		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा बभनियाव में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
35		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा टोडरपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
36		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा पयागपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
37		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा बढ़ैनी खुर्द में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
38		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा बढ़ैनी कला में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
39		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा चकमातलदेई में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
40		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा परमपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
41		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा मिल्किचक 1 में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
42		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा शहाबाबाद में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
43		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा घमहापुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
44		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा सरायमोहन में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
45		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा जगरदेवपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
46		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा ढोलापुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
47		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा धनपालपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
48		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा बहोरनपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
49		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा नियैसीपुर में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह
50		विकास खण्ड-आराजी लाईन, ग्रामसभा कोरउत में लाइब्रेरी सहित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (मॉडल आंगनबाड़ी) का निर्माण कार्य।	21.01	0.420	300+18% GST+2000=2354	3 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.10.2026 से दिनांक 30.10.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.10.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 30.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:– 257561 अधिशासी अभियन्ता

दिनांक:– 05.10.2026 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–वाराणसी

श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

वेबसाईट:– **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक:- 4945/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26-27 दिनांक:- 28/09/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)

राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाइन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक-12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-22.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-22.10.2026 अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-22.10.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।-

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	गाजीपुर	भक्सी दिलदारनगर भदौरा गहमर भतौरा मगरखाई बारा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 11.000 से 24.600 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1621.00	30.00	12 माह	5590.00	निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, गाजीपुर	जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर	वाराणसी क्षेत्र लो0नि0वि0, वाराणसी

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-16/2020/ए-1-10शा0स0/दस-2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0-9/4/2020-पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं है। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।

(संतोष कुमार) (एस0के0 सिंह)

अधिशासी अभियन्ता अधीक्षण अभियन्ता

निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि. जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि.,

गाजीपुर जौनपुर

उ.प्र.:- 257497,दिनांक:- 05.10.2026 वेबसाइट- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी
पता:- विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांक:- 2392/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्राली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

ई-निविदा नोटिस (सातवां आमंत्रण)

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में ए0बी0सी0डी0 एवं ई श्रेणी में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से मैन्यूवल विधि से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत है:-

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित	बिड सिकुरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित
1	2	3	4	5	6	7
निधि-विधायक निधि						
1	वाराणसी	खजुरी वार्ड अन्तर्गत इन्द्रा नगर कालोनी में अवशेष सड़क निर्माण कार्य।	5.90	0.295	225+18% GST+500=766	3 माह
2		वार्ड खजुरी में चुनावीर कालोनी में इण्टरलॉकिंग का कार्य।	1.92	0.096	150+18% GST+500=677	3 माह
3		वार्ड खजुरी में तुलसी निकेतन जे0पी0 सिंह के मकान से लेकर नीसू यादव के मकान तक चौका रिसेटिंग का कार्य।	4.91	0.245	150+18% GST+500=677	3 माह
4		वार्ड खजुरी में रत्नेश के मकान से लेकर कालोनी रोड तक गली में इण्टरलॉकिंग कार्य।	4.88	0.244	150+18% GST+500=677	3 माह
5		वार्ड खजुरी में पक्की बाजार रोड से नरेन्द्र भारती से लेकर में बस्ती तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	4.77	0.239	150+18% GST+500=677	3 माह
6		वार्ड नई बस्ती के मकान नं0 एस 9/142-ए रूबी सिंह के मकान से एस 9/142-5 मनोज जयसवाल के घर तक कच्ची गली पर इण्टरलॉकिंग का कार्य।	6.24	0.312	225+18% GST+500=766	3 माह
7		वार्ड नदेसर में पिन्टू आवास से सतीश सिंह व विजयानन्द दूबे तक हॉट एहुए छेदी लाल यादव तक चौका मरम्मत कार्य एस 17/95 लक्ष्मी घाट व कुछ हिस्से में कच्ची गली 100 मी0 तक इण्टरलॉकिंग का कार्य।	2.69	0.134	150+18% GST+500=677	3 माह
8		वार्ड नदेसर में कमलदीप के आवास से गिरधारी लाल गुप्ता के घर तक चौका मरम्मत का कार्य।	6.05	0.303	225+18% GST+500=766	3 माह
9		वार्ड नदेसर में विनोद सिंह के मकान एस 17/95 ए-बी से एस 17/95-13 ख से होते हुए संतोष गुप्ता के नाला तक चौका मरम्मत का कार्य।	5.98	0.299	225+18% GST+500=766	3 माह
10		वार्ड नं0 6 सरसौली अन्तर्गत श्री कृष्णपुरम कालोनी मीरापुर बसही में श्री कृष्णपुरम कालोनी में सिन्धौरा रोड से सारदा कन्नौजिया के घर तक पत्थर का चौका लगाने का कार्य।	1.90	0.095	150+18% GST+500=677	3 माह
11		अशोक पुरम कालोनी मीरापुर बसही में राजकुमार सिंह के मकान ए 26/42 पी-14 से होते हुए ओम प्रकाश सिंह के मकान नं0 एस 26/42 ए-बी-इ से होते हुए दरोगा सिंह के मकान तक सड़क निर्माण कार्य।	1.93	0.097	150+18% GST+500=677	3 माह
12		वार्ड रमरेपुर पार्षद गली स्व0 जागरु शर्मा के मकान से देववन्द्र पटेल के मकान तक जर्जर चौका पर इंटर लाकिंग का कार्य	2.88	0.144	150+18% GST+500=677	3 माह
13		वार्ड रमरेपुर में राजभर बस्ती से रिंगाल इलेक्ट्रोनिक वाली गली से होते हुए सुरेश राजभर के मकान से कचौड़ी वाली से होते हुए गुप्ता के मकान तक इंटर लाकिंग का कार्य	4.39	0.219	150+18% GST+500=677	3 माह
14		वार्ड चौका घाट में मलहिया टोला के सभी गलियों में रिसेटिंग का कार्य।	6.19	0.309	225+18% GST+500=766	3 माह
15		वार्ड जगतगंज में सी 28/154 तेलियाबाग कुआ से लालन यादव के मकान वाली में चौका मरम्मत 90 मी0 का कार्य	6.99	0.350	225+18% GST+500=766	3 माह
16		वार्ड जगतगंज में सी 28/191 तेलियाबाग बिजली खम्भा तिराहा से सी 28/107 तक आत्माराम जायसवाल के मकान से होते हुए मोड़ तक चौका मरम्मत का कार्य ल0 100 मी0	6.99	0.350	225+18% GST+500=766	3 माह
17		वार्ड जगतगंज ई-5 कैलगढ़ कालोनी में अरविन्द श्रीवास्तव एडवोकेट के मकान से ई-7 कैलगढ़ तक 30 मी0 नई इंटरलाकिंग का कार्य	6.28	0.314	225+18% GST+500=766	3 माह
18		वार्ड नारायनपुर में पंचकोशी रोड पर किशन बेनवंशी मकान महेंद्र असोंकर के मकान तक इंटर लाकिंग का कार्य	7.31	0.366	225+18% GST+500=766	3 माह
19		वार्ड नारायनपुर भोजुवीर में भरत अंडा वाली दुकान से अराधना प्रजापति के मकान हॉट एहुए आनंद कुमार बेन्वंशी के घर तक कच्ची सड़क पर इंटर लाकिंग का कार्य	6.83	0.342	225+18% GST+500=766	3 माह
20		वार्ड नारायनपुर में रमपतपाल के म0 न0 शि 5/21 ए से शि 5/69-3-सी से वीरेंदर सिंह के मकान तक खराब सड़क का निर्माण कार्य	8.42	0.421	225+18% GST+500=766	3 माह
21		वार्ड सिकरौल में वरूनापुर के पास जेपी मकान तक चौका निर्माण का कार्य।	8.09	0.405	225+18% GST+500=766	3 माह
22		वार्ड कजिसदुल्लापुरा में हृदय नारायण के मकान 14/174 तक नाली पटरी गली फिट का निर्माण कार्य	7.98	0.399	225+18% GST+500=766	3 माह
निधि-पूर्वान्चल विकास निधि (राज्यांश/जिलांश)						
23		तरना वार्ड में गणेश शाही के मकान से प्रमिला श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलाकिंग का कार्य	3.43	0.172	150+18% GST+500=677	3 माह
24		वार्ड तरना में छेदी विश्वकर्मा के बगल वाली गली में मोहन केशरी के गेट से इश्वर चन्द मौर्या तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	2.30	0.115	150+18% GST+500=677	3 माह
25		नारायनपुर वार्ड चुप्पेपुर में गुड़करम के म0 से एस 1/54 से तारा देवी के म0 एस 1/52 तक कच्चे मार्ग पर इण्टरलाकिंग का कार्य।	4.84	0.242	150+18% GST+500=677	3 माह
26		वार्ड शिवपुर कादीपुर में म0नं0 एस एच 16/58 ए-आर से एस एच 16/120 आर एस तक गली में इण्टरलकिंग का कार्य।	4.42	0.221	150+18% GST+500=677	3 माह
27		सारनाथ वार्ड में भगवती माता मंदिर परशुरामपुर से त्रिभुवन सिंह चौहान के घर से आनंद दूबे के मकान तक सड़क निर्माण का कार्य।	5.70	0.285	225+18% GST+500=766	3 माह
28		सारनाथ वार्ड में फेज-2 रामानंद सिंह के मकान से नरसिंह यादव के मकान 14/55 डी-22 शक्तिपीठ कालोनी तक 70 मी0 सीवर का निर्माण कार्य।	7.14	0.357	225+18% GST+500=766	3 माह
29		सारनाथ वार्ड में परशुरामपुर प्राइमरी पाठशाला के निकट म0नं0 सा 8/72 आर एस एम से लगायत म0नं0 8/12-1-एम पश्चिम दिशा तक होते हुए म0नं0 9/74-103 आरआर से होते हुए सा 8/86-ए-पी-आर तक होते हुए उत्तर दिशा में म0नं0 सा 8/72-आर-एस-एम से उत्तर दिशा लाजी मौर्या के मकान तक कच्ची गली में इण्टरलाकिंग का नव निर्माण कार्य।	5.69	0.284	225+18% GST+500=766	3 माह
निधि-त्वरित आर्थिक विकास योजना						
30		परशुरामपुर मतदान केन्द्र की गली में 100 मी0 कच्ची सड़क पर इंटरलाकिंग का कार्य	5.91	0.295	225+18% GST+500=766	3 माह
31		जगतगंज वार्ड अंतर्गत लच्छीपुर कालोनी एल-2 से एल 12 तक सड़क निर्माण कार्य	4.15	0.208	150+18% GST+500=677	3 माह

2 निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 12.10.2026 से 13.10.2026 तक।

3 निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि समय व स्थान-13.10.2026 को 12.00 बजे से 4.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-वाराणसी एवं जिलाधिकारी जनपद-वाराणसी।

4 टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।

5 अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

6 निविदा डालने की तिथि 16.10.2026 को 12.00 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 16.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ।

7 व्यय वित्त समिति सचिवालय के पत्र0सं0-527/01/प्रा0र0मू0प्र0/2024, दिनांक 25.02.2025 में निहित प्राविधान के अनुसार कार्य कुशलता/Competitive Price efficiency के रूप में कार्य की लागत में नियमानुसार 05 प्रतिशत की कटौती कर भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

8 अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी में कार्यदिवस में सम्पर्क करें।

उ.प्र.:– 257500 अधिशासी अभियन्ता

दिनांक:– 05.10.2026 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–वाराणसी

श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

वेबसाईट:– **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक

मुगलसराय। केन्द्रीय ब्राह्मण महासभा जनपद चंदौली की मासिक बैठक स्थानीय महमूदपुर स्थित विनोद चतुर्वेदी के आवास पर जिलाध्यक्ष कमलेश तिवारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुयी। बैठक मे संगठन की मजबूती, क्रियाशीलता और अनुशासन को लेकर चर्चा हुयी। इस दौरान सामाजिक विकृतियों समेत विभिन्न विषयों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन मे कहा कि एकजुट और संगठित रहकर ही हम किसी गलत कार्य का विरोध कर सकते हैं। हमे यदि समाज का सर्वोच्च स्थान प्राप्त है तो वह हमारी बुद्धि विवेकशीलता अनुशासन और निर्णय लेने की क्षमता के चलते है। हमे आज के परिवेश को देखते अपने को जहां सुरक्षित रखना है वहीं समाज को सही मार्गदर्शन भी देना है जिससे समाज का कल्याण हो सके। बैठक मे श्रीधर उपाध्याय, विशेश्वर मिश्रा, आद्यानन्द तिवारी, सुधाकर दूबे, श्रीकांत मिश्रा, राकेश पांडेय, सुधांशु पांडेय, संजय पांडेय, विनोद चतुर्वेदी, दिनेशचन्द्र ओझा सहित अन्य मौजूद रहे।

आठ अक्तूबर तक स्वच्छ पटरी थीम पर विशेष सफाई अभियान

मुगलसराय। मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 एवं विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत 6 से 8 अक्टूबर तक 'स्वच्छ पटरी' थीम पर विशेष सफाई अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंडल के स्टेशनों पर रेल पटरी एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन सफाई की गई। अभियान के दौरान रेल पटरी के आसपास जमा कचरे, प्लास्टिक एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री को हटाने के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। रेल पटरी के आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यकतानुसार श्रमबल एवं उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया गया। स्टेशनों के आसपास तथा रेल पटरी से जुड़े क्षेत्रों में चिन्हित गंदगी वाले स्थानों की भी सफाई की गई। एकत्रित कचरे को उचित तरीके से एकत्र कर उसके व्यवस्थित निस्तारण की दिशा में कार्रवाई की गई। इस अभियान का उद्देश्य रेल पटरी एवं उसके आसपास के रेल क्षेत्र को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं बेहतर बनाए रखना है। स्वच्छता पखवाड़ा एवं विशेष अभियान 6.0 के तहत मंडल में स्वच्छता को नियमित कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ रेल परिवेश के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय युवा संसद में सनबीम चकिया के विद्यार्थि

चकिया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की रेटोरिका-द डिबेटिंग सोसायटी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद में डालिम्स सनबीम चकिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जनपद का मान बढ़ाया। देशभर से करीब 500 विद्यार्थियों की भागीदारी वाले इस आयोजन में सनबीम चकिया के विद्यार्थियों ने अपनी वाकपटुता, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए विद्यालय की टीम को बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रीय युवा संसद में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित विभिन्न प्रमुख जनप्रतिनिधियों की भूमिकाओं का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया। विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उपजिलाधिकारी विकास मित्तल ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अनंता श्रीवास्तव, सृजन गुप्ता, परी मौर्या, तनिष्क पाठक, सृष्टि कुशवाहा, श्वेता मौर्या, आर्या पटेल, आंचल पाण्डेय, शीतल प्रसाद, अंजल बापू भालेराव, नैना राय, करिश्मा चौरसिया, सुंदरम जायसवाल, वर्णिका



मांगों को लेकर किसान सभा का धरना जारी

चकिया। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर गांधी पार्क में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। धरनारत किसानों ने वनाधिकार कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वनाधिकार कानून के तहत लंबे समय से जंगलों में रहने वाले आदिवासी एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों को व्यक्तिगत और सामुदायिक अधिकार दिए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद चंदौली जिले में बड़ी संख्या में लोग इन अधिकारों से वंचित हैं। आरोप लगाया कि वन विभाग और प्रशासन द्वारा कानून को सही तरीके से लागू नहीं किया जा रहा है। किसान सभा नेताओं ने कहा कि व्यक्तिगत दावों के निस्तारण में पुराने अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के आधार पर दावे निरस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र और वनभूमि पर पीढ़ियों से निवास कर रहे लोगों को जमीन के साथ ही तेंदूपत्ता, महुआ, चिरौंजी, सूखी लकड़ी, चारागाह तथा स्कूल-कॉलेज और खेल मैदान जैसे सामुदायिक अधिकार भी मिलने चाहिए। उन्होंने बताया कि कानून लागू हुए करीब दो दशक बीत जाने के बाद भी जिले के 56 गांवों के हजारों लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। धरनारत लोगों ने सरकारी जमीन पर बसे गरीबों को हटाने की कार्रवाई रोकने, वृक्षविहीन पहाड़ियों में पत्थर तोड़ने वाले मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने, वन विभाग द्वारा मजदूरों के उत्पीड़न पर रोक लगाने तथा किसानों की उपज का डेढ़ गुना मूल्य दिलाने की मांग की। धरने को रामनिवास पांडेय, बदरूद्दजा अंसारी, नंदलाल, बड़े लाल, रमेश यादव, मराछू राम, राजकुमार, पिंकी देवी, लाखी देवी और श्यामा देवी समेत अन्य लोगों ने संबोधित किया।

ग्राम पंचायतों में मिनी सचिवालय की बदहाली पर एनएचआरसी सख्त

चंदौली। जनपद की प्रभावित ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को मूलभूत प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित/निर्धारित मिनी सचिवालयों की स्थिति को लेकर मानवाधिकार सीडब्ल्यूए द्वारा उठाई गई शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। मानवाधिकार सीडब्ल्यूए के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह (योगी) द्वारा 10 मई 2026 को प्रस्तुत शिकायत/सूचना को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के समक्ष रखा गया। आयोग ने शिकायत पर विचार करते हुए इसे आवश्यक कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को प्रेषित किया है। एनएचआरसी के 06 अक्टूबर के आदेश में संबंधित प्राधिकारी को निर्देश दिया गया है कि शिकायत पर 8 सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही कार्रवाई की प्रक्रिया में शिकायतकर्ता/पीड़ित को सम्मिलित करने तथा की गई कार्रवाई से उसे अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में चंदौली जनपद की प्रभावित ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं को उठाया गया है। आरोप है कि कई स्थानों पर ग्राम पंचायत स्तर पर बनाए गए अथवा प्रस्तावित मिनी सचिवालयों का अपेक्षित रूप से उपयोग नहीं हो रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाओं और प्रमाण-पत्रों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। शिकायत में ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक सेवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने, बंद अथवा अनुपयोगी पंचायत भवनों की स्थिति की जांच कराने तथा ग्रामीणों को सरकारी सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। मानवाधिकार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का वास्तविक लाभ तभी मिल सकता है जब ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाएं धरातल पर प्रभावी रूप से संचालित हों।

सर्वे भवन्तु सुखिनः
National Human Rights Commission

कमीशन की भेंट चढ़ी सैयदराजा-जमानियां मार्ग की पटरियां- मनोज

चंदौली। सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू मंगलवार को एक बार फिर जिला प्रशासन पर हमलावर रहे। उन्होंने सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर हो रहे हादसों पर चिंता व्यक्त की। साथ ही आरोप लगाया कि उक्त सड़क के दोनों ओर पटरियां का निर्माण कमीशन की भेंट चढ़ गयी, जिस कारण आए दिन हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे है। चेताया कि इस अतिगंभीर जनसमस्या को लेकर 12 अक्टूबर धरने पर बैठने का काम करेंगे और तब तक बैठे रहेंगे, जब तक लोगों की समस्या का निराकरण नहीं हो जाता। दरअसल पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान कंदवा के पास पहुंचे तो देखा कि सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन के जरिए हटाया जा रहा है। उन्होंने घटना के बाबत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने घटना में अजय चौहान की मौत पर दुख व्यक्त किया। साथ ही घटना के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि सैयदराजा-जमानियां मार्ग का निर्माण तो किया गया, लेकिन पटरियां नहीं बनी। क्योंकि पटरी निर्माण का पैसा कमीशन में चला गया। कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है जिससे आम आदमी को रोजाना तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सैयदराजा-जमानियां मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे है, जिसमें लोगों की जाने जा रही है। लोग घायल होकर अपंग हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार अफसर व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौन साधे हुए हैं। कहा कि ऐसे गैरजिम्मेदार अफसरों व जनप्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराने तथा जनता की समस्या के समाधान के लिए दशहरा का अगली सुबह आंदोलन शुरू किया जाएगा।



लोहिया वाहिनी के सैयदराजा विधानसभा अध्यक्ष पद पर रमेश यादव मनोनीत

धानापुर। समाजवादी पार्टी ने एक बार फिर युवाओं पर भरोसा जताते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चंदौली जिले के धानापुर विकास खंड अंतर्गत सीता पोखरी गाँव के नवयुवक रमेश यादव पुत्र रामधनी यादव को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति एवं जिला अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी चंदौली निरंजन कनौजिया की संस्तुति पर रमेश यादव को 382 सैयदराजा विधानसभा का विधानसभा अध्यक्ष (लोहिया वाहिनी) नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि रमेश यादव लंबे समय से समाजवादी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र में युवाओं के बीच काफी सक्रिय रहते हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और लगातार जनसंपर्क को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति पत्र जारी होते ही पूरे सैयदराजा विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। धानापुर और सीता पोखरी क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि रमेश यादव जैसे युवा और जमीन से जुड़े नेता के आने से लोहिया वाहिनी और भी मजबूत होगी और 2027 के विधानसभा चुनाव में इसका सीधा लाभ पार्टी को मिलेगा।

पति सहित सात लोगों पर दर्ज हुआ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

बक्शा। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति सहित कुल सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सरायलोका निवासिनी काजल बेनवंशी पुत्री धर्मेन्द्र ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाई है कि मेरी शादी प्रयागराज के हड़िया थाना क्षेत्र के लक्षागृह उर्फ कसैधन गांव निवासी राहुल वर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे जबकि मेरे पिता जी सामर्थ्य से अधिक दहेज में मोटरसाइकिल, सोने की चेन, अंगूठी सहित सभी आवश्यक समान दिए थे। शादी के कुछ दिन बाद ही पति राहुल वर्मा ब्यवसाय करने के लिए मुझसे मायके से पांच लाख रुपया लाने का दबाव बनाने व प्रताड़ित करने लगे। मांग न पूरी होने पर ससुराल वाले तरह-तरह से परेशान करतें हुए पिटाई करने लगे। पति बीते छह माह से मुम्बई है मुझसे बात भी नही करतें। बीते 20 जुलाई को ससुराल वाले बोलेरो बुक करके मुझे घर से पांच किलोमीटर दूर लाला बाजार लाकर गाड़ी से उतार चले गए। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर नामजद पति राहुल वर्मा, ससुर सूरज वर्मा, सास निशा वर्मा, राजेश वर्मा, संगीता, कविता, कुलदीप के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

हत्या के मुकदमे में दो सगे भाई गिरफ्तार

जरौना में खेत की जोताई को लेकर हुआ था विवाद, मारपीट में काशीनाथ की गयी थी जान

जंघई। बरसठी थाना क्षेत्र के जरौना गांव में जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट में काशीनाथ उपाध्याय की मौत के मामले में मीरगंज पुलिस ने मंगलवार को दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। उधर, पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की देर शाम करीब सात बजे काशीनाथ का शव गांव पहुंचा तो स्वजन में कोहराम मच गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा। बताया गया कि पांच अक्टूबर को काशीनाथ उपाध्याय खेत की जुताई कराने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष से जुताई को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें काशीनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मीरगंज पुलिस के अनुसार मामले में मुकदमा अपराध संख्या 152/26 के तहत धारा 115(2), 352, 351(2) और 103(1) बीएनएस में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मंगलवार को पुलिस टीम ने वांछित आरोपित विनोद उपाध्याय और विकास उपाध्याय पुत्रगण स्व. सभा शंकर उपाध्याय निवासी जरौना को गिरफ्तार कर लिया। दोनों सगे भाई हैं।

शव पहुंचते ही मचा कोहराम: पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही काशीनाथ के स्वजन दहाड़ मारकर रोने लगे। घर पर मातम छा गया। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर स्वजन को ढांढस बंधाते रहे। बुधवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार की तैयारी की गई है।

आरोपितों के घर सन्नाटा, पुलिस की निगरानी : काशीनाथ के घर जहां स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल रहा, वहीं आरोपितों के घरों पर सन्नाटा पसरा रहा। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों के घरों के आसपास निगरानी बढ़ा दी। क्षेत्राधिकारी मछली शहर परमानंद कुशवाहा की निगरानी में मछली शहर सर्किल पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस के अनुसार मामले की विवेचना जारी है। तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना में सामने आए साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

साइबर ठगी में 'गोल्डन ऑवर' का महत्व-डा.अनुप

१९३० पर तुरंत शिकायत से बच सकता है पैसा
पीयू में ई-साक्ष्य, डीपीडीपी अधिनियम और डिजिटल सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित



सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सम्मेलन कक्ष में साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा विषय पर महत्वपूर्ण बैठक-सह-कार्यशाला का आयोजन मंगलवार की शाम को किया गया। कुलपति के संरक्षण में आयोजित इस विशेषज्ञ सत्र में विधि विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों को साइबर अपराध, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, डेटा गोपनीयता तथा नए कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात साइबर विशेषज्ञ डॉ. अनुप गिरधर ने नए आपराधिक कानूनों में हुए परिवर्तनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 63(4)(ग) के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को प्रमाणित करने के लिए प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता और हैश वैल्यू के माध्यम से साक्ष्यों की प्रामाणिकता सिद्ध करने की प्रक्रिया को सरल उदाहरणों के साथ समझाया। डॉ. अनुप ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और डिजिटल माध्यमों से प्राप्त साक्ष्यों को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ न हो और उसकी मूल विश्वसनीयता बनी रहे, इसके लिए उचित प्रमाणन और तकनीकी प्रक्रिया का पालन जरूरी है। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल युग में व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मोबाइल नंबर, बैंक विवरण, पहचान-पत्र, पासवर्ड, फोटो और अन्य निजी जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा तथा संदिग्ध लिंक से बचने की अपील की। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी पर चर्चा करते हुए डॉ. गिरधर ने कहा कि ठगी होने पर घबराने के बजाय तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वित्तीय धोखाधड़ी के बाद शुरुआती समय अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। पीड़ित व्यक्ति को तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर शिकायत मिलने पर संबंधित राशि को रोकने या फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है, जिससे बड़ी आर्थिक क्षति से बचाव संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को अज्ञात फोन कॉल, संदिग्ध संदेश, फर्जी बैंक अधिकारी, नकली क्यूआर कोड, ओटीपी मांगने वाले व्यक्तियों और सामाजिक माध्यमों पर भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंक या कोई सरकारी संस्था फोन पर ओटीपी, पिन या पासवर्ड नहीं मांगती। कार्यक्रम के अंत में डीटी लॉ इंस्टीट्यूट के प्रमुख एवं निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. गिरधर मिश्रा, विधि विभाग के समस्त सहायक प्राध्यापक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत नमो गाथा नुक्कड़ नाटक का मंचन

जंघई। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक महीने के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नमो गाथा नुक्कड़ नाटक नागरिक इंटर कॉलेज के पास जंघई बाजार सेमरी में तथा गरियांव चौराहा पर मंडल अध्यक्ष पवारा अजय कुमार दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं व 2014 के बाद देश में आए व्यापक बदलाव व विकास के बारे में आम जनमानस को बताया गया। कलाकारों ने योजनाओं का जीवंत चित्रण कर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप ब्लॉक प्रमुख मुंगराबादशाहपुर अभय राज मिश्रा व सेवा संकल्प अभियान के विधानसभा संयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष पवारा चंद्रमणि तिवारी ने उपस्थित आम जनमानस व नुक्कड़ नाटक के कलाकारों का आभार व्यक्त किया। उक्त नमो गाथा कार्यक्रम जंघई सेमरी के संयोजक मंडल मंत्री पवारा ग्राम प्रधान सेमरी प्रमोद गुप्ता, गरियांव चौराहा के संयोजक मंडल उपाध्यक्ष पवारा कमला शंकर चौहान, निवर्तमान मंडल महामंत्री प्रबंधक समर बहादुर सिंह इंटर कॉलेज गरियांव रमेश प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री संदीप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक नागेश स्वर्णकार, लाल सिंह चौहान, विजय जायसवाल सहित भाजपा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व आम जनमानस उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

त्योहारों पर नहीं रहेगा अंधेरा

शाम छह से रात १२ बजे तक जनरेटर से जलेंगी स्ट्रीट लाइटें-कपिल मुनि

मुंगराबादशाहपुर। आगामी नवरात्र पर्व, दुर्गापूजा, रामलीला मंचन एवं अन्य त्योहारों के दौरान नगरवासियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर के जरिए शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक स्ट्रीट लाइटें रोशन किया जाएगा। जिसके लिए आदेश जारी कर दिया गया है। उक्त जानकारी चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर स्ट्रीट लाइट संचालन से जुड़े समस्त कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने बताया है कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित कर्मचारियों को ताकीद किया गया है कि त्योहारों के दौरान आवागमन में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जनरेटर संचालन हेतु तेल आदि की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाए। साथ ही यदि जनरेटर या स्ट्रीट लाइट में कोई तकनीकी खराबी आती है, तो तत्काल विद्युत मिस्त्री को सूचित कर उसे समय रहते दुरुस्त करा लिया जाए। पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि त्योहारों के दृष्टिगत इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। कार्य में किसी भी स्तर पर बरती गई शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

मशीन पर गये मां-बेटे लापता, जांच में जुटी पुलिस

बरसठी। क्षेत्र के पाली गांव में 35 वर्षीय महिला और उसका 15 वर्षीय बेटा अचानक लापता हो गए। दोनों के गायब होने से परिवार में हड़कंप मचा है। गांव निवासी दिनेश कुमार सरोज ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि 5 अक्टूबर को उनकी पत्नी मंजूदेवी (35) और पुत्र अभय कुमार सरोज (15) घर से कुछ दूरी पर स्थित मशीन पर गए थे। इसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के गांवों, संभावित ठिकानों और रिश्तेदारों के यहां दिनभर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंजूदेवी पीली साड़ी, काली टी-शर्ट और भूरे रंग की जींस पहने थीं। दिनेश ने 6 अक्टूबर को पुलिस को सूचना देकर मां-बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है।

बदलापुर को विकास कार्यों की सौगात



बदलापुर। नगर पंचायत की जनता को विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली है। नगर पंचायत क्षेत्र में 9 इंटरलॉकिंग सड़कों के निर्माण के साथ 1 प्रवेश द्वार के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर नगर पंचायत की जनता में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा एवं विधायक रमेशचन्द्र मिश्र का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। इन निर्माण कार्यों से नगर पंचायत क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है।

सेवा संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

बदलापुर। गुजरात के वडनगर से जौनपुर पहुंची सेवा संकल्प एवं समर्पण यात्रा का सोमवार देर शाम विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। विधायक रमेशचन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ यात्रा का स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित हरिहरपुर गांव के भगवान परशुराम प्रवेश द्वार पर कार्यकर्ताओं ने यात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में अनिल सिंह मुन्ना, युवा नेता वैभव सिंह, मिथिलेश सिंह, कुंवर मृगेन्द्र सिंह 'शिव बाबा', शनि शुक्ल, संदीप पाठक, वरुण सिंह, शैलेश सिंह और अंबुज तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

खाते से १.४९ लाख रुपये की साइबर ठगी

बरसठी। थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी अनिल कुमार गौतम के बैंक खाते से साइबर ठगी कर 1,49,800 रुपये निकाल लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनिल कुमार गौतम पुत्र दूधनाथ प्रसाद ने 5 अक्टूबर को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका खाता यूबीआई मियांचक शाखा में है। आरोप है कि 26 से 28 सितंबर के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उनके खाते से अलग-अलग तरीके से कुल 1,49,800 रुपये निकाल लिए। पीड़ित के मुताबिक रकम निकासी की उन्हें न तो एसएमएस से सूचना मिली और न ही किसी अन्य माध्यम से जानकारी हुई। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने बैंक पासबुक, आधार कार्ड और खाते से संबंधित दस्तावेज पुलिस को सौंपकर रकम वापस दिलाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

निमंत्रण से लौट रहे युवक को पंच से मारा, दो अज्ञात पर मुकदमा

मछलीशहर। निमंत्रण से लौट रहे युवक को अज्ञात लोगों ने पंच से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नोनरा कला गांव निवासी प्रिंस पुत्र लालबहादुर यादव के अनुसार वह रात करीब साढ़े आठ बजे साइकिल से घर लौट रहे थे। बसहटा गांव के जगराम के खेत के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों और पंच से हमला कर दिया। पीड़ित के आवाज देने पर पर आरोपी गाली देते हुए भाग गए। परिजनों को सूचना देने के बाद उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

सामान उधार न देने पर दुकानदार को सरिया से पीटा, दो पर मुकदमा

मछलीशहर। नगर के पुरानंदलाल मोहल्ले में उधार सामान न देने पर दुकानदार को सरिया से पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के वडौर गांव निवासी विश्वनाथ यादव नगर के पुरानन्दलाल मोहल्ले में चाय-पान की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि 7 सितंबर की रात अमरनाथ गौतम और राजू हलालखोर दुकान पर आए और उधार सामान मांगा। मना करने पर गाली-गलौज करते हुए पास रखी सरिया से मार दिया हमले में दुकानदार घायल हो गया। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कराया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

भीटा खाते की जमीन पर किये गये अतिक्रमण को तहसील प्रशासन ने हटवाया

मड़ियाहूं। सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के प्रति तहसील प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है, इसी क्रम में मंगलवार को तहसील क्षेत्र के राजापुर विट्ठल में भीटा खाते की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया गया था जिसकी शिकायत तहसीलदार से की गई। सूचना पर तहसीलदार रवि रंजन कश्यप ने अपने स्तर से राजस्व टीम भेजकर जांच कराया तो अवैध निर्माण होना पाया गया, जिसको तत्काल खाली करने का आदेश दिया गया। परंतु अतिक्रमण कर्ता खाली नहीं किया, जिसपर मंगलवार को तहसीलदार रवि रंजन ने राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंच कर सरकारी भीटा खाते की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर जमीन को मुक्त करा दिया, जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरो पर है।

राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे पीयू के प्रतिभागी

लखनऊ में आयोजित होगी राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

सरायख्वाजा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर 2026 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में मेरे सपनों का भारत विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र अभिनव कीर्ति पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, केराकत (जौनपुर) की छात्रा राधा गिरी ने द्वितीय स्थान और डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, मुड़ीतागंज (जौनपुर) के छात्र मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी 7 अक्टूबर 2026 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डॉ. शशिकांत यादव एवं डॉ. उदयभान यादव भी उपस्थित रहेंगे। कुलपति ने छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर प्रो प्रमोद कुमार यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, कुलसचिव, वित्त अधिकारी विश्वविद्यालय ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया।

आगामी त्योहार के मद्देनजर थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

तेजीबाजार। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में आगामी त्यौहार के मद्देनजर मंगलवार की शाम साढ़े पांच बजे थाने पर पीस कमेटी की बैठक की गयी, जिसमें क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिक, पत्रकारगण आदि लोग उपस्थिति हुए। जिसमें थानाध्यक्ष सतेंद्र भाई पटेल ने बताया की मंगलवार की शाम थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी जिसमें उपस्थिति सभी सम्भ्रान्त जनों से अपील करते हुए कहा गया की आगामी त्योहार को शांति पूर्वक तरीके से मनाये और शांति व्यवस्था बनाये रखे, कही कोई समस्या हैं तो प्रशासन को अवगत कराइये प्रशासन सदैव आपके साथ हैं, सभी लोग समन्वय के साथ शांति/सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के साथ साथ सभी को अफवाहों से बचने हेतु अपील एवं सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर थाना क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्ति, पत्रकार व पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण आदि लोग उपस्थित रहे।


तिलकधारी पीजी कालेज में युवा उद्यमिता कार्यक्रम

जौनपुर। तिलकधारी पीजी कॉलेज में मंगलवार को Aavishkaar Foundation की ओर से युवा उद्यमिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता एवं नवाचार की सोच विकसित करना और उन्हें 'आर्थिक उद्यमिता से सामाजिक समानता' की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में जनपद के 20 विद्यालयों एवं 8 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने अपने व्यावसायिक विचार और बिजनेस प्लान जूरी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस दौरान स्थानीय समस्याओं के समाधान, स्वरोजगार और रोजगार सृजन से जुड़े कई नवाचारपूर्ण विचार सामने आए। महाविद्यालय श्रेणी में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रतीक तिवारी, प्रभात तिवारी एवं आदित्य यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय की टीम द्वितीय और कुटीर पीजी कॉलेज की टीम तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय श्रेणी में जनक कुमारी इंटर कॉलेज की अंजलि निषाद, वैष्णवी



मिश्रा एवं प्रीति अग्रहरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। बयालसी इंटर कॉलेज की टीम द्वितीय तथा एम.डी. हसन इंटर कॉलेज की टीम तृतीय रही। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) राम आसरे सिंह के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ Aavishkaar Foundation की ओर से प्रोग्राम मैनेजर विकाश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार और व्यवसायिक सोच अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

डा. एचडी सिंह को मिला प्रेसिडेंट्स मेडल



जौनपुर। जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक एवं कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एच.डी. सिंह को चिकित्सा एवं कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए ISMN PresidentÓs Medal for Distinguished Contribution-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान International Society for Medical Food & Nutrition (ISMN) की ओर से आयोजित World Congress on Medical Food and Nutrition-2026 के दौरान गोवा के ताज Cidade de Goa में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। सम्मान-पत्र में डॉ. सिंह के कार्डियोलॉजी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, उत्कृष्ट प्रतिबद्धता, सेवा एवं नेतृत्व की सराहना की गई है। सम्मान-पत्र पर आईएसएमएन के अध्यक्ष प्रो. नरसिंह वर्मा एवं सेक्रेटरी जनरल डॉ. क्षिति भारद्वाज के हस्ताक्षर हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. एच.डी. सिंह ने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना और हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना उनके प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है। डॉ. सिंह को मिले सम्मान से जौनपुर के चिकित्सा जगत और उनके शुभचिंतकों में खुशी है। सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जौनपुर के लिए गौरव का विषय बताया।

किशोर अपचारी को आजीवन कारावास

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश (बालक न्यायालय) उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने एक किशोर अपचारी को हत्या के मामले में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास एवं 15000 अर्थ दंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार वादी मुकदमा सचिन यादव द्वारा सुजानगंज थाने में अभियोग पंजीकृत करवाया गया कि उसके गांव के आशीष कुमार उर्फ पंडा के परिवार से उसकी जमीन की रंजिश चल रही थी। दिनांक 28 दिसंबर 2022 को 1 बजे दिन में वादी के चाचा राम आसरे चेती तिराहे पर स्थित हरिश्चंद्र यादव की चाय की दुकान पर बैठे थे। थोड़ी दूर पर लल्लन गिरी व रमदेइया के प्रधान राकेश यादव एवं अन्य लोग बैठे थे। इतने में बृजेश कुमार, आशीष कुमार व एक किशोर अपचारी निवासी पोखरा सुजानगंज व पंकज मिश्रा आए। बृजेश, पंकज व किशोर अपचारी के ललकारने पर आशीष कुमार ने असलहा से वादी के चाचा के सिर में गोली मार दी। अन्य आरोपी भाग गए किन्तु किशोर अपचारी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। वादी के चाचा की तत्काल मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने बाल अपचारी को दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 15000 रुपए अर्थ दंड से दंडित किया। शेष तीनों वयस्क आरोपियों के मामले की सुनवाई अन्य न्यायालय में हो रही है।

पुत्र के हमले में पिता की हालत गंभीर

जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार मोहल्ले से एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ घरेलू बात को लेकर हुए विवाद में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। इस हमले में पिता गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी बाजार निवासी घूरेलाल गुप्ता 60वर्ष का अपने बेटे सुभाष से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। देखते ही देखते बहस इतनी बढ़ गई कि बडा बेटा सुभाष ने आपा खो दिया और घर में रखी एक नुकीली चीज उठाकर अपने पिता घूरेलाल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में घूरेलाल के शरीर से भारी मात्रा में खून बहने लगा और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल घूरेलाल को आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर आरोपी बेटे सुभाष के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई में जुट गई है। इस घटना से पूरे मोहल्ले में सनसनी और दहशत का माहौल है।

सेवा संकल्प यात्रा का पूर्व विधायक ने किया भव्य स्वागत

डोभी। जन्मभूमि से कर्मभूमि की ओर निकली सेवा संकल्प यात्रा गुजरात के वडनगर से वाराणसी जाने वाली सेवा का संकल्प लिए सबसे बड़ी यात्रा टोली नंबर 7 का मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र केराकत के चंदवक बाजार पूर्व विधायक दिनेश चौधरी के नेतृत्व में करीब पांच सौ अधिक भाजपा के उत्साही कार्यकर्ता बंधुओ के साथ जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।

पूर्व विधायक ने टोली नम्बर 7 के सेवा यात्रियों को अपने सहयोगियों के साथ जौनपुर आजमगढ़ बार्डर पर स्थित कंजहित बाजार से रिसीव करके पूरे जोश और उत्साह के साथ रामवदेपुर,चंदवक में डीजेड्ड बाजा,आतिशबाजी के साथ बुलडोजर से पुष्पवर्षा करवाकर के सेवा यात्रियों का स्वागत किया। तत्पश्चात सेवा यात्रियों ने भोजन ग्रहण वृक्षारोपण किया। फिर स्वक्षता के कर्मियों को



माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया गया। से स्वक्षता कर्मियों को गमछा और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गए। फिर पूरे उत्साह के साथ गुजरात के पावन धरती से चलकर के आए करीब 80 से अधिक सेवा यात्रियों का मैने माल्यार्पण कर उन्हें अंगवस्त्र और उत्तर प्रदेश की पावन भूमि में भाजपा के डबल इंजन की सरकार तथा मोदी जी और योगी के दृढ़ संकल्प के बदौलत धाम अयोध्या में निर्मित हुए राम जन्मभूमि का स्मृति चिन्ह प्रदान किया। यात्रा को शुरू कर सेवा यात्रियों को लेकर के जौनपुर-वाराणसी की सीमा दानगंज तक पहुंचाया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह बबलू आशू चौबे प्रदीप मिश्रा पंकज सिंह समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

मशीन का ताला तोड़ स्टेबलाइजर, स्टार्टर, केबल उड़ा ले गये चोर

सेमरी गांव में एक ही रात दो किसानों के पंप हाउस में चोरी

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरी के पुरवा भोगी का पूरा निवासी राजेंद्र प्रसाद पाल के पंप हाउस का दरवाजा तोड़कर चोरों ने स्टेपलाइजर, स्टार्टर, केबल एवं पाइप बीती रात उठा ले गए। पीड़ित ने चोरी की घटना की जानकारी मीरगंज थाना में लिखित रूप से दे दी है। बताया जा रहा है कि चोर रात के अंधेरे में मशीन का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और सारा सामान समेट ले गए। सुबह खेत पर पहुंचने पर राजेंद्र को चोरी की जानकारी हुई। इसी प्रकार उनके पड़ोसी बेनी पाल के मशीन का ताला तोड़कर समस्त सामान ले जाने में चोर सफल रहे। एक ही रात में दो जगह चोरी से गांव में दहशत है। किसानों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी का खुलासा करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

दुर्गा पूजा को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक

पंडालों में सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण और सुरक्षित निकासी मार्ग की व्यवस्था के निर्देश


बक्शा। आगामी शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना बक्शा परिसर में पीस कमेटी की बैठक एवं दुर्गा पूजा पंडाल आयोजकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह की उपस्थिति में हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आयोजित बैठक में पीस कमेटी के सदस्यों, दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने सभी से त्योहार को परंपरागत तरीके से शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। गोष्ठी में पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर आयोजकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन उपकरण उपलब्ध रखने तथा आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी के लिए कम से कम 3-4 निकास मार्ग सुनिश्चित करने को कहा गया। बिजली के तारों और उनके जोड़ पर पर्याप्त टेपिंग कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य दुर्घटना से बचाव हो सके। पुलिस ने डीजे एवं लाउडस्पीकर पर केवल धार्मिक एवं सौहार्दपूर्ण गीत बजाने तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की चौबीसों घंटे ड्यूटी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा घटना की सूचना तत्काल डायल-112 अथवा थाना बक्शा के मोबाइल नंबर 9454403611 पर देने की अपील की गई। बैठक के दौरान पुलिस ने शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया और उनका पालन सुनिश्चित करने को कहा। आयोजकों से त्योहार के दौरान पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। वहीं, पुलिस द्वारा त्योहार आयोजन से संबंधित समस्याओं की जानकारी लिए जाने पर उपस्थित लोगों ने किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई। बैठक में पुलिस कर्मियों सहित माला शुक्ला, शिवांशु गुप्ता, विजय मौर्या, शाहिल सोनकर, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

किशोरी की तलाश में भटक रहे परिजनों ने दर्ज करायी गुमशुदगी की रिपोर्ट

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी के रहस्यमय ढंग से गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की तलाश में भटक रहे परिजन थक-हार कर मुंगराबादशाहपुर थाने जाकर थानाध्यक्ष को लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश करने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में परिजनों ने बताया है कि उनकी 15 साल की पुत्री पांच अक्तूबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर से बिना बताए रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। कुछ समय बाद जब परिजनों को उसके घर पर न होने की जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। किशोरी के अचानक लापता होने से परिवार के लोग परेशान हैं और किसी अनहोनी की आशंका को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने थानाध्यक्ष से किशोरी की बरामदगी किए जाने की गुहार लगाई है।

विशेष सचिव ने किया निरीक्षण, परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत

मछलीशहर। आकांक्षात्मक विकास खण्ड मछलीशहर में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए शासन द्वारा नामित अधिकारी विशेष सचिव रघुवीर,



आईएएस ने दो दिवसीय दौरे पर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खंड विकास कार्यालय में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. अमरनाथ यादव, डॉ. अमरेश अग्रहरी व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र मणि विश्वास मौजूद रहे। ग्राम सभा कोटवा के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। आवास, पंचायत निधि व जल जीवन मिशन से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। परिसर में स्वास्थ्य, बाल विकास, कृषि, शिक्षा व आयुष्मान कैंप के स्टालों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से संवाद किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण भी किया। इसके बाद ग्राम सभा अदारी, अमारा व खरैयामऊ में योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया। कार्यों की गुणवत्ता और लाभार्थियों को मिले लाभ की स्थिति देखी। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अंजलि भारतीय, एबीएसए अमरदीप जायसवाल, सीडीपीओ राकेश मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण में मिली खामियां, जतायी नाराजगी

विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन ने की राजगढ़ विकास कार्यों की समीक्षा

राजगढ़। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन श्याम बहादुर सिंह ने मंगलवार की दोपहर में स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर पहुंचकर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माणाधीन कार्यों की गहन समीक्षा की तथा स्थलीय निरीक्षण किया।? ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेने के बाद विशेष सचिव का काफिला नदिहार ग्राम पंचायत पहुंचा। निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने नदिहार में सामुदायिक शौचालय का जायजा लिया और आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित गोद-भराई कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। नदिहार स्थित प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान शिक्षा के स्तर की पोल खुल गई।विशेष सचिव ने जब बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे तो छात्र मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल का नाम तक नहीं बता सके। इस पर उन्होंने शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। वहीं, ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत मानक के विपरीत लगाई जा रही टोटियों को लेकर शिकायत दर्ज कराई।? कोन गढ़वा में शवदाह गृह चकमार्ग पर अतिक्रमण का मामला उठाया। ग्राम प्रधान रिंकी सिंह ने शवदाह गृह स्थल तक जाने वाले चकमार्ग पर दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण का मामला उठाया, जिस पर विशेष सचिव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी तरीके से तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया। एक हफ्ते के भीतर जलापूर्ति शुरू करने के सख्त निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का संस्कार संपन्न कराया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत कोन के सार्वजनिक वितरण राशन की दुकान पर अनियमितता पाए जाने पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण व समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा,सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्रीकृष्ण उपाध्याय,सचिव प्रकाश चंद दूबे सहित ब्लॉक के तमाम अधिकारी और कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



निरीक्षण करते विशेष सचिव। छाया:आज

हनुमान घाटी में बड़ा सड़क हादसा, दो वाहन दुर्घटनाग्रस्त

अहरौरा। थाना क्षेत्र के हनुमान जी घाटी में सोमवार शाम सड़क हादसे की सूचना सामने आई है। हादसे में दो वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि एक ट्रेलर सड़क पर ही पलट गया, जबकि दूसरा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित खाई में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों द्वारा राहत एवं बचाव की कोशिश की जा रही है। हादसे में कितने लोग घायल हुए हैं और उनकी स्थिति कैसी है, इसकी अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। हादसे की सूचना मिलते ही संबंधित अधिकारियों और पुलिस को भी जानकारी दी गई है। दुर्घटना के कारणों तथा घायलों की वास्तविक संख्या की जानकारी जुटाई जा रही है।

विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

एक सप्ताह में मांगी अनुपालन आख्या

हलिया। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय में बीडीओ की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बीडीओ ने वीबी जी राम जी योजना के तहत प्रत्येक गांव में श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवासों को तत्काल पूर्ण कराने सहित अन्य विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। आवासों की पूर्णता की अनुपालन आख्या एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। वीबी जीरामजी योजना के तहत मास्टर रोल निकालने और ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत सचिवों को कार्यों का नियमित निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए।बैठक में आरआरसी सेंटर सक्रिय करने और गांवों में कूड़ा संग्रह की प्रगति बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान एडीओ पंचायत रूपेश कुमार श्रीवास्तव, सचिव कौशलेंद्र राय, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, बाल कृष्ण, संदीप कुमार, आलोक, संतोष चौधरी आदि मौजूद रहे।

ठेले से टकरायी बाइक, वृद्ध घायल

अहरौरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के बाराडीह हाइवे के पास वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर सोमवार देर शाम को एक बाइक अनियंत्रित होकर ठेले से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों सहित ठेला चालक घायल हो गया। इनमें एक बुजुर्ग की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अतरौलीया, थाना कर्मा, जनपद सोनभद्र निवासी रामसुन्नर पुत्र रामबरन 70 वर्ष अपने पुत्र चंद्रशेखर 40 वर्ष और पौत्र उत्पल 8 वर्ष के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर घर से नारायणपुर स्थित रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। बाराडीह हाइवे के पास पहुंचने पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ठेले से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी शैलेन्द्र यादव और पायलट नरेंद्र राम ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पहुंचाया।

अखिलेश यादव की गिरफ्तारी पर सपा का प्रदर्शन

मीरजापुर। दिल्ली में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया और अखिलेश यादव की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी के झंडे लेकर जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। सपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि दिल्ली में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अखिलेश यादव की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों पर सवाल खड़े करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता की आवाज उठाना और अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है। ऐसे में अखिलेश यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। समाजवादी पार्टी नेताओं ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे और जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम जारी रहेगा।

दिन में असहनीय धूप तो शाम ढलते ही ठंड का अहसास

हलिया। क्षेत्र में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिन में तेज धूप लोगों के लिए असहनीय हो रही है, वहीं शाम ढलते ही ठंडक बढ़ने से ठंड का अहसास होने लगा है। सुबह के समय ठंडी हवा और दिन में चटक धूप के चलते लोगों को एक ही दिन में मौसम के अलग अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। दोपहर में तेज धूप के चलते घर से बाहर निकलने वाले लोगों को गर्मी झेलनी पड़ रही है। सड़क पर आने जाने वाले लोग धूप से बचने के लिए छांव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। वहीं, शाम होते ही धूप छिपने के बाद मौसम में ठंडक बढ़ जाती है। भोर में बाइक से आने जाने वालों को अब ठंडी हवा परेशान करने लगी है। सुबह बाइक से सफर करने पर गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ने लगी है।

निर्माण का विवाद सुलझाने पहुंचे तहसीलदार

कहा सेंसटिव मामला है काम करने दें और फोटो वीडियो न बनायें

ड्रमंडगंज। लहुरियादह गांव में उच्च प्राथमिक विद्यालय के भूमि विवाद को सुलझाने के लिए मंगलवार दोपहर राजस्व विभाग तथा वनविभाग की टीम के साथ पहुंचे तहसीलदार लालगंज विशाल कुमार शर्मा ने मीडिया कर्मियों के वहां पहुंचने पर फोटो वीडियो बनाने से मना कर दिया। कहा कि मामला सेंसटिव है। डीएम साहब ने मामले का समाधान करने के लिए भेजा है फोटो और वीडियो मत बनाएं। लहुरियादह में स्वीकृत उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि आवंटित की गई थी। विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू होने के बाद वनविभाग ने कार्य पर यह कहते हुए रोक लगा दिया कि आवंटित की गई भूमि वनविभाग की है। पूर्व आइएएस दिव्या मित्तल के वीडियो जारी होने के बाद लहुरियादह में उच्च प्राथमिक विद्यालय का निर्माण शुरू हुआ तो कुछ दिनों बाद भूमि विवाद का मामला उलझ गया। तहसीलदार द्वारा फोटो वीडियो बनाने से मना किए जाने पर मीडिया कर्मियों में रोष व्याप्त है। आखिरकार तहसीलदार ने फोटो वीडियो बनाने से मना क्यों कर दिया जिससे प्रतीत होता है कि तहसील प्रशासन अपनी कमियों को दबाने का प्रयास कर रहा है। फिलहाल राजस्व विभाग व वनविभाग की टीम के साथ अधिकारी भूमि विवाद से उत्पन्न हुई समस्या का समाधान ढूंढने में लगे रहे।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

पटेहरा। थाना संतनगर अंतर्गत पटेहरा कलां गांव स्थित चौहान बस्ती में सोमवार देर शाम 22 वर्षीय युवक ने खेत में महुआ के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम का माहौल है। सन्नाटा पसरा है। चौहान बस्ती निवासी 22 वर्षीय शिवम पुत्र राजेश दीपनगर स्थित विंध्यवासिनी कन्या इंटर कालेज में 12वीं का छात्र था सोमवार शाम लगभग सात बजे अपने घर से करीब पांच सौ मीटर दूर सिवान में फसल देखने गया था। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो चिंतित परिजन उसे खोजते हुए खेत की तरफ पहुंचे। वहां का दृश्य देख परिजनों के होश उड़ गए। शिवम का शव खेत में स्थित महुआ के पेड़ की डाल पर प्लास्टिक की रस्सी से लटका हुआ था। परिजन के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही संतनगर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर रमेश प्रसाद ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने बताया कि युवक की मौत फांसी लगाने से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



पिकअप बोलेरो से टकरायी, चालक घायल

ड्रमंडगंज। बरौधा चौकी क्षेत्र के नैढी कटारी में रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मध्य प्रदेश के तरफ से मरीज बैठाकर आ रही बोलेरो आगे चल रही पिकअप में जा टकराई बोलेरो चालक 42 वर्षीय जिनेन्द्र कुमार निवासी तेन्दुवा थाना अमिलिया जिला सीधी घायल हो गया। जबकि, बोलेरो में बैठे मरीज बाल बाल बच गए। वहीं, पिकअप चालक पीकप हाईवे पर रोक कर भाग निकला। स्थानीय लोगों के सुचना पर पहुंची। बरौधा पुलिस ने बोलेरो चालक और मरीजों को ई-रिक्शा में बैठाकर बरौधा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज बरौधा नरेन्द्र कुमार ने बताया की मध्यप्रदेश से मरीज लेकर आ रही बोलेरो पिकअप के पीछे से टकरा गई थी। बोलेरो चालक को घायल हो गया है।



क्षतिग्रस्त स्कार्पियो। छाया:आज

राजकुमार दुबे ने वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से किया नामांकन

मीरजापुर। वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में राष्ट्रीय समाज पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार दुबे ने अपना नामांकन दाखिल किया। राजकुमार दुबे मूल रूप से जनपद के मझवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरकछा कला के निवासी हैं। राष्ट्रीय समाज पार्टी ने उन्हें वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित किया है। एडवोकेट किशन सिंह के नेतृत्व में नामांकन दाखिला किया गया। नामांकन के दौरान राष्ट्रीय समाज पार्टी के नेता एडवोकेट अनिल कुमार पाल, रौनक उपाध्याय, शिवम तिवारी, अनुराग दुबे, दिग्विजय सरोज, इंद्रजीत यादव, रामलखन पाण्डेय, आशीष पाठक, अमरेश चन्द दुबे, चंद्रिका प्रसाद, गुलाब दुबे, रोशन पाण्डेय, निखिल सिंह, संजय दुबे, प्रदीप कुमार पांडेय एवं योगेंद्र पांडेय सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत सचिव से मारपीट, जान से मारने की धमकी

पड़री। थाना क्षेत्र के कोटवां ओवरब्रिज के पास सोमवार की रात बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने ग्राम पंचायत सचिव के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि युवकों ने सचिव को जान-माल की धमकी भी दी और घटना के बाद बाइक से भरपुरा की ओर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पड़री थाना क्षेत्र के चादलेवा खुर्द निवासी दिनेश कुमार गौतम पंचायती राज विभाग में विकास खंड सिटी के ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात करीब 8ः05 बजे वह बरकछा खुर्द स्थित ग्राम प्रधान के घर से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। कोटवां ओवरब्रिज के पास पहुंचने पर पीछे से आए बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनके समानांतर बाइक चलाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।।आरोप है कि युवकों की हरकत को नजरअंदाज कर सचिव ने बाइक की गति बढ़ाई तो पीछे से एक युवक ने उनके कंधे पर प्रहार कर दिया। इसके बाद मोहनपुर पहाड़ी के पास दोनों युवकों ने उन्हें जान-माल की धमकी दी। इसके बाद भी आरोपित कुछ दूर तक उनका पीछा करते रहे और भरपुरा की ओर भाग निकले। घटना से परेशान सचिव ने पड़री थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी और लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। आरोपितों की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश करने का प्रयास किया जा रहा है।

बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने रास्ते में रोका, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

दशरथ श्राप लीला का मंचन

चुनार। नगर में चल रहे 21 दिवसीय रामलीला मंचन के तीसरे दिन सोमवार की रात रावण की तपस्या, रावण का कैलाश पर्वत उठाना, रावण का अत्याचार, शान्तनु का दशरथ को श्राप एवं क्षीर सागर की झांकी लीला का मंचन किया गया।

स्टेट चैंपियनशिप में मलुआ के लाल ने जीता सिल्वर

पटेहरा। उत्तर प्रदेश में आयोजित 61वी ओपन जूनियर स्टेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मलुआ के लाल आदर्श यादव ने शानदार प्रदर्शन कर विकास खंड के साथ जिले का मान बढ़ाया है। विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलुआ निवासी आदर्श यादव ने इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विकास खंड के साथ जनपद का नाम रोशन किया है। आदर्श की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगो के साथ खिलाड़ियों और जन प्रतिनिधियों ने आदर्श को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। यह मेडल जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में अमरेश चंद्र पाण्डेय, विजय यादव, दीपक यादव, गोपाल कुमार मिश्र, नागेश चंद्र पाण्डेय, ऐश्वर्य उपाध्याय अमित सिंह विशेष यादव आदि लोगो ने सिल्वर विजेता आदर्श यादव को बधाई दी है।

संक्षेप

उन्मुखीकरण कार्यक्रम

चील्ह। एस के महिला महाविद्यालय तिलठी के प्रांगण में बेसिक शिक्षा परिषद कोन की ओर से ग्रामप्रधान व प्रधानाध्यापक उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी कोन रामजी मिश्र रहे। कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी कोन सुनील कुमार की देख-रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न ग्राम सभाओ के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे, जिनमें तिलठी के ओमप्रकाश दूबे, बल्लीपरवाके जंगबहादुर, शंभू यादव, राजेश यादव आदि रहे। मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति व जेनजी के दौर में और विशेष हो जाती है। खण्ड विकास अधिकारी ने कहा विद्यालयों का कायाकल्प करने मे मेरी ओर से व मेरे ग्रामप्रधानो की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। ए आर पी सुधीर कुमार तिवारी ने निपुण कार्यक्रम व विनीत त्रिपाठी के द्वारा डीबीटी पर व बुद्धेश गुप्ता द्वारा बालिका शिक्षा पर विस्तृत जानकारी दे गयी। रामबहादुर यादव द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति पर व धर्मराज द्वारा कायाकल्प पर व राजीव कुमार मौर्य द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना पर व नवीन कुमार दूबे द्वारा विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गयी। श्रीपट्टी के ग्राम प्रधान श्री शंभू यादव ने कहा कि हम ग्रामप्रधान की ओर से विद्यालय विकास के लिए व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जिम्मेदारी के साथ सहयोग किया जाएगा। कार्यक्रम मे विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मी गुप्ता, पूनम गुप्ता, रमेश सिंह, रमाकान्त दूबे, नीरज सिंह, रामधनी मौर्य, अमरेश शुक्ला, अनु सिंह, अफसाना, शाहिदा बेगम, अरविन्द, रमाशंकर दूबे, नरेंद्र नारायण, राकेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद यादव, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार दूबे, सर्वेश सिंह, सुरेंद्र कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री का हुआ स्वागत

चील्ह। क्षेत्र के पुर्जागिर पावर हाउस बाजार में मंगलवार को पहली बार विंध्याचल धाम दर्शन करने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पिछड़ा वर्ग के प्रदेश मंत्री राम कुमार विश्वकर्मा* का भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राम कुमार विश्वकर्मा को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश मंत्री घोषित किया है। प्रदेश मंत्री बनने के बाद वे पहली बार मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन करने हेतु विंध्याचल जा रहे थे। इसी दौरान सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुर्जागिर पावर हाउस बाजार में फूल-मालाओं और ढोल-ताशे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं के स्वागत से अभिभूत प्रदेश मंत्री राम कुमार विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़े वर्ग के सम्मान और उत्थान के लिए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े वर्ग का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी की विकास नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने विश्वास जताया कि *2027 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा पुनः पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ रही है। इस अवसर पर जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मिर्जापुर कमलेश मौर्य, शिवम गुप्ता* सहित कोन ब्लॉक के भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव मंगल बिंद, कमलेश कुमार सरोज, मुन्ना दुबे, लव कुश दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जुगाड़ के सारे रोशनी की व्यवस्था, बिजली का इंतजार

हलिया। स्थानीय विकास खंड के मतवार न्याय पंचायत के डुड़िया गांव में बिजली की समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। गांव में बिजली के खंभे तो गाड़ दिए गए हैं, लेकिन अभी तक विद्युत आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। रात होते ही गांव में अंधेरा छा जाता है। ग्रामीणों को सोलर लाइट और दीये के सहारे रात गुजारनी पड़ती है। बिजली नहीं होने से मोबाइल चार्ज करना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बना हुआ है। पानी की टंकी पर लगाए गए सौर ऊर्जा संयंत्र से मोबाइल चार्ज करने के लिए दर्जनों ग्रामीण पहुंचते हैं। ग्रामीण अपने मोबाइल फोन को प्लास्टिक की पन्नियों में टांगकर चार्जिंग के लिए लगाए रहते हैं।ग्रामीण जगजीवन, अनीता, प्रभावती, प्रेमवती, सुर्जकली, इंद्रावती, मंगल, कमलभान, गुलाब प्रसाद, सभाजित, राजकली और सिला ने बताया कि गांव में बिजली के खंभे लगने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि जल्द ही घरों तक बिजली पहुंचेगी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हो सका। रात में रोशनी के लिए सोलर लाइट और दीये ही सहारा बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्थिति ऐसी है कि गांव के छोटे बच्चों को बिजली की रोशनी का अनुभव तक नहीं है। मोबाइल चार्ज करने से लेकर रात में रोशनी की व्यवस्था तक ग्रामीणों को वैकल्पिक साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से गांव में जल्द विद्युत आपूर्ति शुरू कराए जाने की मांग की है।

व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

चुनार। मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशा एक अभिशाप विषय पर एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, नशा दुखों का अंत नहीं, बल्कि दुखों की शुरुआत है। यदि हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित और विश्वगुरु राष्ट्र बनाना है, तो युवा पीढ़ी को अपनी ऊर्जा को सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर, सरकारी उपचार व काउंसलिंग व्यवस्था, एकीकृत पुनर्वास केंद्रों और उत्तर प्रदेश के सरकारी जिला अस्पतालों में संचालित मनोचिकित्सा विभाग तथा नशा मुक्ति वार्डों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. माधवी शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा, हम सब मिलकर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देख रहे हैं। एक ऐसा भारत जो आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से दुनिया का नेतृत्व करे। लेकिन यह तभी संभव है जब हमारा युवा नशे से मुक्त होगा। अतः इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डॉ. दीप नारायण, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. नलिनी सिंह, डॉ. स्मिता, डॉ. विनोद यादव, डॉ. दीपक कुमार सिंह सहित तृतीय श्रेणी कर्मचारी, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। छाया:आज

प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान कार्यक्रम

मीरजापुर। प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के तत्वावधान में मड़िहान विधानसभा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन आईएईए गया कार्यक्रम में अभियान के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर प्रो. आकाश दोनों कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दूसरा कार्यक्रम जय हिन्द विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अहरौरा में आयोजित हुआ। यह विद्यालय ऐतिहासिक महत्व का है, जिसका नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रसिद्ध उद्घोष जय हिन्द पर रखा गया है। यह क्षेत्र का सबसे बड़ा एडेड इंटर कॉलेज है, जहाँ लगभग 3000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक शुभेन्द्र कुमार, प्राचार्य संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार हौसला प्रसाद त्रिपाठी, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, अंकुश त्रिपाठी, पवन, डॉ. बृजेश कुमार पांडेय सहित समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। यहाँ प्रो. आकाश ने छात्राओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और आत्मसम्मान को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की।



संबोधित करते प्रोफेसर। छाया:आज

ब्राह्मण का धन लेने वालों का समूल नाश हो जाता है-विष्णु शंकर

नरायनपुर। विकास खंड नरायनपुर के बैकुंठपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन समापन अवसर पर वाराणसी के विद्वान ब्राह्मण कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर ने संगीतमय कथा का वाचन किया। उन्होंने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, बाणासुर शिव प्रसंग, कृष्ण के सभी शादियों, शिशुपाल बध, राजा पौंड्रिक व राजा नृग की कथा आदि का विस्तृत वर्णन किया। कथा व्यास ने राजा नृप की कथा प्रसंग में बताया कि कृष्ण अपने नाती पोतों के साथ बन बिहार पर गये। एक कूप में विशाल गिरगिट देख बच्चों ने कृष्ण को बताया तो कूप से बाहर निकलवाया ,कृष्ण के स्पर्श होते ही दिव्य स्वरूप में आ गया। कृष्ण ने पूछा गिरगिट कैसे बने तो राजा नृप कहता है कि वह बहुत बड़ा दानी था, असंख्य, सुशील, दुधारू गायों का दान किया।

प्रबंध निदेशक ने अकांक्षात्मक विकास का किया निरीक्षण

पटेहरा। विकास खंड के अकांक्षात्मक विकास का स्थलीय सत्यापन करने आए प्रबंध निदेशक एसटीडीसी लखनऊ आशीष कुमार सोमवार को ब्लाक में बैठक किए और आंशिक निरीक्षण किए। दूसरे दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत ककरद में कंपोजिट विद्यालय के स्मार्ट क्लासेज, आंगनबाड़ी केंद्र, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, दिव्यांग सुगम्य पुस्तकालय, तिसुही में क्लाइमेट लैब जबकि पहले ही दिन विंध्य मार्ट, पीएचसी, कृषि गोदाम का निरीक्षण कर चुके थे। प्रबंध निदेशक ने ककरद में गोद भराई भी किया। प्रबंध निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा सभी अकांक्षात्मक ब्लाक में कराए गए उन विकास कार्यों की जांच प्राथमिकता में है जो सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि एक करोड़ से निर्मित हो रहे है। इसके अलावा भी तमाम विकास के इंडिकेट है जिन पर जानकारी साझा कर सत्यापन किया गया है। जांच रिपोर्ट शासन को सौप दी जाएगी। प्रबंध निदेशक द्वारा सकुशल जांच संपन्न होने पर सभी कर्मचारियों के साथ अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जांच के समय प्रबंध निदेशक आशीष कुमार के साथ बीडीओ सिद्धार्थ मिश्र, एसडीओ राजेश कुमार एडीओ रत्न शंकर पांडेय, वेद प्रकाश, डाक्टर अंकित सिंह, प्रधान पवन कुमार मुख्यमंत्री शोधार्थी देवेंद्र दीक्षित आदि लोग रहे।

बिहार समाचार

रोहतास को बिहार के सीएम ने दिया चार सौ करोड़ की सौगात

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चार सौ करोड रुपए की सौगात दिया और 125 विकास योजनाओं का उद्घाटन किया और 52 योजनाओं का शिलान्यास किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री सासाराम पहुंचे और 122.39 करोड रुपए की लागत से बने 9.2 किलोमीटर लंबे बाईपास सड़क का लोकार्पण किया। यह बाईपास सड़क सासाराम में बेदा बस स्टैंड से लेकर मोकर तक 9. 2 किलोमीटर में बना है। इसके पहले मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी डेहरी प्रखंड के जमुहार में नारायण मेडिकल कॉलेज परिसर में युवा संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य ऐसा बिहार बनाना है जहां युवाओं को रोजगार और मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2030 तक ऐसी बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सासाराम -पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो महीने के भीतर काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने इस क्षेत्र के विकास और आवागमन के लिहाज से महत्वपूर्ण कदम बताया । इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 20 29 से पहले बिहार में 10 एयरपोर्ट तैयार हो जाएंगे।

यूपी पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी अरमान को गया जेल से दबोचा

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी और माफिया अतीक अहमद के शूटर अरमान को प्रयागराज की पुलिस उसे गया सेंट्रल जेल से प्रयागराज ले गई और 14 दिनों के न्याय हिरासत में उसे पुन: गया सेंट्रल जेल भेज दिया।यूपी पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए अरमान ने 2022 के एक पुराने मामले में सरेंडर किया और जेल चला गया। अरमान गया के कठोतर मोहल्ले के रहने वाला है। करीब 3 साल तक गया सेंट्रल जेल में बंद रहा ।इस दौरान यूपी पुलिस को उसे खोजती रही। सितंबर में अरमान को गया सेंट्रल जेल में होने की जानकारी प्रयागराज पुलिस को मिली। यूपी पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरा कर उसे प्रयागराज ले गई और 14 दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर उसे गया सेंट्रल जेल भेज दिया।इसके बाद उसे पुलिस उमेश हत्याकांड के बारे में पूछताछ करेगी।

१० वर्षमें लखनऊ बनेगा टेक्नोलॉजी का केंद्र-योगी

लखनऊ(आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एचसीएल टेक लखनऊ की 10वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगले दस वर्ष के लिए हमें लखनऊ को सिर्फ आईटी सर्विसेज के लिए ही नहीं बल्कि एआई, सेमीकंडक्टर, साइबर सिक्योरिटी, कम्प्यूटिंग टेक्नोलॉजी, और डीप टेक टेक्नोलॉजी के लिए भी केंद्र बनाना होगा। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि एचसीएल ने 10 वर्ष पहले यूपी को और लखनऊ को चुना, और लखनऊ ने एचसीएल को अपनाया। दोनों की इस साझा यात्रा पर आज उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति गौरव की अनुभूति कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस कैम्पस की सफलता के पीछे यहां के कर्मचारियों की मेहनत तो



है ही लेकिन इस मेहनत के साथ एक दुआ है किसी मां की, एक पिता की कि उसके बेटे बेटियों का सपना साकार हो रहा है, एक विश्वास के साथ लखनऊ को वैश्विक स्तर पर पहचान दे रहा है, जो आज हम सबके सामने एचसीएल के रूप में राजधानी लखनऊ में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज से 10 वर्ष पहले क्या स्थिति थी ! यूपी का कोई युवा डिग्री लेता था तो कॅरियर के लिए दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई को चुनना पड़ता था। आज, हमारा यूपी का युवा कॅरियर के लिए लखनऊ को तो चुन ही रहा है, दुनिया का युवा भी यूपी में आ रहा है। यह पहचान और चेंज है। एक समय यूपी का युवा अन्य जगहों पर भटकता था। आज यूपी का युवा लखनऊ को चुन रहा है और दुनिया का युवा लखनऊ को चुनने को मजबूर हो रहा है। आज यूपी में नाइट शिफ्ट में बेटियां और बहनें बेझिझक काम करती हैं, बेझिझक घर जाती हैं।

एआईसे फर्जी वीडियो बनाने के आरोपमें यूट्यूबर गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस अधिकारियों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े कथित फर्जी वीडियो प्रसारित करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने हरियाणा निवासी 24 वर्षीय यूट्यूबर नदीम अहमद को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने एआई टूल्स की मदद से वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए। इन वीडियो का मकसद दिल्ली पुलिस की छवि खराब करना और शहर में तनाव पैदा करना था। पुलिस के मुताबिक, नदीम 'न्यूज आईना' नाम से यूट्यूब चैनल चलाता है और उसके करीब 24 हजार फॉलोअर्स हैं। उसे पांच अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया।

जाली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन बदमाश गिरफ्तार

नोएडा (एजेंसी)। नोएडा के थाना ईकोटेक- प्रथम पुलिस और स्वाट टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत मंगलवार को भारतीय करेंसी के नकली नोट छापने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए इनके पास से 100 -100 रूपए कीमत के कुल 2,549 जाली नोट बरामद किया है। इनके पास से पुलिस ने नकली नोट छापने में प्रयुक्त होने वाला एक प्रिंटर, कटिंग मशीन तथा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना ईकोटेक- प्रथम पुलिस और स्वाट टीम ने एक सूचना के आधार पर मंगलवार को संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ।

उत्तर मध्य रेलवे

ई - निविदा सूचना दिनांकः 01.10.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ.&एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है-

GEM बिड संख्याः GEM/2026/B/8104738 Dated: 01.10.2026

कार्य का नामः ROH शेड GMC/कानपुर से JHS वर्कशॉप अथवा भारतीय रेल के किसी अन्य नामित वर्कशॉप तक असेंबल किए गए व्हील सेट (Assembled Wheel Set) का परिवहन तथा JHS वर्कशॉप अथवा किसी अन्य नामित वर्कशॉप से ROH शेड GMC/कानपुर तक ओवरहॉल किए गए व्हील सेट (Overhauled Wheel Set) का परिवहन, दो वर्ष की अवधि के लिए।

निविदा सिस्टमः डबल पैकेट सिस्टम | **कार्य का अनुमानित लागत (₹में):** 3,81,23,460.00

EMD (₹): 3,40,700/- | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य | **कार्य की अवधिः** 02 वर्ष

GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथिः 01.10.2026

निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 23.10.2026 & 15:00:00

नोटः 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध/अपलोड की जाएगी और वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर निविदा खुलने की नियत तिथि तक बनी रहेगी। **2.** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। **3.** संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। **4.** सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएगे। **5.** किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **6.** ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती हैं। **2255/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे

नीलामी सूचना 07/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वाराणसी मंडल/पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा प्रखण्ड के अंतर्गत गौतम स्थान रेलवे स्टेशन पर स्थित माल गोदाम साइडिंग में जब्त किये गये अदावी फ्लाई ऐश जिसकी मात्रा 246.44 घन मीटर है। उक्त माल का वजन लगभग 133 टन है जिसे रेलवे प्रशासन द्वारा नीलामी का निर्णय लिया गया है। अतः इच्छुक व्यक्ति यदि इस नीलामी में भाग लेना चाहता है, तो गौतम स्थान रेलवे स्टेशन पर दिनांक 20.10. 2026 को नीलामी में भाग ले सकता है। यह सूचना www.ner.indianrailways.gov.in वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक

मुजाधि/वाणिज्य–158 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0 : 8520262027 **दिनांक : 05.10.2026**

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये, निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित ई-निविदा, दिनांक 04.11.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

निविदा नं0 : 181 | **अनुमानित मूल्य (रू.)** : 7,77,09,612.90

कार्य का विवरण : वरिष्ठ मंडल अभियंता/द्वितीय/प्रयागराज के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत प्रयागराज-कानपुर खंड में ठेकेदार के पी0क्यू0आर0एस0 पोर्टल के माध्यम से थ्रू स्लीपर नवीनीकरण-प्राथमिक (टी0एस0आर0पी0) साथ में फ्लैश बट वेल्डिंग तथा अन्य विविध कार्य।

बयाने की रकम (रू.) : 15,54,200.00 | **कार्य समापन की अवधि** : 12 (बारह) माह

निविदा खुलने की तिथि : 04.11.2026

न्यूनतम वांछनीय आधार के लिये सिमिलर वर्क : कोई भी पी-वे कार्य*।

***नोट**:- 1: न्यूनतम वांछनीय आधार के लिये सिमिलर वर्क "कोई भी पी-वे का कार्य"-निविदा में विशेष शर्त के साथ **(i)** निविदाकार/बोलीदाता को ट्रैफिक ब्लाक के दौरान रनिंग ट्रैक में काम करने के लिये न्यूनतम 02 नग पी0क्यू0आर0एस0/एस0क्यू0आर0एस0/टी0एल0ई0 मशीनों और पी0क्यू0आर0एस0 डिपो में काम करने के लिये 02 नग गैन्ट्री के स्वामित्व का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। **(ii)** सफल बोलीदाता को 'लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस (एल0ओ0ए0) जारी होने के 45 दिनों के भीतर, एक ऐसी फर्म के साथ नोटरी-सत्यापित 'मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग' (एम0ओ0यू0) जमा करना होगा, जिसके पास आर0डी0एस0ओ0-अनुमोदित 'क्वालिटी एश्योरेंस प्लान' (क्यू0ए0पी0) वाला 'फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट' हो। इस शर्त का पालन न करने पर कॉन्ट्रैक्ट तुरंत रद्द कर दिया जायगा: या फिर निविदाकार को यह घोषणा-पत्र जमा करना होगा कि उसके पास आर0डी0एस0ओ0-अनुमोदित क्यू0ए0पी0 वाला 'फ्लैश बट प्लांट' है।

नोट-2: 1: ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। 2: उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि **04.11.2026** तक उपलब्ध है। 3: उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 4: निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 5: निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 6: माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगें। 7: संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहियें। 8: निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in.** पर भी अपलोड कर दिया गया है। 9: बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 10: किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 11: आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि **04.11.2026** को समय **13:30** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 12: निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **2272/26(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वर्ल्ड बैंक का भरोसा बढ़ा

नयी दिल्ली (आससे.)। भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर वर्ल्ड बैंक का भरोसा और मजबूत हुआ है। वैश्विक स्तर पर ऊंची ब्याज दरों, महंगे कच्चे तेल और बाजार में उतार-चढ़ाव जैसी चुनौतियों के बीच भारतीय इकोनॉमी ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। इसी वजह से वर्ल्ड बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 यानी स्न्ढ्ढ27 में भारत की त्नष्ठक्क ग्रोथ का अनुमान 6.6त्न से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को जारी अपनी ताजा इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में भारत की आर्थिक ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचनाः ओटी–22–2026

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं.: ओटी–22–2026; कार्य का विवरणः** पूर्वोत्तर रेलवे अन्तर्गत गोरखपुर स्टेशन पर लखनऊ मण्डल के अधीन नये 25 केवी, 50 हर्ट्ज, सिंगल फेज एसी एसएसपी निर्माण का कार्य, वाराणसी मण्डल अधीन महराजगंज स्टेशन पर ओएचई कार्य एवं विद्युत निर्माण इकाई के तहत विभिन्न प्रस्तावित आरओबी में ओएचई संशोधन का कार्य शामिल है (भटनी यार्ड में एलसी सं. 115 स्पेशल, पडरौना में एलसी सं. 67–सी एवं इन्दारा में एलसी सं. 4) **अनुमानित लागतः** ₹4,85,05,918.44; **बयाना राशिः** ₹9,70,100/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह; **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समयः** 27.10.2026 को 15:00 बजे। **नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण

मुजाधि/विद्युत–209 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर

(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांकः- 4950/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26-27 दिनांकः- 28/09/2026

ई–निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई–निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से सेतु कार्य में लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार परढदिनांक 12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 22.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड्स दिनांक–22.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेंगी। तकनीकी बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदार की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि पत्र होगा तो https://etender.up.nic.in पर दिनांक 22.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड उस क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी विस्तृत विवरण हेतु https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू0 लाख में	धरोहर धनराशि रू0 लाख मे	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8		9
वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	जौनपुर	जनपद जौनपुर में विकास खण्ड–बदलापुर में कबेली एवं बहुर के मध्य पीली नदी पर 4X10 मी0 स्पान के लघु सेतु का निर्माण कार्य।	350.00	19.50	2714	प्रा0ख0 खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर	वा0क्षे0, लो0नि0वि0, वाराणसी	10 माह	A

➤ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
➤ शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
➤ निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
➤ निविदा ऑनलाईन दिनांक 12.10.2026 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 22.10.2026 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 22.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
➤ शासनादेश सं0–1/2018–3070/78/2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
➤ शासनादेश संख्या–86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 दिनांक 23 मई 2026 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी एवं ठेकेदारों द्वारा उक्त शासनादेश का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
➤ निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजेश राव) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 जौनपुर

(एस0के0 सिंह) अधीक्षण अभियन्ता जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर

उ.प्र.-257513, दिनांक- 05.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-वाराणसी

पता:- विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांकः- 2394/ग्रा.अ.वि./निविदा पत्रावली/पत्रावली सं. 01/अनु.सहायक/2026-27 दिनांकः- 30.09.2026

ई-निविदा नोटिस (तृतीय आमंत्रण)

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है. जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित	बिड सिकुरिटि (ई0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित
1	2	3	4	5	6	7
विधायक निधि						
1		वार्ड नई बस्ती मकान नं0 एस 9/1 डी-3 के अज्जू सोनकर के घर ए एस 9/13 तक इन्टरलॉकिंग का कार्य।	11.81	0.236	225+18% GST+500=766	3 माह
2		वार्ड नदेसर में सुभाष नगर पार्क का सुन्दरीकरण व झूला लाईट का कार्य।	10.94	0.219	225+18% GST+500=766	3 माह
3		अकथा वार्ड में श्रीनगर कालोनी फेस-2 में अशोक मौर्या के मकान सा 6/152-1-एम से अखिलेश शुक्ला के मकान सा 6/153-1-एम तक सड़क निर्माण का कार्य	21.12	0.422	300+18% GST+2000=2354	3 माह
4		वार्ड रमरेपुर में जोशी जी गेट से होते हुए स्व0 कल्लू यादव के मकान से स्व0 पन्ना के मकान से होते हुए कन्नौजिया बस्ती होते हुए धोबी बस्ती से रंजित सिंह के मकान तक जर्जर चौका पर इंटर लाकिंग का कार्य	9.64	0.193	225+18% GST+500=766	3 माह
5		वार्ड नदेसर तेलिया बाग चर्च कंपाउण्ड के सामने खाली स्थान पर इण्टरलॉकिंग चबूतरा निर्माण कार्य।	12.10	0.242	225+18% GST+500=766	3 माह
6		वार्ड चौकाघाट में बेलवरिया अम्बेडकर नगर कालोनी एवं मलिन बस्ती में तुलसी के मकान से लेकर डा0 अम्बेडकर मूर्ति के पास तक वाले तरफ गलियों में चौका रेस्टिंग का कार्य	10.14	0.203	225+18% GST+500=766	3 माह
7		वार्ड तरना में मरलाई में चौका सड़क से रामजानकी तालाब होते हुए रानीती मिश्रा के घर तक कच्चे रास्ते पर इंटर लाकिंग का कार्य	13.42	0.268	225+18% GST+500=766	3 माह
8		वार्ड जगतगंज में सी–28/102 तेलियाबाग शीतल आटा चक्की से सी 28/54 असफाक के मकान तक 120 मी0 चौका मरम्मत का कार्य	9.49	0.190	225+18% GST+500=766	3 माह
9		वार्ड शिवपुर में विकास प्राधिकरण कालोनी नार्मल स्कूल शिवपुर से रामदास के मकान से बाजपेयी के मकान तक पटरी के दोनों तरफ इण्टरलॉकिंग का कार्य।	10.48	0.210	225+18% GST+500=766	3 माह
10		सिकरौल वार्ड में पत्रकारपुरम कालोनी में ए से बी तक सड़क व पटरी पर इण्टरलॉकिंग का कार्य	11.15	0.223	225+18% GST+500=766	3 माह
11		वार्ड सारनाथ में परशुरामपुर में ब्रज पब्लिक स्कूल के आगे वाली दाहिनी गली में पिच रोड से लेकर विकास दुबे के मकान से होते हुए विकास शर्मा के मकान तक 300 मी तक सड़क निर्माण कार्य	9.21	0.184	225+18% GST+500=766	3 माह
12		वार्ड सारनाथ में लोहिया नगर कालोनी में हरी शंकर सिन्हा के मकान से राजीव सिन्हा के मकान तक 800 मी0 पीच रोड का निर्माण कार्य	11.75	0.235	225+18% GST+500=766	3 माह
13		सारंगनाथ कालोनी रंगोली गार्डन के पीछे दीपक मिश्र के घर से रमाशंकर शर्मा के घर तक 90 मीटर सड़क का निर्माण कार्य	11.04	0.221	225+18% GST+500=766	3 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 17.10.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 17.10.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 17.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.:– 257498

दिनांकः– 05.10.2026

अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–वाराणसी श्री राज्यपाल उ.प्र. की ओर से

वेबसाईटः– www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड- वाराणसी

पता-विकास भवन, पंचम तल, वाराणसी

पत्रांकः- 2398/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0 01/अनु0सहायक/2026–27 दिनांकः–30.09.2026

ई–निविदा नोटिस

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड वाराणसी के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीए0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

क्र0सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 रहित	बिड सिकुरिटि (ई0एम0डी0) (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित
1	2	3	4	5	6	7
विधायक निधि						
1	वाराणसी	वार्ड लल्लापुर में अन्नपूर्णा नगर कालोनी में सनबीम के बगल में इण्टरलॉकिंग कार्य।	17.73	0.355	300+18% GST+500=854	3 माह
2		महेशपुर सुद्धिपुर नटिनयादायी मार्ग पर मेवा के दुकान से सियाराम यादव मकान तक सीवर व इण्टरलॉकिंग का नव निर्माण कार्य।	20.70	0.414	300+18% GST+2000=2354	3 माह
3		वार्ड शिवपुर में रामलिला मैदान के पास पंचकोशी परिक्रमा करने वाले यात्रियों के लिए छाया एवं बरसात से बचने हेतु स्थाई टीन शेड के निर्माण कार्य।	20.92	0.418	300+18% GST+2000=2354	3 माह
4		वार्ड सरसौली मीरापुर बसही अशोकपुरम कालोनी में राजकुमार सिंह के मकान से होते हुए ओम प्रकाश सिंह के मकान से होते हुए दरोगा सिंह के मकान तक मार्ग इण्टरलॉकिंग का कार्य।	9.01	0.180	225+18% GST+500=766	3 माह
5		ग्राम सभा सुल्तानपुर में कजरी मस्जिद के बगल में मुख्य मार्ग से श्री भुवनेश्वर ठाकुर से मुख्य मार्ग तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	16.55	0.331	300+18% GST+500=854	3 माह
6		शिवपुरवा में नर्मेश्वर महादेव परिसर के पानी टंकी के पास, गणेश बारा नर्सरी बड़ा कुआ के समीप सामुदायिक भवन का कार्य।	18.14	0.363	300+18% GST+500=854	3 माह
7		सरायनन्दन वार्ड में राधा कुंज कालोनी में श्री हनुमान मन्दिर से कृष्णदेवनगर कालोनी को जोड़ने वाली सड़क पर इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य।	12.53	0.251	225+18% GST+500=766	3 माह
8		रामनगर के अभिनव बिहार कालोनी में श्री मनोज सिंह के आवास से दक्षिण ट्रान्सफॉर्मर होते हुए श्री शिवसागर यादव के आवास होते हुए डा0ए0एन0 त्रिपाठी के आवास तक इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य।	15.75	0.315	300+18% GST+500=854	3 माह
9		बागहाड़ा में साई बाबा मन्दिर से श्री विनोद यादव के आवास तक चिकना चौका पत्थर निर्माण कार्य।	16.74	0.335	300+18% GST+500=854	3 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 10.10. 2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 10.10.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 10.10.2026 को 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

उ.प्र.–257503

दिनांक–05.10.2026

अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–वाराणसी। श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

शेष

युद्धपोतों...

सामग्री के साथ, यह परियोजना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों सहित विभिन्न भारतीय उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। यह परियोजना तीन वर्षों की अवधि में रोजगार सृजित करेगी। यह भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना और रक्षा क्षमताओं को भी मजबूत करती है और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी के स्वदेशीकरण के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मंत्रालय अनुसार नौसेना के विभिन्न अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर लगी ब्रह्मोस प्रणाली समुद्री हमले के लिए प्राथमिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल (एसएसएम) संचालन प्रणाली के मामले में भारतीय तकनीक का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह प्रणाली सुपरसोनिक गति पर सटीक निशाने के साथ विस्तारित रेंज के अंतर्गत ज़मीन और समुद्र दोनों दिशाओं से लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है।

वोट चोरी कर...

जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। राहुल ने कहा कि करीब 300 सांसद चुनाव आयोग से मिलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें आयोग से महज 50 गज दूर रोक दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर चुनाव आयोग जनप्रतिनिधियों से नहीं मिलेगा तो लोकतंत्र का क्या मतलब रह जाएगा। गौरतलब है कि विपक्षी सांसद आज चुनाव आयोग जाने के लिए संसद भवन मार्ग से मार्च कर रहे थे, जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को हिरासत में लिया गया। राहुल गांधी आकाशवाणी भवन के भीतर से ही मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

परिवहन व्यवस्था..

रेलवे, बंदरगाह, जहाजरानी, नागरिक उड्डयन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय जहाजरानी, शहरी परिवहन और लॉजिस्टिक्स को शामिल किया जाएगा। प्राधिकरण 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत वाली केंद्रीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन और निगरानी करेगा। साथ ही इनके क्रियान्वयन के बाद प्रभाव आकलन भी किया जाएगा। वित्तीय मूल्यांकन की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। आईटीएलए राष्ट्रीय परिवहन डेटा भंडार भी तैयार करेगा। इसके लिए जीएसटीएन, ई-वे बिल, फास्टैग, वाहन, जीपीएस और शहरी यातायात प्रबंधन प्रणालियों समेत विभिन्न स्रोतों से आंकड़े जुटाकर परिवहन योजना और निगरानी में उनका इस्तेमाल किया जाएगा। प्राधिकरण राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति की समीक्षा, कौशल विकास, प्रशिक्षण तथा परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को भी बढ़ावा देगा। सरकार के मुताबिक, आईटीएलए से बहु-माध्यमीय कनेक्टिविटी मजबूत होने, बुनियादी ढांचे की दक्षता बढ़ने, लॉजिस्टिक्स लागत घटने और भारत की वैश्विक लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

एसएमई..

अनुसार, इससे कंपनियों को उत्पादन क्षमता बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जुड़ने में मदद मिलेगी। सरकार इस कोष में औद्योगिक विकास कोष ढांचे के तहत स्थापित वैकल्पिक निवेश कोष में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सरकार का मानना है कि इससे एसएमई क्षेत्र में दीर्घकालिक पूंजी की कमी दूर होगी, निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और देशभर में गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

यूपी : अब तीन...

श्रुति गंगवार को प्रत्याशी बनाया है। अखिलेश यादव के 403 सीटों वाले बयान को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में कुल 403 विधानसभा सीटें हैं और 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में सपा के तीसरे राज्यसभा उम्मीदवार के बजाय विधानसभा चुनाव पर फोकस करने का संकेत पार्टी की आगे की रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अगर सपा तीसरा उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारती है तो उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो सकती है। मौजूदा समीकरणों में भाजपा के आठ और सपा के दो उम्मीदवारों के निर्विरोध चुने जाने की संभावना बनती है।

यूपी : भाजपा..

बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे। मंगलवार सुबह आठों प्रत्याशी भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। उनके पहुंचते ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुट गए। ढोल-नगाड़ों के साथ प्रत्याशियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभी उम्मीदवार समर्थकों और पार्टी नेताओं के साथ विधानभवन के लिए रवाना हुए। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख छह अक्तूबर है। इसके बाद सात अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नौ अक्तूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 16 अक्तूबर को होगा। राज्यसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ओर से रामगोपाल यादव और धनराज परिमल नाथवाणी पहले ही नामांकन कर चुके हैं। मंगलवार को अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि सपा तीसरा उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारेगी। इससे उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के चुनाव का मौजूदा समीकरण और स्पष्ट हो गया है।

चुनाव आयोग...

इन चोरों के खिलाफ हम लड़ते रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की जनता जान रही है कि उसके वोट चोरी हो रहे हैं और उसकी आजादी खत्म की जा रही है। बाद में खड़गे ने कहा ईसी का मतलब इलेक्शन कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं हो सकता। हम लोकतंत्र को बिकने नहीं देंगे। इंडिया गठबंधन भाजपा को जवाबदेह बनाएगा। राहुल और प्रियंका के साथ कई विपक्षी नेता आकाशवाणी भवन परिसर में धरने पर बैठे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग तक निकाले गए मार्च को आकाशवाणी भवन के सामने रोक दिया गया। उनके मुताबिक बीजद के सांसद भी मार्च में शामिल हुए और विपक्ष की एकजुटता आगे भी कायम रहेगी। विपक्षी सांसदों ने वोट चोर, गद्दी छोड़, भाजपा ही मुख्य चुनाव आयुक्त है और लोकतंत्र बिकाऊ नहीं है जैसे नारे लगाए। कई सांसदों के हाथों में ज्ञानेश कुमार को आरएसएस की वर्दी में दिखाने वाले कटआउट भी थे। मार्च के मद्देनजर संसद, आकाशवाणी भवन और निर्वाचन सदन के आसपास भारी सुरक्षा और बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस ने कई नेताओं को हिरासत में भी लिया। यह प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट की सोमवार की टिप्पणी के बाद हुआ है, जिसमें अदालत ने स्पष्ट किया था कि उसने फॉर्म-6 के किसी संशोधित प्रारूप को मंजूरी नहीं दी है। चुनाव आयोग ने हालांकि राहुल गांधी के आरोपों को भ्रामक बताते हुए अपने स्तर पर इसका खंडन किया है।

भारतमें एप....

बिटचैट एक मैसेजिंग एप है, जो पारंपरिक इंटरनेट आधारित मैसेजिंग से अलग तरीके से काम करता है। यह ब्लूटूथ जैसी वायरलेस तकनीक का इस्तेमाल करके आसपास मौजूद डिवाइस के बीच मैसेज भेजने की सुविधा देता है।इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल खास तौर पर उन परिस्थितियों में किया जा सकता है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं हो या उस पर निर्भरता कम करनी हो। कैसे काम करता है बिटचैट- ब्लूटूथ से कनेक्शन सबसे पहले आसपास के बिटचैट यूजर्स के फोन एक-दूसरे से ब्लूटूथ के जरिए जुड़ते हैं। इंटरनेट की जरूरत नहीं इसमें मैसेज भेजने के लिए मोबाइल डेटा या किसी वाई-फाई जरूरी नहीं होती है। स्द्गह्यद्ध नेटवर्क बनता है अब आसपास के कई फोन आपस में जुड़कर एक नेटवर्क बना सकते हैं। मैसेज आगे बढ़ता है यहां जरूरत पड़ने पर एक फोन दूसरे फोन के जरिए मैसेज को आगे पहुंचा सकता है।सरकारी सूत्रों के अनुसार बिटचैट को कानून-व्यवस्था के नजरिए से संभावित जोखिम के तौर पर देखा गया है। ऐसे एप्स में इंटरनेट नेटवर्क पर निर्भरता कम होने के कारण पारंपरिक ऑनलाइन कम्युनिकेशन सिस्टम से अलग तरीके से संदेशों का आदान-प्रदान हो सकता है। इसी वजह से सरकार की चिंता सिर्फ एप की तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके संभावित इस्तेमाल और उससे पैदा होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को लेकर भी है। बिटचैट जैसे एप की खासियत इसका ब्लूटूथ-बेस्ट कम्यूनिकेशन माना जाता है। सामान्य मैसेजिंग एप्स के लिए इंटरनेट कनेक्शन जरूरी होता है, जबकि ब्लूटूथ आधारित मैसेजिंग आसपास मौजूद डिवाइसों के बीच सीधे संचार की सुविधा दे सकती है। यही तकनीकी खूबी ऐसे एप्स को अलग बनाती है, लेकिन यही वजह कानून-व्यवस्था और निगरानी के लिहाज से सवाल भी खड़े करती है। सरकारी सूत्रों ने साफ तौर पर कहा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना केंद्र की जिम्मेदारी है। ऐसे में सरकार उन तकनीकी प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल को लेकर भी सतर्क रहती है, जिनसे सार्वजनिक व्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका हो।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022442

आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57

फोन:- 2393981 से 2393987 तक

E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com

Website : www.ajhindidaily.com

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें

-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज ...
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

सूर्योदय : ०५.५२
सूर्यास्त : ०५.३९

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २४.०



सौरभ गांगुल बने दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच


नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली को मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के २०२७ सत्र के लिये दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया। गांगुली २०१९ में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरूष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह चुके हैं। गांगुली ने कहा आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा मैने टीम के मालिकों, प्रबंधन, सहयोगी स्टार और खिलाड़ियों के साथ करीब से काम किया है। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अतीत में हमने अच्छी क्रिकेट खेली है। दिल्ल टीम आईपीएल के पिछले सत्र में छठे स्थान पर रही थी।

विश्व विजेता हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

मैने अपनी जिम्मेदारी निभा दी, अब बतौर खिलाड़ी खेलूंगी तीनों प्रारुप



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत की एकमात्र विश्वकप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ इस खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं। सैतीस वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं। कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने सोशल मीडिया पर लिखा मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारूपों की कप्तानी से हट रही हूं। यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लार्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। हरमनप्रीत ने २०१६ में भारतीय टी-२० टीम की कप्तानी संभाली थी और करीब एक दशक तक इस जिम्मेदारी को निभाया। २०२२ में उन्हें एकदिनी टीम की कप्तानी सौंपी गयी और २०२३ में वह तीनों प्रारूपों की कप्तान बन गयी। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया। मैंने इस जिम्मेदारी को सम्मान के साथ निभाया और भारतीय महिला क्रिकेट का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगी। हरमनप्रीत हालांकि तीनों प्रारूपों में भारत के लिए खेलना जारी रखेंगी। उन्होंने कहा अब मेरे लिए नया अध्याय शुरू करने का समय है। कप्तानी आज खत्म हो सकती है, लेकिन भारतीय क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी खत्म नहीं होगा। मैंने अपना खून, पसीना, त्याग और सम्मान सब कुछ इस टीम को दिया है। मैं अब फिर से सिर्फ खेल के प्यार के लिए खेलने को तैयार हूं। कप्तानी का अंत हुआ है, सफर जारी है। अपने भावुक बयान में अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि कप्तान के रूप में उन्होंने टीम को अपना सब कुछ दिया और कई बार अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पीछे रखकर टीम की जरूरतों को प्राथमिकता दी। हरमनप्रीत को भारत की महानतम क्रिकेटरों में शुमार किया जाता है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले साल पहली बार एकदिनी विश्वकप जीता था। हाल ही में टीम ने एशियाई खेलों के टी-२० प्रारूप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक भी हासिल किया। इसके अलावा हरमनप्रीत की अगुआई में भारत ने २०२२ राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। उन्होंने पांच टेस्ट, ५१ एकदिनी और १५५ टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत की कप्तानी की। उन्होंने कहा एक कप्तान के रूप में मुझे कई कठिन फैसले लेने पड़े। ऐसे फैसले जिन्हें हमेशा समझा नहीं गया जो हमेशा आसान नहीं थे और कभी-कभी जिनकी व्यक्तिगत कीमत भी चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा मेरा हर फैसला टीम को बेहतर बनाने के प्रेरित था। इसमें अन्य खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, खुद पर विश्वास करने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना शामिल है। हरमनप्रीत ने कहा मैंने सब कुछ देखा है। मैंने टीम के सबसे बुरे दौर, निराशा,



आलोचना, लोगों के सवाल और ऐसे दिन देखे हैं, जब लगता था कि कुछ भी हमारे पक्ष में नहीं हो रहा। लेकिन मैंने जीत की सबसे बड़ी खुशियां भी महसूस की हैं—जीत, जश्न, देश के लिए खेलने का गर्व और वे पल, जिन्होंने हमारे हर त्याग को सार्थक बना दिया। उन्होंने कहा कि वह कप्तानी की जिम्मेदारी भावनाओं से भरे दिल, लेकिन मन में शांति के साथ छोड़ रही है. उन्होंने कहा मुझे सच में विश्वास है कि मेरी टीम एक अच्छी स्थिति में है। ऐसी टीम, जिसमें प्रतिभा, आत्मविश्वास और एक उज्ज्वल भविष्य है। मैं उसके आगे के सफर को देखने और उसका हिस्सा बने रहने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

अभिषेक, गिल, शेफाली, श्रीचरणी मंथ आफ क्रिकेटर के लिए नामित

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय पुरुष टीमके कप्तान शुभमन गिल, सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, शेफाली वर्मा और स्पिनर श्री चरणीको अईसीसीके सितम्बर महीनेके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कारके लिये नामांकित किया गया है। भारतीय चौकड़ीके अलावा जिम्बाब्वेके कप्तान सिकंदर रजा और श्रीलंकाकी कप्तान चामरी अटापट्टूको भी नामांकित किया गया है। अभिषेक ने अफगानिस्तान के खिलाफ चार टी-२० में २२९ रन बनाये और रेकार्ड ३० गेंद में शतक जड़ा था। गिल ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ दो एकदिनी में ३३३ रन बनाये जिसमें एक दोहरा शतक शामिल है। रजा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिनी शृंखला में सर्वाधिक रन बनाये थे। महिला वर्ग में एशिया कप और एशियाई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का दबदबा रहा। अटापट्टू ने बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि शेफाली ने महिला एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाए। श्री चरणी ने आईसीसी टी-२० महिला गेंदबाजी रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग प्वाइंट हासिल किये थे।

होप, रदरफोर्ड ने वेस्टइण्डीज को संभाला

पहला टी-२० : भारत को मिला १७२ रन का लक्ष्य, पदार्पण कर रहे नमन धीर ने झटके तीन विकेट

लखनऊ (आससे)। शाई होप (५२) और शेरफिन रदरफोर्ड (५६) के आक्रामक अर्द्धशतक के दम पर वेस्टइण्डीज ने लड़खड़ाने के बावजूद पहले टी-२० मुकाबले में मंगलवार को भारत के खिलाफ १९.१ ओवर में १७१ रन का लड़ने लायक स्कोर बना लिया। १७२ रन के लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ही ३६ रन पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों को खो दिया। भारत को पहला झटका अभिषेक शर्मा के रुप में लगा जो १० गेंद में तीन चौके, एक छक्के की मदद से २१ रन बना कर रोस्टन चेज की गेंद हेटमायर के हाथों में खेल बैठे जबकि सैमसन (११) को अकील हुसैन ने अपनी ही गेंद पर लपका। दोहरा झटका लगने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने ईशान किशन के साथ मोर्चा संभाला। शुरुआत में किशन धीमे रहे जबकि रन बनाने का जिम्मा अय्यर ने अपने कंधों पर ले लिया। अय्यर के आक्रामक तेवर का नतीजा रहा कि पावर प्ले में भारत के ६२ रन बना गये। अय्यर का प्रहार पावर प्ले के बाद भी जारी रहा और अब उन्हें ईशान किशन का भी साथ मिलने लगा जिससे स्कोर बोर्ड पर तेजी से रन बदलने लगा। भारत के रनों का शतक ९.३ ओवर में पूरा हो गया। टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइण्डीज को शाई होप ने तेज शुरुआत दी। उन्होंने भारत की ओर से गेंदबाजी का आगाज करने आये अर्शदीप की फुल लेंथ गेंद को मिड-आफ के ऊपर से उठाकर चार रनों के लिए सीमारेखा के पार करा अपना और टीम का खाता खोला। दूसरे छोर से आये मयंक यादव के पहले ओवर में शाई होप ने चार चौके बटोरे। उन्होंने पहली गेंद पर मिड-विकेट के ऊपर से चौका लगाया। फिर दूसरी गेंद पर डाउन द ग्राउंड शाट खेलकर बाउंड्री लाइन के बाहर गेंद को पहुंचाया। इसके बाद आखिरी दो गेंद पर भी चौके लगे। हालांकि उनके जोड़ीदार कामिल पूरन उनका साथ ज्यादा देर नहीं दे सके और ११ गेंद पर दो चौके की मदद से १२ रन बना कर अर्शदीप की गेंद पर बोल्ड हो गये। कैरेबियाई टीम को पहला झटका ३८ रन पर लगा। नये बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर से टीम बड़े स्कोर की उम्मीद कर रही थी लेकिन वे पांच रन का ही अंशदान कर रन आउट हो गये जिससे वेस्टइण्डीज का स्कोर दो विकेट पर ४४ रन हो गया। अक्षर पटेल के इसी ओवर में रोवमैन पावेल खाता खोलने से पहले ही बोल्ड हो गये जिससे पावर प्ले में स्कोर तीन विकेट पर ४४ रन हो गया और टीम संकट में फंस गयी। जल्दी-जल्दी विकेट गिरने से शाई होप ने भी अपनी आक्रामक रणनीति में बदल दी और संभल कर खेलने लगे। कैरेबियाई टीम की ओर से पहला छक्का शेरफिन रदरफोर्ड के बल्ले से आया जो उन्होंने कुलदीप यादव की गेंद पर लगाया। कुछ देर शांत रहने के बाद होप ने भी कुलदीप के इसी ओवर में डीप मिड विकेट पर छक्का जड़ा जिससे इस ओवर में १५ रन टीम के खाते में आये। रदरफोर्ड ने आक्रमक तेवर बरकरार रखते हुए अक्षर पटेल पर भी चौका और छक्का लगाया जबकि होप ने भी गेंद को चार रनों के लिए सीमा रेखा के पार पहुंचाया। अक्षर का यह ओवर महंगा रहा जिसमें १८ रन खर्च हुए। लय में खेल रहे होप ने अर्द्धशतक तो पूरा कर लिया लेकिन जब वे ३७ गेंद पर छह चौके, दो छक्के की मदद से ५२ रन पर थे, पदार्पण कर रहे नमन धीर ने पवेलियन भेज दिया। नमन धीर ने लेंथ पीछे खींची, जिस पर होप बैकफुट से पुल खेलने गये लेकिन शाट में ज्यादा ताकत नहीं थी। डीप मिड-विकेट पर अक्षर पटेल ने आसान कैच पकड़ लिया। होप ने रदरफोर्ड के साथ चौथे विकेट के लिए ३५ गेंद में ६३ रन जोड़े जो टीम की सबसे बड़ी साझेदारी रही। होप के आउट होते ही टीम बिखर गयी और देखते ही देखते उसका स्कोर चार विकेट पर १०७ रन से आठ विकेट पर १३५ रन हो गया। कुलदीप यादव ने रोस्टन चेज को पांच रन पर पगबाधा किया तो रोमारियो शेफर्ड (सात) को नमन ने तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। मैथ्यू फोर्ड (दो) कुलदीप के शिकार हुए जबकि शामर स्प्रिंगर (नौ) को नमन ने अपना तीसरा शिकार बनाया। इधर विकटों के गिरते सिलसिले के बीच रदरफोर्ड ने अर्द्धशतक पूरा कर लिया। रदरफोर्ड ३६ गेंद में छह चौके, तीन छक्के की मदद से ५६ रन बना कर मयंक यादव के शिकार हुए लेकिन उन्होंने नौवें विकेट के लिए अकील हुसैन (१५) के साथ १८ गेंद में ३८ रन की साझेदारी कर दी जिससे वेस्टइण्डीज की टीम १९.१ ओवर में सिमटने से पहले १७१ रन बनाने में सफल हो गयी। नमन धीर ने ३१ रन देकर तीन तथा अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने क्रमशः २६ और ३३ रन देकर दो-दो विकेट लिए।



श्रेयस खिलाड़ियों के कप्तान आगे बढ़ कर करते हैं नेतृत्व

-वीवीएस लक्ष्मण



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि श्रेयस अय्यर में भारतीय टीम की सफल कप्तानी करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि अय्यर की अच्छी तैयारी, रणनीति की समझ और विपक्षी टीम की ताकत को पहचानने की क्षमता उन्हें एक मजबूत कप्तान बनाती है। श्रेयस अय्यर ने जापान में भारत को पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक दिलाया। अय्यर के कप्तानी संभालने के तरीके से प्रभावित लक्ष्मण ने कहा कि मध्यक्रम के इस बल्लेबाज में पहले से ही वे खूबियां नजर आ रही हैं जो तेज गति वाले टी-२० क्रिकेट में विपक्षी टीम से एक कदम आगे रहने के लिए जरूरी हैं। लक्ष्मण ने कहा यह उनके कप्तानी करियर की अभी शुरुआत है लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि वह काफी सफलता हासिल करेंगे। वह खिलाड़ियों के कप्तान हैं। वह हर खिलाड़ी को सहज महसूस कराते हैं और खुद आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। उन्होंने कहा चाहे बल्लेबाजी की बात हो या मैदान पर फैसले लेने की वह टीम बैठक से पहले ही विपक्षी टीम की योजनाओं, उसकी ताकत और कमजोरियों को समझने के लिए बैठ जाते हैं। तैयारी को लेकर वह बहुत गंभीर रहते हैं। फिटनेस पर भी काफी जोर देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि बतौर कप्तान उनका कार्यकाल बहुत सफल रहेगा। अपने खेल के दिनों में शानदार बल्लेबाज रहे लक्ष्मण ने अय्यर की रणनीतिक समझ और टीम में मौजूद खिलाड़ियोंकी क्षमताओं को पहचाननेकी उनकी क्षमता की भी तारीफ की। उनका मानना है कि इन्हीं खूबियों की वजहसे अय्यर अपने खिलाड़ियोंसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवानेमें सक्षम हैं। रणनीति के मामलेमें वह बेहद समझदार और तेज हैं। वह अपनी टीमके हर खिलाड़ीकी ताकतको समझते हैं और जानते हैं कि उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे करवाना है। लक्ष्मण ने कहा खासकर टी-२० क्रिकेट में आपको विपक्षी टीम से एक-दो कदम आगे रहना होता है। अय्यर जिस तरह विपक्षी टीम की ताकत और कमजोरियों को समझते हैं और उसके अनुसार पूरी तैयारी करते हैं। वह मुझे बहुत अच्छा लगता है। लक्ष्मण की यह तारीफ एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम की मुश्किल तैयारियोंके बाद आई है। खराब मौसम, लगातार यात्रा और मैदानपर अभ्यासके सीमित मौकोंने टीमकी तैयारियोंको चुनौती दी थी। लक्ष्मणने कहा कि इन परिस्थितियोंके बावजूद खिलाड़ियोंका खुदको ढालना अभियान की सबसे अच्छी बातोंमें से एक रहा। उन्होंने कह जबसे हम जापान पहुंचे, मौसम, यात्रा और अच्छे अभ्यास सत्रों की कमीके कारण हमारे सामने कई चुनौतियां थीं लेकिन एक बार भी मुझे ऐसा नहीं लगा कि टीम या किसी खिलाड़ीमें बड़े मुकाबलोंके लिए तैयार होनेकी उत्सुकता नहीं है। उन्होंने कहा श्रीलंकाके खिलाफ सेमीफाइनलकी पिच मुश्किल थी लेकिन खिलाड़ियोंने सकारात्मक रवैया दिखाया। फाइनलमें भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनोंमें टीमने बेहद पेशेवर प्रदर्शन किया। लक्ष्मण इस बातसे भी खुश थे कि खिलाड़ियोंने उन परिस्थितियों के अनुसार खुदको ढाला जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएलमें आमतौर पर देखने को नहीं मिलतीं।

भारत समेत सात देश ओलम्पिक-२०३६ की मेजबानी की दौड़ में

लुसाने (एजेन्सियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को कहा कि भारत, जर्मनी, कतर और तुर्किये समेत सात देशों ने २०३६ ओलम्पिक खेलों की मेजबानी में रुचि जताई है। इन सभी इच्छुक देशों को नवम्बर में फ्यूचर होस्ट कमीशन के सामने अपनी परियोजनाएं पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया है। आईओसी के इन देशों के प्रस्तावों का विभिन्न तकनीकी पहलुओं के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। आईओसी ने बताया कि परियोजनाओं को कई महत्वपूर्ण मानकों पर परखा जायेगा। इनमें खेल स्थलों की योजना, खिलाड़ियों के अनुभव, वित्तीय रणनीति, राजनीतिक और सार्वजनिक समर्थन, खेलों के सफल आयोजन की क्षमता और मेजबानी के बाद स्थानीय समुदायों को मिलने वाले दीर्घकालिक लाभ की योजना शामिल है। आईओसी ने अपने बयान में कहा कि ये सभी इच्छुक पक्ष नवंबर में फ्यूचर होस्ट कमीशन के सामने अपने प्रोजेक्ट पेश करेंगे। इसके अलावा कुछ राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां एनओसी २०३६ के बाद के ओलम्पिक खेलों की मेजबानी को लेकर आईओसी के साथ गैर-बाध्यकारी बातचीत कर रही हैं। आईओसी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा कार्यक्रम को देखते हुए ३१ अक्तूबर के बाद २०३६ ओलम्पिक की मेजबानी के लिए किसी अन्य इच्छुक पक्ष पर विचार नहीं किया जायेगा। भारत ने २०२४ में २०३६ ओलम्पिक की मेजबानी के लिए अपनी रुचि का औपचारिक पत्र आईओसी को सौंपा था। हालांकि इसके बाद आईओसी के नये अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री ने मेजबान चयन प्रक्रिया को रोक दिया था। उन्होंने कहा था कि प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईओसी सदस्य देशों से नये सुझाव लिए जायेंगे। अब सात देशों के परियोजना प्रस्ताव नवम्बर में सामने आने के बाद २०३६ ओलम्पिक की मेजबानी की दौड़ और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिये टेस्ट से संन्यास चिंताजनक-स्टीवर्ट

बेंगलुरू (एजेन्सियां)। क्रिकेट के नियमों और भावना के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट ने कहा कि फ्रेंचाइजी आधारित टी-२० लीग खेलने के लिये क्रिकेटरों का टेस्ट से जल्दी संन्यास लेना चिंता का विषय है लेकिन उन्हें कम खेलकर अधिक पैसा कमाने की चाह के लिये दोषी नहीं ठहराया जा सकता। स्टीवर्ट ने दिन के टेस्ट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल को प्रयोग के लिये अनुमति देने के आईसीसी के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इससे पारंपरिक प्रारूप में रूचि फिर पैदा होगी। स्टीवर्ट ने कहा आईसीसी और मेरा मानना है कि द्विपक्षीय शृंखला में दोनों देशों को तय करने का अधिकार होना चाहिये कि क्या वे गुलाबी गेंद का इस्तेमाल करना चाहते हैं कि नहीं। स्टीवर्ट कर्नाटक क्रिकेट अम्पायर संघके साथ साझेदारीमें एमसीसीके 'ला आफ क्रिकेट' ऐपके कन्नड़ संस्करणके लांचके लिये यहां मौजूद थे।

सूर्यकुमार शिविरसे अनुपस्थित रहनेके कारण हुए बाहर



मुम्बई (एजेन्सियां)। सूर्यकुमार यादव का सत्र पूर्व शिविर से लगातार अनुपस्थित रहना मुम्बई की रणजी ट्रॉफी टीम से उनके बाहर होने की प्रमुख वजह रहा। मुम्बई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारत के पूर्व टी-२० अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान गंवाने के बाद घरेलू क्रिकेट में लौटे हैं। हालांकि उन्होंने टीम की घोषणा से पहले आयोजित सत्र पूर्व प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा नहीं लिया था। उन्होंने बाद में खुद को चयन के लिए उपलब्ध बताया था। मुम्बई के लाल गेंद के क्रिकेटर पिछले एक महीने से अभ्यास कर रहे हैं और मंगलवार को भी यहां क्रिकेट क्लब आफ इंडिया तथा मुम्बई क्रिकेट संघ के बीकेसी मैदान में उनका अभ्यास जारी रहा। सूत्र ने कहा आखिर यह एक टीम खेल है। उनके पास पिछले कुछ समय में लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव नहीं है ऐसे में सूर्यकुमार को टीम में शामिल न करने पर सभी एकमत थे। सूत्र ने कहा कि अगर सूर्यकुमार को टीम में रखा जाता तो चयनकर्ताओं को किसी युवा खिलाड़ी को बाहर करना पड़ता जो उचित नहीं लगता। रिपोर्ट के अनुसार करीब १० दिन पहले जब मुम्बई टीमके चयनके लिए सूर्यकुमार से संपर्क किया गया था तब भी उन्होंने जवाब नहीं दिया था और बादमें उन्होंने खुदको उपलब्ध बताया। हालांकि लाल गेंद के क्रिकेट में अनुभवकी कमी और ४२ बार की रणजी ट्राफी चैम्पियन मुम्बई के सत्र पूर्व शिविर में हिस्सा नहीं लेने के कारण सूर्यकुमार को ११ से १४ अक्टूबर तक वानखेड़े स्टेडियममें चंडीगढ़के खिलाफ होने वाले सत्रके शुरुआती मुकाबलेके लिए मुम्बई की १६ सदस्यीय टीममें जगह नहीं मिली। सूर्यकुमार के लिए मुम्बई टीममें वापसी के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। आईपीएलके तुरंत बाद वह टी-२० मुंबई लीगमें खेलते नजर आये थे। उन्हें दावेदारी में लौटने के लिए एमसीए द्वारा आयोजित क्लब क्रिकेट प्रतियोगिताओं जैसे पुलिस शील्ड या पुरुषोत्तम शील्ड टूर्नामेंटमें खेलना होगा। हालांकि सफेद गेंदके क्रिकेटमें सूर्यकुमारकी दावेदारीको लेकर यथास्थिति बरकरार है। मुम्बईके चयनकर्ताओंने सूर्यकुमारको बताया है कि २०२६-२७ सत्र में होने वाले आगामी घरेलू टूर्नामेंटके लिए उनके नामपर विचार किया जायेगा।

पगडंडी से पोडियम तक पहुंची काजल



वाराणसी। मंजिल तक पहुंचने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो मुश्किलें भी राह नहीं रोक पाती। कुछ ऐसा ही हुआ वाराणसी की काजल पटेल के साथ जिसने अपने मिट्टी से सने पांव को पोडियम तक पहुंचा दिया। काजल ने यह कारनामा किया लखनऊ के गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज में चार से छह अक्तूबर तक हुई उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर अथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जिसमें उसने अण्डर-१८ आयु वर्ग की ३००० मीटर पदचाल में स्वर्ण पदक जीता। काजल की इस कामयाबी के पीछे संघर्ष की लंबी कहानी है। प्रतियोगिताके दिन वह भोजन नहीं कर पायी उसके पास सिर्फ भूना चना था उसी को खाया और फिर ट्रैक पर उतर कर इसी चने की ताकत और वर्षों की मेहनत के सहारे सुनहरी चाल चल दी। परमानंदपुर निवासी काजल के पिता रमेश कुमार पटेल दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद काजल ने खेल के प्रति

३००० मीटर पदचाल में जीता स्वर्ण पदक

अपना जुनून कम नहीं होने दिया और पगडंडी पर दौड़ने लगी। उसकी यही दौड़ने की आदत उसे अथलेटिक्स की ओर ले आयी। करीब चार साल पहले विकास एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन डाक्टर एके सिंह की नजर उस पर पड़ी और उन्होंने उसका दाखिला अपने स्कूल में करा उसके उम्मीदों को पंख देना शुरू किया। मेहनत रंग लायी और काजल ने गहन प्रशिक्षण के बूते कामयाबी का झंडा गाड़ दिया। अब काजल का अगला लक्ष्य २३ से २७ अक्तूबर तक होनेवाली राष्ट्रीय जूनियर अथलेटिक्स चैम्पियनशिपमें प्रदेश के लिए सोना जीतना है।

जय क्रिकेट क्लब की आसान जीत

वाराणसी। मैन आफ द मैच उत्कर्ष दूबे (४-३४) की घातक गेंदबाजी के दम पर जय क्रिकेट क्लब ने यहां आर्य विद्यासभा काशी औसानगंज के खेल मैदान पर खेली जा रही अण्डर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दृष्टि क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से पराजित कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दृष्टि क्रिकेट क्लब की टीम ने प्रियांशु वर्मा के ३७, अनुज श्रीवास्तव के ३२, गोपाल राजभर के २९ और सचिन भारद्वाज के २७ रन के सहारे १६९ रन बनाये। उत्कर्ष के अलावा अपर्चित राजभर और ओमी जायसवाल ने भी दो-दो विकेट लिए। जवाब में जय क्रिकेट क्लब की टीम ने २५.१ ओवर में ही पांच विकेट पर १७३ रन बना लिए। उसके लिए शौर्य पी सिंह ने ६९, ध्रुव पटेल ने ३३ और चंद्रजीत यादव ने २४ रन बनाये। अनुज श्रीवास्तव ने दो विकेट चटकाये। कृष्णा यादव और विनोद बिंद ने अम्पायरिंग की जबकि आभाश शर्मा ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

जैयपुरिया के तीरंदाजों का स्वर्ण पर निशाना



वाराणसी। सेठ एमआर जैयपुरिया स्कूल बाबतपुर कैम्पस के तीरंदाजों ने सटीक निशाना साधते हुए यहां हरिश्चंद्र मिश्र पब्लिक स्कूल में हुई सीबीएसई की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अण्डर-१७ आयु वर्ग का स्वर्ण पदक जीत लिया। नैतिक सिंह, दिनकर कुमार, अथर्व जायसवाल और अभय प्रताप सिंह के कमान से निकले तीर ने यह सुनहरी कामयाबी लिखी। विद्यालय के इन चारो तीरंदाजों की स्वर्णिम सफलता पर चेयरमैन दीपक कुमार बजाज, प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, श्याम सुन्दर बजाज, अनिल के.जादोदिया, सुधा सिंह, नरेन्द्र पाण्डेय, रमेश यादव, विकास तिवारी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

खेल कलेंडर जारी

वाराणसी। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों का खेल कलेंडर कुलसचिव राकेश कुमार ने जारी किया। इसके तहत वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता १० अक्तूबर को, मुक्केबाजी सात, कराटे १२ अक्तूबर, ताइक्वांडो १५ दिसम्बर तथा कुश्ती १८ दिसम्बर को होगी। इस प्रतियोगिताओं के आधार पर विश्वविद्यालय टीम का गठन कर जोनल एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भेजा जायेगा।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — बुधवार, 7 अक्टूबर 2026

मेष-	मनोकामना पूर्ण, अभिलाषा की पूर्ति, सुसमाचार की प्राप्ति, महत्वपूर्ण घटना घटित।
वृषभ-	कार्यों में बाधा, व्यवसाय में हानि, भागदौड़ में समय नष्ट, सुख में कमी, अशांति।
मिथुन-	साहसिक प्रयास, निर्णय लाभप्रद, भौतिक सुख, संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसंदेश की प्राप्ति।
कर्क-	शारीरिक सुख, निर्णय हितकर, लाभ भी, महत्वपूर्ण घटना घटित, विवाद का समापन।
सिंह-	समस्या का समाधान, व्यापार में विस्तार, धार्मिक कृत्य सम्पन्न, मांगलिक कार्य संपन्न।
कन्या-	लाभ में कमी, कार्यों में व्यवधान, यात्रा से हानि, मानसिक तनाव, प्रतिष्ठा पर आघात।
तुला-	व्यवसाय में सफलता, उत्तरदायित्व का निर्वाह, उलझनें समाप्त, अनुकूल घटना घटित।
वृश्चिक-	आत्मिक शांति, शत्रु परास्त, गलतफहमी दूर, सम्मान में वृद्धि, संतसमागम से खुशी।
धनु-	महत्वपूर्ण सफलता, आत्मिक शांति, यात्रा संतोषप्रद, मनोरंजन में रुचि, सामाजिक कृत्य।
मकर-	लाभ में कमी, शत्रु प्रभावी, स्वजनों से मतभेद, यात्रा में परेशानी, अकेलेपन की अनुभूति।
कुम्भ-	सुसमाचार की प्राप्ति, बौद्धिक विकास, मेल-मिलाप, दूर समीप की यात्रा, मन प्रसन्न।
मीन-	कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य अनुकूल, शुभ भावनाएँ, आपसी सामंजस्य, यात्रा संतोषजनक।

आज है जिनका जन्मदिन — 7 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 7 का स्वामी ग्रह केतु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन उथल-पुथल व परेशानियों से परिपूर्ण रहेगा। स्वभाव कुछ रहस्यमयी होगा। किसी भी कार्य को कुछ विशेष तरीके से करने का प्रयत्न करेंगे। जीवन से कभी भी सन्तुष्ट नहीं होंगे। यही असन्तुष्टि कार्यशील बनाये रखेगी। वास्तविकता को अधिक महत्व देंगे। व्यर्थ की वस्तुओं में उपयोगिता निकालना प्रमुख गुण रहेगा। व्यवधान आपके जीवन का प्रमुख अंग होगा। परिजनों से असहयोग मिलेगा। जनसम्पर्क उच्चस्तरीय होगा। आपकी याददाश्त श्रेष्ठ होगी। एकान्त में रहना अधिक पसन्द करेंगे। जोखिम भरे कार्यों में झुकाव अधिक रहेगा। राजनैतिक व सामाजिक कृत्यों में भी संलग्न रहेंगे। संगीत व रचनात्मक कृत्यों में भी आपकी रूचि रहेगी। नियमित रूप से देव अर्चना करें। दैनिक जीवन में गुलाबी रंग का प्रयोग अधिकतम करें। साथ ही केतु यन्त्र गले में धारण करें। जन्म दिनांक से सम्बन्धित ग्रह की पूजा करें। असत्य बात का सहारा न लेवें, परोपकारी बनें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ घृणि सूर्याय नमः
व्रत : रविवार
दिन : रविवार, बुधवार एवं गुरुवार
दिनांक : 1, 10, 19, 28
अंक : 2, 4, 7
मास : जनवरी, जुलाई एवं दिसम्बर
वर्ष : 1, 10, 19, 28, 37, 46, 55, 64
रंग : नारंगी, सुनहला एवं पीला
जन्मरत्न : माणिक्य — उपरत्न : गार्नेट
जड़ी : बेल की जड़ — दिशा : पूर्व

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—22 मार्च से 28 अगस्त, 10 जुलाई से 20 अगस्त

यन्त्र

14	9	16
15	13	11
10	17	12

								3
		1		4	2			
				5				
			9					5
		5				6		
			3					8
9								
						2	1	
3	8			7				

सुडोकू ४०७६

8	1	5	7	9	4	6	3	2
7	4	2	1	3	6	9	8	5
9	3	6	5	8	2	4	1	7
3	9	4	8	6	7	2	5	1
2	8	1	4	5	3	7	6	9
6	5	7	9	2	1	3	4	8
5	7	3	2	4	8	1	9	6
1	6	9	3	7	5	8	2	4
4	2	8	6	1	9	5	7	3

हल ४०७५

पंखे से लटकी मिली विवाहिता,मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप



विवाहिता की फाइल फोटो

पिता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दी तहरीर,चार पहिया वाहन मांगने का लगाया आरोप

कोपागंज(मऊ)। थाना क्षेत्र के काछी कला गांव में मंगलवार तड़के एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटकती मिली। घरवालों की नजर पड़ने पर आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए और ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतका की पहचान पूजा चौहान (26) के रूप में हुई है। उसके पति उमेश चौहान के बारे में बताया गया कि वह काफी समय से ऑस्ट्रेलिया में काम करता है। इधर, घटना के बाद मृतका के पिता बलिया जिले के किरिहरापुर थाना क्षेत्र के पुरा-पोहो गांव निवासी धीरज चौहान ने कोपागंज थाने में तहरीर देकर पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।पिता ने तहरीर में बताया कि पूजा की शादी वर्ष 2023 में काछी कला निवासी उमेश चौहान के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के समय ससुराल वालों को जेवरात के अलावा 10 लाख रुपये और बुलेट बाइक दहेज में दी गई थी। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग चार पहिया वाहन की मांग को लेकर पूजा को आए दिन प्रताड़ित करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। तहरीर के मुताबिक, पांच अक्तूबर की रात करीब एक बजे पूजा ने फोन पर अपने पिता से बातचीत की थी। उसने बताया था कि ससुराल वाले उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इसके बाद मंगलवार सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। पिता का आरोप है कि जब वह बेटी की ससुराल पहुंचे तो पूजा मृत अवस्था में मिली।घटना के बाद मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष राकेश रोहन सिंह का कहना है कि तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ठगी के बाद शिकायत पर सक्रिय हुई साइबर टीम, रकम होल्ड कराकर लौटायी पूरी धनराशि

घोसी(मऊ)। साइबर ठगी के मामले में घोसी पुलिस की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 10 हजार रुपये वापस करा दिए। फोन-पे के माध्यम से ठगी का शिकार हुए लाखीपुर कुड़िया निवासी मनोज को करीब एक माह बाद उनकी पूरी धनराशि वापस मिल सकी।लाखीपुर कुड़िया निवासी मनोज पुत्र रामसरीख के पास अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर साइबर फ्रॉड के नाम पर झांसे में लिया और फोन-पे के माध्यम से 10 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना के बाद मनोज ने 6 सितंबर 2026 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही थाना घोसी की साइबर टीम ने मामले में तेजी से कार्रवाई शुरू की और ठगी की गई पूरी धनराशि को होल्ड करा दिया। पुलिस की कार्रवाई के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराते हुए 6 अक्टूबर 2026 को पीड़ित के खाते में 10 हजार रुपये की संपूर्ण धनराशि वापस करा दी गई।पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर व अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर फ्रॉड रोकथाम एवं जागरूकता अभियान के तहत हुई इस कार्रवाई का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र भूषण तिवारी और प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र नाथ राय ने किया।कार्रवाई करने वाली साइबर टीम में उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह (नोडल अधिकारी), उपनिरीक्षक दिनेश यादव (सहायक नोडल अधिकारी), हेड ऑपरेटर अरविंद यादव और महिला आरक्षी पुष्पलता पाण्डेय शामिल रहीं। पुलिस की तत्परता से ठगी की पूरी रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने राहत की सांस ली।

डेढ़ दर्जन स्टंट बाज गिरफ्तार

मऊ। नगर में शरारती तत्वों द्वारा मोटरसाइकिल से स्टंट करने के आरोप में दक्षिण टोला पुलिस ने अट्ठारह युवकों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ी, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

रतनपुरा (मऊ)। मुस्तफाबाद में एक सप्ताह के भीतर 25-25 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर जल जाने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए अब 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ठाकुर रमेश सिंह चौहान 'दिलेर' ने ट्रांसफार्मर जलने की समस्या की जानकारी रतनपुरा 33/11 विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अर्जुन कुशवाहा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य को दी। भाजपा जिलाध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद विद्युत विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षमता वृद्धि का निर्णय लिया।मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित परिवर्तक कार्यशाला से विजय यादव एवं धर्मेंद्र यादव ट्रैक्टर पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लेकर मुस्तफाबाद पहुंचे। ट्रांसफार्मर पहुंचते ही ग्रामीणों एवं उपभोक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद विद्युत उपकेंद्र के लाइनमैन गामा प्रसाद, देवानंद एवं रामप्रवेश ने मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर को खंभे पर स्थापित किया।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ठाकुर रमेश सिंह चौहान, समर बहादुर सिंह, जय बहादुर सिंह, मनोहर यादव एवं बलिराम राजभर ने सहयोग किया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

बाइक से गिरकर नवप्रसूता की मौत, गोद में बैठा नवजात बाल-बाल बचा

रतनपुरा (मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के अनंतजोत (मोलनापुर) गांव निवासिनी 26 वर्षीय दलित महिला की सोमवार को बाइक से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उसकी गोद में बैठा करीब 20 दिन का नवजात शिशु पूरी तरह सुरक्षित बच गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।बताया जाता है कि संध्या पत्नी मनोज ने करीब 20 दिन पूर्व एक बच्चे को जन्म दिया था। प्रसव के बाद स्वास्थ्य ठीक होने पर वह बच्चे के साथ अस्पताल से घर लौट आई थी। सोमवार को वह अपने पति मनोज के साथ बाइक पर बैठकर नवजात शिशु को गोद में लेकर हथिनी-सरवां मार्ग से दवा लेने के लिए जिला मुख्यालय जा रही थी। इसी दौरान अचानक उसे चक्कर आ गया और वह बाइक से बच्चे समेत सड़क पर गिर पड़ी।हादसे में संध्या को गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से पति मनोज अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद संध्या को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत की खबर सुनते ही मनोज बेसुध होकर रोने लगा। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के अन्य सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए। बाद में मृतका का शव घर लाया गया। मंगलवार को परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।मृतका का पति मनोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। पत्नी की असामयिक मौत के बाद करीब 20 दिन के नवजात बच्चे के पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी अब उसके कंधों पर आ गई है।

३१ वाहनों का चालान

मोहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के आदेश के क्रम में वाहन चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थान से पुलिस ने सोमवार संध्या चेकिंग के दौरान तीन सवारी हेलमेट प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस का उल्लंघन करने के मामले में 31 बाई क ई-चालान किया गया पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह कोतवाल कमलकांत वर्मा के नेतृत्व में कैलेंडर तिराहा बॉर्डर सी कटिया मोड एवं जीयनपुर मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान चालकों द्वारा विभिन्न यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के मामले में पुलिस ने ई-चालान किया चेकिंग के दौरान पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ने वाहन चालकों को सख्त निर्देश दिया कि वाहन चलाते समय सुरक्षा के लेकर हेलमेट अवश्य लगाकर वाहन चलाएं जिससे होने वाली दुर्घटना से बचेंगे जहां परिवार में आपके बच्चे आपका इंतजार कर रहे हैं।

रेलवे स्टेशन पर पेयजल आपूर्ति ठप

मोहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर लगभग 1 महीने होने वाले हैं लेकिन रेलवे स्टेशन पर लगा हुआ समरसेबल मोटर कई बार जला और उसके बाद बनाया गया लेकिन फिर जल गया जिसके चलते यात्रियों समेत रेलवे स्टेशन पर काम कर रहे कर्मचारियों को पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। रेल कर्मचारियों का यह कहना है कि आए दिन तकनीकी खराबी के कारण यह समस्या उत्पन्न हो जा रही है जिसके चलते हम लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मंगलवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन से होकर जाने वाली विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही स्टेशन पर रुकी और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर लगी हुई टोटी पर जब यात्री पानी लेने के लिए गए तो पानी की एक बूंद भी नहीं मिली। लोगों का कहना है कि मोटर जला हुआ है जिसके जिसके चलते यह समस्या बनी हुई है आखिर यह कब सही होगा किसी को कोई जानकारी नहीं यात्रियों ने मांग किया है कि रेल प्रशासन लाख दावा कर ले लेकिन आए दिन कोई न कोई समस्या बनी रहती है।यात्रियों ने इसे जल्द ही सही करने













संक्षिप्त समाचार

मिठाई की दुकानों की जांच

मोहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन मऊ की टीम द्वारा स्वच्छता एवं मानक के तहत किसी भी खाद्य पदार्थों पर कोई मिलावट न हो दुकानों पर सफाई बेहतर हो खुले हुए खाद्य पदार्थ न बेची जाए जिसको लेकर सहायक खाद्य द्वितीय सुश्री मंजूषा सिंह के निर्देश के क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव समेत खाद्य विभाग के लोगों द्वारा शाहिद चौराहा कैलेंडर तिराहा आदि स्थानों पर लगभग आधा दर्जन मिठाई की दुकानों का औचक निरीक्षण उनके लाइसेंसों का पंजीयन नवीनीकरण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में कुछ मिठाई की दुकान पर साफ सफाई बेहतर नहीं होने पर उन्हें सुधरने का मौका देते हुए यह निर्देश दिया कि दोबारा अगर कोई भी मिठाई खुले हालत में सामने दिखाई दी तो निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिठाई की दुकानदारों को यह निर्देश दिया कि आगामी आने वाले पर्व को लेकर आप लोग सावधानी बरतें मिलावट कदापि नहीं होनी चाहिए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें वहीं कुछ है दुकानदार द्वारा जिनके लाइसेंस दो महीने बाद समाप्त होने वाले हैं उन्हें भी यह निर्देश किया कि आप लोग अपना नवीनीकरण अवश्य करा लें।निरीक्षण के बाद जिला मुख्यालय को रवाना हो गए।

दूर-दूर से आये शिष्य

मोहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। उदासीन ऋषि आश्रम जमीन बरामदपुर में चल रहे तीन दिवसीय गुरु पर्व के मौके पर सोमवार को ध्वज पूजन हवन प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी चल रहे सोमवार से उदासीन आश्रम के गुरु के पुण्य स्मृति के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से सेवादार एवं भक्त आये हैं तथा भगवान श्री चंद की पूजा उपासना करने के बाद प्रसाद एवं भंडारा लेकर ही घर जाते हैं। उदासीन आश्रम के महंत सत्यनाम दास महाराज द्वारा ध्वज पूजन अरदास हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।इसमें आजमगढ़, मऊ, बलिया, जौनपुर, फैजाबाद ,अयोध्या इलाहाबाद ,गोरखपुर कोलकाता ,दिल्ली ,पंजाब आदि स्थानों से भक्त आये हैं।मंगलवार को सुबह से ही प्रसाद के रूप में देसी घी का हलवा का भोग लगाने के बाद भक्त प्रसाद लेकर अपने घर को निकले। यहां महिलाएं तथा पुरुष गुरमुख होती हैं और यथाशक्ति उनके बताए हुए रास्ते पर चलती हैं।

कोपागंज में दवा न मिलने से मरीज परेशान

कोपागंज(मऊ)। कोपागंज क्षेत्र में एक मरीज को चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मरीज के परिजन आनंद स्वरूप तिवारी निवासी कोपागंज ने थाना कोपागंज में प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, अन्नपूर्णा तिवारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोपागंज ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा जांच के बाद दवा लिखी गई। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं कराई गई। दवा लेने के बाद मरीज की तबीयत और बिगड़ने लगी तथा शरीर के अंगों ने ठीक से काम करना बंद कर दिया। परिजनों के अनुसार बाद में कई चिकित्सकों से उपचार कराया गया, लेकिन तत्काल राहत नहीं मिली। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2 अक्टूबर 2026 से मरीज को दवा संबंधी परेशानी बनी हुई है और काफी उपचार के बाद अब स्वास्थ्य में कुछ सुधार बताया जा रहा है। मरीज के परिजन ने दवा की उपलब्धता तथा पूरे मामले की जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई और भविष्य में मरीजों को ऐसी परेशानी से बचाने की व्यवस्था किए जाने की मांग की।

उपजिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण,लिया जायजा

घोसी(मऊ)। उपजिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन राजस्व वाद में मंगलवार को उपजिलाधिकारी अशोक सिंह ने ग्राम मुजार खुर्द पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 116 के अंतर्गत विचाराधीन शम्भू बनाम शंकर वाद के संबंध में उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने मौके की स्थिति को बारीकी से देखा तथा संबंधित भूमि के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय लेखपाल वीरेंद्र पासवान भी मौजूद रहे। लेखपाल ने मौके से संबंधित राजस्व अभिलेखों एवं भूमि की स्थिति के बारे में उपजिलाधिकारी को जानकारी दी।स्थलीय निरीक्षण के दौरान राजस्व अभिलेखों में दर्ज विवरण और मौके की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया गया।

छात्र-छात्राओं की परेशानी का सबब बना मार्ग

विधायक को सौंपा ज्ञापन

मधुबन (मऊ) स्थानीय तहसील क्षेत्र के नेमडाड़ चट्टी से रहमानिया पी जी कॉलेज होकर जोगरी गांव तक जाने वाले मार्ग पर कार्यदायी संस्था द्वारा लगभग दो माह से पत्थर गिट्टी डाल कर छोड़ दिये जाने के कारण ग्रामीणों संग विद्यालय आने जाने वाली छात्र छात्राओं को तरह तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जिसको लेकर मंगलवार को रहमानिया पी जी कॉलेज की दर्जनों छात्राओं के संग ग्रामीणों ने मार्ग पर खड़े होकर प्रशासन के खिलाफ जम कर प्रदर्शन किया और क्षेत्रीय विधायक रामविलास पासवान को पत्रक देकर तत्काल मार्ग को पीच कराने की मांग किया है।नेमडाड़ चट्टी से रहमानिया पी जी कॉलेज होकर जोगरी गांव जाने वाले मार्ग का विधायक निधि से नया पिचिकरण का कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों एवं विद्यालय आने जाने वाले छात्र छात्राओं को लगा कि इस मार्ग की काया पलट जाएगी और आवागमन सरल हो जाएगा।मगर ऐसा नहीं हुआ। दो माह से कार्यदायी संस्था द्वारा मार्ग पर पत्थर की गिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है। इस मार्ग से दर्जनों गांव के सैकड़ों लोगों के साथ छात्र छात्राओं का आना जाना होता है।मार्ग पर पैदल चलना दुश्वार होगया है। लोग गिर कर अक्सर चोटिल होते रहते हैं। जिससे क्षुब्ध छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीणों ने गिट्टी पड़े मार्ग पर खड़े होकर प्रशासन के खिलाफ जम कर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और क्षेत्रीय विधायक को पत्रक देकर तत्काल मार्ग को पीच कराने की मांग किया और चेताया कि अगर शीघ्र ही मार्ग का काम शुरू नहीं हुआ तो हम लोग रोड पर उतरने को बाध्य होंगे।

मखाना की खेती को बढ़ावा देने पर जोर

किसानों को योजनाओं एवं अनुदान की दी गयी जानकारी

मऊ।नगर पालिका कम्युनिटी हॉल, मऊ में उद्यान विभाग द्वारा मखाना विकास योजना 2026-27 के अंतर्गत कृषक मेला, गोष्ठी एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कृषकों को विभागीय योजनाओं, सुविधाओं एवं अनुदान की जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला उद्यान अधिकारी राम सिंह ने मुख्य अतिथि श्री मनोज राय एवं उपस्थित अधिकारियों का बुके भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला पंचायत मनोज राय ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसान भाई शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि तथा कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं नवोन्मेषी कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार सिंह ने किसानों को मखाना की खेती की वैज्ञानिक विधि, उत्पादन तकनीक एवं इससे होने वाले आर्थिक लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार मखाना उत्पादन के क्षेत्र में देश-दुनिया में अग्रणी है, ऐसे में उत्तर प्रदेश में भी मखाना उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने जनपद के किसानों को मखाना की खेती अपनाकर कृषि के नए आयाम विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपस्थित किसानों ने मखाना की खेती को अपनाने एवं इसके उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने में रुचि व्यक्त की। मत्स्य विभाग के अधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्ध अनुदान के संबंध में किसानों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं उप कृषि निदेशक द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा कृषकों को मिलने वाले अनुदान के बारे में विस्तार से बताया गया।उपनिदेशक उद्यान, आजमगढ़ मंडल, आजमगढ़ श्री जयकरण सिंह ने कृषकों को उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय से संपर्क करने का अनुरोध किया।

मझवारा मोड़ पर सड़क चौड़ीकरण शुरू,गांधी तिराहे का होगा कायाकल्प

डिवाइडर के बाद पीडब्ल्यूडी ने शुरू कराया काम, विद्युत पोल शिफ्ट, दुर्गा पंडाल के लिए ११ हजार वोल्ट लाइन की केबलिंग

घोसी(मऊ)। नगर के मझवारा मोड़ पर डिवाइडर का निर्माण पूरा होने के बाद अब पीडब्ल्यूडी ने सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे विद्युत खंभों को पहले ही शिफ्ट कर किनारे लगाया जा चुका है। वहीं दुर्गा पूजा पंडाल को देखते हुए 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की केबलिंग भी कराई जा रही है।अधिशासी अभियंता श्रीप्रकाश ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए विद्युत पोल शिफ्ट कर दिए गए हैं और पीडब्ल्यूडी ने कार्य शुरू कर दिया है। दुर्गा पंडाल को लेकर 11 हजार वोल्ट लाइन की केबलिंग भी कराई जा रही है। यह कार्य उपखंड अधिकारी इंद्र बहादुर मौर्य और अवर अभियंता माजिद की देखरेख में चल रहा है।सड़क चौड़ीकरण के बाद नगर पंचायत की ओर से मझवारा मोड़ स्थित गांधी तिराहे के सुंदरीकरण की भी तैयारी है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा होने के बाद गांधी तिराहे को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। यहां खड़ी प्रतिमा स्थापित की जाएगी जबकि तिराहे के आसपास फूल-पौधों से सजावट कर इसे सुंदर बनाया जाएगा।सड़क चौड़ीकरण के साथ गांधी तिराहे के सुंदरीकरण की योजना से मझवारा मोड़ और आसपास का क्षेत्र आने वाले दिनों में नए रूप में नजर आने की उम्मीद है।

दो और एम्बुलेंस मिलीं अवैध

मऊ। एआरटीओ की टीम ने एक दर्जन एम्बुलेंस की जांच की। जिसमें दो अवैध पाये जाने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की गयी। नगर में अवैध एम्बुलेंस की भरमार हो गई है।

टंकी ओवरफ्लो होने से पानी की बर्बादी

सूरजपुर (मऊ) दोहरीघाट ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बैदापुर में पानी की टंकी प्रतिदिन ओवरफ्लो होकर बह रही है। इससे पानी की बर्बादी के साथ बिजली की भी खपत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराया गया।इस बाबत में सुखदेव सनिला और भरथ ने बताया कि टंकी भरने के बाद पानी लगातार नीचे गिरता रहता है। मोटर समय पर बंद नहीं होने से रोजाना काफी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है।

गड्ढामुक्ति कार्य सही ढंग से कराने की मांग

सूरजपुर (मऊ) बैरमपुर से बेला कसैला जाने वाले मार्ग पर इन दिनों गड्ढामुक्ति का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरा जा रहा है। इस बाबत में महेश, महेंद्र, विश्वनाथ और रामसायक ने बताया कि गड्ढामुक्ति का कार्य सही ढंग से और मानक के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्य की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से गड्ढामुक्ति कराने की मांग की है।

एसआईआर के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, पुतला दहन का प्रयास



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के विरोध में मंगलवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ढोल-नगाड़े के साथ पूरे तहसील परिसर में भ्रमण कर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह एवं चुनाव आयुक्त ज्ञानेश्वर मिश्र के नाम का पुतला बनाकर दहन करने की तैयारी की थी। अधिवक्ता पुतला लेकर तहसील के बाहर मुख्य सड़क पर पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच पुतले को लेकर छीना- झपटी हुई। प्रशासन ने अधिवक्ताओं के हाथ से पुतला ले लिया, जिसके चलते वह पुतला दहन नहीं कर सके।इसके बाद अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री को सौंपा। ज्ञापन में एसआईआर के नाम पर मतदाताओं से भराए जा रहे सत्यापन फार्म की प्रक्रिया तत्काल बंद कराने की मांग की गई। साथ ही निर्वाचन आयोग के संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की मांग उठाई गई।

चित्रकूटकी प्राचीन लीलाके प्रति काशीवासियोंकी आस्था

४०० साल पुरानी यह लीला आज भी चित्रकूट की प्राचीन लीला के प्रति काशीवासियों की आस्था की कहानी कह रही है। अद्भुत, अलौकिक और परंपराओं को संजोकर रखने वाली वह अद्भुत नगरी काशी जहां आज भी सैकड़ों साल पुरानी परंपराओं का निर्वहन धूमधाम के साथ किया जाता है।



अद्भुत, अलौकिक और परंपराओं को संजोकर रखने वाली वह अद्भुत नगरी काशी जहां आज भी सैकड़ों साल पुरानी परंपराओं का निर्वहन धूमधाम के साथ किया जाता है। ऐसी ही एक 480 साल पुरानी परंपरा 16वीं शताब्दी में शुरू हुई इस अद्भुत परंपरा का साक्षी बनने के लिए लाखों की भीड़ बनारस के मैदान में जुटती.है। इस मैदान को नाटी इमली भरत मिलाप मैदान के नाम से जाना जाता है.काशी में लक्खा मेला के तहत होने वाला भरत मिलाप भारत की सनातन संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। एक-एक क्विंटल के वजनी लट्ठों का कन्हावर, मोट-मोटे तख्तों वाला चबूतरा और ऊपर से चबूतरे पर कसा गया राम-जानकी का सिंहासन। उत्साह के अतिरेक में पुष्पक विमान का प्रतीक रामजी का भीमकाय रथ तो बन गया, अब सामने समस्या खड़ी कि गुरु वशिष्ठ, जामवंत, हनुमान जी और व्यास जी के साथ श्रीराम पंचायतन की झांकी वाले विमान को उठाए कौन? विमान का वजन और लीला क्षेत्र की दूरी का अंतर भाप कर सारे मजूरे तो भाग खड़े हुए, कस-बल आजमा कर औरों ने भी हथियार डाल दिए। तब हुंकारा बांधा काशी के यादव बंधुओं ने कि रघुकुल नायक का भार तो यदुकुल के वंशज ही उठा सकते हैं। 400 साल पुरानी यह कथा आज भी चित्रकूट की प्राचीन लीला के प्रति काशीवासियों की आस्था की कहानी कह रही है। पारंपरिक वेशभूषा में सजे यादव कुल के नन्हे बच्चे काशी के विश्व प्रसिद्ध भरत मिलाप (नाटीइमली) की रथ की दौड़ में अपने बड़ों के साथ कदम मिलाते हर साल ही नजर आते हैं। परंपराओं की आयु जैसे-जैसे बढ़ती जाती है, नई-नई मान्यताएं उससे जुड़ती जाती हैं। भरत मिलाप के रथ के साथ भी ऐसा ही है। लोकमान्यता में ऐसी मन्नतें प्रचलित हैं, जिनमें वंशवृद्धि के लिए इस संकल्प के साथ मनौती की जाती है कि बच्चे के कंधे को बालपन में ही रथ का स्पर्श कराया जाएगा। बड़े होने पर यही बच्चा श्रद्धा से संकल्पित हो जाने के कारण स्वेच्छा से परिवार की परंपरा निभाने लगता है। रथ के संचालन में एक साथ लगभग 100 कंधे ही लगते हैं। मगर कंधा बदलने के लिए हमेशा सैकड़ों कंधे तैयार रथ के समानांतर दौड़ते रहते हैं। भागीदारी तो आज भी हजारों यादव बंधुओं की होती है। भरत मिलाप में शामिल लाखों की भीड़ में रथ उठाने वाले यादव बंधुओं की अलग ही पहचान होती है। लकालक सफेद धोती और कसी हुई आधी बांह की गंजी, क्रास बेल्ट की तरह कंधों से लटकता दुपट्टा और माथे पर सोहती मुरेठेदार लाल पगड़ी। ऐसी रूपसज्जा कि बस आंखें ठहर जाएं। चित्रकूट (नाटीइमली) से चले विमान अयोध्या (बड़ा गणेश) पहुंचाने के बाद जब गमछे के फांड़ में तुलसी दल या लड्डू का प्रसाद गिरता है तो रथवइये उसे ऐसा सहेजते हैं, मानो दुनिया की अनमोल निधि मिल गई हो। चेहरे पर यह श्रद्धा भाव, जिसकी कल्पना बड़ी से बड़ी उपलब्धि के बाद भी नहीं की जा सकती।

घूमंतू है मौनी बाबा की प्राचीन लीला

पांच सौ सालसे अधिक प्राचीन है लीला का इतिहास



संत प्रवर मौनी बाबा द्वारा शुरु की गई सैकड़ों साल पुरानी वह लीला जिसमें तत्कालीन (सन 1906) के अंग्रेज कलेक्टर डीवाक्सेला रेंट की चुनौती को स्वीकार करते हुए लीला में पवनपुत्र हनुमान की भूमिका निभाने वाले पं. टेकराम भट्ट ने एक छलांग में वरूणा नदी लांघकर विधर्मियों का दर्प भंग किया था। लीला को एक दैविय आभा मंडल दिया और सनातन समाज के मन को श्रद्धा आस्था के भावों से भर दिया था। हालांकि इस चमत्कार के तुरंत बाद पं. टेकराम श्रीराम सायुज्य को प्राप्त हुए। किंतु लीला समिति के जतनबर स्थित भवन में श्रीराम-लखन, भरत-शत्रुध्न व माता सीता के रत्न जड़ित कीरीटों के साथ भक्त टेकराम द्वारा धारण किया जाने वाला मुखौटा आज भी पूजित है। मौनी बाबा सिद्धपीठ के पीठाधिपति तथा इन्ही भक्त टेकराम भट्ट की पांचवीं पीढ़ी के प्रतिनिधि व उनके पुत्र तथा लीला के समिति के प्रबंधक के दावों के अनुसार लीला पांच सौ साल से अधिक प्राचीन है उनकी मानें तो लीला का मूल उद्गम केंद्र चौकाघाट का बड़ईया सरोवर व बाग है। बाद में सन 1844 में रालीला प्रेमी स्व. पं. मथुरा प्रसाद मिश्र द्वारा श्रीराम प्रभू की सेवा में भेंट की गई। दो विशाल हवेलियों की प्राप्ति व मथुरा जी के निवेदन के दृष्टिगत मुकुट पूजन सहित मानस के कुछ प्रारंभिक प्रसंगों की लीला के साथ समिति का आयोजन जतनबर में मौनी बाबा शिवालय के नाम से मशहूर भवनों और आसपास के क्षेत्रों में होने लगा। महंत और लीला के प्रबंधक के अनुसार संस्थापकों की सोच के मुताबिक संत 108 मौनी बाबा की रामलीला घूमंतू है और जतनबर से लेकर चौकाघाट तक की बड़ी आबादी को श्री राम कथा की गंगा में डुबकियां लगवाती है। पदाधिकारीगण बताते हैं कि क्रमानुसार जतनबर स्थित भवन में मुकुट पूजन के साथ राज्याभिषेक की तैयारी आदि प्रसंगों की लीला होती है। इसके पश्चात वन गमन (श्री महामत्युंजय मंदिर) भरत मनावन व जनक सभा प्रसंगों की लीला (बागेश्वरी देवी मंदिर जैतपुरा), जयंत नेत्र भंग सीता हरण प्रसंगों की लीला (नाटीइमली), शबरी मंगल व नवधा भक्ति प्रसंग का मंचन (नरड़्क्षसह टीला) आदि से गुजरती हुई मूल उद्गम बड़ईया तालाब पहुंचती है। यहां सुग्रीव मिलन बाली वध के प्रसंग अभिनीत होते हैं। चौकाघाट स्थित रामेश्वर मंदिर में शेतुबंध रामेश्वर की स्थापना की लीला दर्शनीय है। लक्ष्मण शक्ति की लीला भी वहीं पर होती है। चौकाघाट के मैदान में रावण वध के पश्चात नाटीइमली मैदान के मंच पर भरत मिलाप की झांकी सजती है। राज्याभिषेक की लीला वापस जतनबर भवन संपन्न होने के बाद वानर विदाई के भावपूर्ण मंचन के साथ अगले साल तक के लिए लीला को विश्राम दिया जाता है। पारंपरिक वार्षिक आयोजन के अलावा भट्ट परिवार की यह विरासती लीला प्रदेश के सांस्कतिक विभाग द्वारा आयोजित कई अंतरराज्जीय लीला समारोहों में काशी का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलावा आगरा, चित्रकूट, अयोध्या व तुलसी बाबा की जन्मस्थली राजापुर (बांदा) तक अपनी प्रस्तुतियों से यह लीला काशी की किर्ति पताखा फहरा चुकी है।





तीव्रता का अर्थ केवल बाह्य उग्रता नहीं, अपितु किसी भी कृत्य में अपनी संपूर्ण शक्ति और प्राणों को नियोजित कर देना है। ईश्वर कोई बाह्य व्यक्तित्व नहीं, अपितु वह अस्तित्व, चेतना और आनंद का पूर्ण स्वरूप है, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में स्थित है। यह वह चैतन्य सत्ता है, जो क्लेश, कर्म-बंधन और कर्मफल के विपाक तीनों से अप्रभावित है।

पिंकसे ब्लू और गोल्डनसे ऑरेंज तक, भारतके शहरोंके नामोंके पीछे छिपी है मजेदार कहानी

भारत का हर एक शहर अपनी एक कहानी कहता है, किसी को हम पिंक सिटी के नाम से जानते हैं तो किसी को ब्लू सिटी के नाम से। गौर करने वाली बात यह है कि इन शहरों के नाम यूं ही नहीं रखे गए, हर एक शहर के नाम के पीछे एक कहानी छिपी है, जिसके बारे में आज हम बात करने वाले हैं। पिंक सिटी – जयपुर ,राजस्थान की राजधानी जयपुर को पिंक सिटी कहे जाने का इतिहास साल 1876 से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय ने वेल्स के राजकुमार प्रिंस अल्बर्ट एडवर्ड और क्वीन विक्टोरिया का भव्य स्वागत करने के लिए पूरे शहर को टेरकोटा पिंक से रंगवा दिया था। ब्लू सिटी – जोधपुर,जोधपुर शहर में आप जाएंगे तो पाएंगे कि वहां के ज्यादातर घर नीले रंग के हैं। कहते हैं कि यहां के घरों को नीला रंग देने का ट्रेंड यहां के ब्राह्मणों ने शुरू किया था। ऐसा करने के पीछे उनका उद्देश्य अपनी अलग पहचान बनाना था, फिर समय के साथ नीले रंग के घरों का चलन बढ़ता चला गया। डायमंड सिटी – सूरत, हमने स्कूलों में भी पढ़ा है कि गुजरात का सूरत शहर हीरों के लिए दुनियाभर में फेमस है। दरअसल, इस शहर में हीरा काटने और तराशने का काम 1900 के दशक से शुरू हुआ था, जो देखते ही देखते लोगों का प्रोफेशन भी बन गया। व्हाइट सिटी – उदयपुर,उदयपुर शहर की स्थापना महाराणा उदय सिंह ने की थी, कहते हैं उस दौर में यहां के ज्यादातर महलों को संगमरमर से बनाया गया और इमारतों को चूने से रंगा गया। दूसरी वजह यहां की चमकती खूबसूरत झीलें भी हैं, जिसके चलते शहर का नाम व्हाइट सिटी पड़ा। बता दें कि उदयपुर पूर्व का वेनिस भी कहलाता है। गोल्डन सिटी – जैसलमेर ,, जैसलमेर को गोल्डन सिटी कहे जाने की वजह तो आप समझ ही गए होंगे। यहां की गरम और उड़ती हुई सुनहरी रेत ही इस शहर को गोल्डन रंग का बनाती है। इसके अलावा, यह शहर येलो सिटी और ब्राउन सिटी के नाम से भी जाना जाता है एवरग्रीन सिटी – तिरुवनंतपुरम,केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम भारत का एवरग्रीन शहर कहा जाता है। इस सिटी यह नाम महात्मा गांधी ने यहां की हरियाली और प्रकृतिक खूबसूरती की वजह से दिया था। ऑरेंज सिटी – नागपुर, महाराष्ट्र का नागपुर शहर मीठे और रसीले संतरों के लिए दुनियाभर में मशहूर है, जहां हर साल लाखों टन संतरों का उत्पादन किया जाता है। इसी वजह से यह सिटी भारत की सबसे बड़ी ऑरेंज हॉलसेल मार्केट भी है।



सोनेकी तलाशमें हो गयी आलू की खोज

आज आलू के बिना हम किसी भी डिश को बनाने के बारे में सोच भी नहीं सकते, ऐसा लगता है कि सारी दुनिया में सब्जियों का एक ही राजा है और वो है आलू। पर क्या आप इस सब्जी का इतिहास जानते हैं? क्या आपको पता है कि कभी यह आलू गरीबों का खाना कहलाता था? आइए आपको आज इससे जुड़ी दिलचस्प कहानी बताते हैं। आलू जिसे भारतीय पकवानों में खूब इस्तेमाल किया जाता है, एक विदेशी सब्जी है। इसका अंग्रेजी शब्द पोटैटो स्पेनिश के पटाटा से निकला है। इतिहास कहता है कि आलू को पोटैटो नाम दो भाषाओं से मिलाकर दिया गया है। कहा जाता है कि कैरेबियाई क्षेत्र की ताइनो जनजाति के लोग इसे बटाटा कहते थे, जबकि दक्षिण अमेरिका के लोग इसे 'पापा', फिर स्पेनिश लोगों ने इन दोनों शब्दों के मेल से पोटैटो शब्द बनाया। जेब के लिए सबसे किफायती और आसानी से पकने वाली कंदमूल सब्जी आलू का इतिहास बड़ा ही रोचक है। इसकी सबसे पहले खोज 8000 ईसा पूर्व और 5000 ईसा पूर्व के बीच पेरू में हुई थी। दक्षिण अमेरिका की इंका सभ्यता के लोग आलू की घरेलू खेती किया करते थे। वो सिर्फ इसे खाते नहीं थे, इसकी पूजा भी करते थे। इतिहास पर नजर डालें तो हम पाते हैं कि स्पेनिश लोग जिनका पूरा यूरोप में दबदबा था, सोने की तलाश में पेरू पहुंचे थे। उन्हें यहां सोना तो नहीं मिला लेकिन आलू के बारे में पता जरूर चल गया। स्पेनिश लोग सोने के बदले इसी आलू को अपनी सेना का पेट भरने के लिए स्पेन ले गए। देखते ही देखते आलू उनकी सेनाओ की खास रसद बन गया क्योंकि इसे खाकर उनके सैनिक विटामिन सी की कमी वाली स्कर्वी बीमारी से पीड़ित नहीं होते थे। जब स्पेन के माध्यम से आलू यूरोप तक पहुंचा, तो ऊंचे वर्ग के लोग इस जड़ वाले आलू को जहरीली, अजीब और पशुओं के चारे वाली सब्जी के तौर पर देखते थे। इसी वजह से इसे पूरे यूरोप में पहुंचने में एक लंबा वक्त लगा। 1570-80 के दशक में आलू धीरे-धीरे इटली, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और बेल्जियम तक अपनी पहुंच बनाने लगा था, लेकिन इसे जहरीला और खतरनाक बताकर बैन लगा दिया। कहा जाता है कि आलू ने इन्हीं अफवाहों के चलते इतिहास में अपने ऊपर कई प्रतिबंध देखे हैं।



जाह्नवी कपूरने वैश्विक मंच पर बढ़ाया भारतका मान

जाह्नवी कपूर अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत में लगातार अपनी पहचान मजबूत कर रही हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान मियू मियू के शो में शिरकत की और भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह उपस्थिति लग्जरी फैशन ब्रांड मियू मियू के साथ उनके खास रिश्ते को भी दर्शाती है। इस दौरान जाह्नवी ने रिया कपूर द्वारा स्टाइल की गई जाह्नवी ने ब्राउन रंग की टेक्सचर्ड जैकेट, रंगीन पैटर्न वाली निट मिनी स्कर्ट और बड़े सनग्लासेस के साथ एक बेहद आकर्षक लुक अपनाया। उनका यह अंदाज मियू मियू की युवा और स्टाइलिश पहचान के अनुरूप था। इसके अलावा जाह्नवी कपूर का आत्मविश्वास और सहज अंदाज उनके लुक को और खास बना रहा था। जाह्नवी पिछले कुछ समय से मियू मियू के कई लुक्स को अपनाती नजर आई हैं और धीरे-धीरे ब्रांड के प्रमुख भारतीय चेहरों में अपनी जगह बना चुकी हैं। उनकी फैशन पसंद और अलग अंदाज ने उन्हें वैश्विक फैशन सर्किट में एक अलग पहचान दिलाई है। पेरिस फैशन वीक में उनकी यह मौजूदगी एक बार फिर दिखाती है कि जाह्नवी कपूर सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत में भी अपनी मजबूत छाप छोड़ रही हैं। वहीं पिछले दिनों उनकी फिल्म देवरा पार्ट 1 के गाने चुट्टामल्ले से जुड़े एक एआई जनरेटेड और मॉर्फ्ड वीडियो पर भी जाह्नवी कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर कड़ी आपत्ति जताई है। जाह्नवी ने बिना सहमति के महिलाओं के डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किए गए या फेरबदल किए गए कंटेंट को तैयार कर फैलाने को बेहद अपमानजनक बताया और कहा कि यह यौन उत्पीड़न के समान है।



कुत्ते और इंसान की दोस्ती

कुत्ते और इंसान की दोस्ती अक्सर वफादारी की मिसाल मानी जाती है, लेकिन बलिया के देवकली चट्टी में रहने वाले प्रिंस कुमार दीक्षित और उनके पालतू कुत्ते मैक्स की बॉन्डिंग कुछ अलग है। मैक्स सिर्फ घर की रखवाली नहीं करता, बल्कि परिवार के एक सदस्य की तरह रहता है। परिवार के प्रति उसका लगाव और उसकी अनोखी आदतें आसपास के लोगों के लिए कौतूहल का विषय बनी हुई हैं। प्रिंस कुमार दीक्षित बताते हैं कि उन्हें शुरू से ही जानवरों से काफी लगाव रहा है। पहले उनके पास 6 से 7 जानवर हुआ करते थे. जब वह संबीमसनसिटी बनारस में दीपक मधोक के यहां मैनेजर के पद पर काम करते थे, तब भी उनके पास कुत्ते थे। गांव लौटने के बाद उनके पास चार पालतू कुत्ते थे। समय के साथ वे बूढ़े होकर गुजर गए, लेकिन मैक्स आज भी उनके साथ है।

तेजीसे बदल रहा बीमारियोंका स्वरूप

विश्व स्वास्थ्य संघटनके आंकड़ोंके अनुसार भारतमें औसत जीवन प्रत्याशा ७१ साल है जबकि पाकिस्तान में ६८.२ साल और बांग्लादेश में ७२.७ साल दर्ज की गई। भारत में हृदय रोग मौत का सबसे बड़ा कारण है।



भारत और पाकिस्तान को लेकर अक्सर यह सवाल उठता है कि दोनों पड़ोसी देशों में लोग ज्यादा लंबी जिंदगी कहां जीते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के ताजा आंकड़े इसका जवाब देते हैं। 2023 में भारत के लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा 71 साल थी, जबकि पाकिस्तान में यह 68.2 साल रही। यानी भारत में लोग औसतन पाकिस्तान के मुकाबले करीब तीन साल ज्यादा जी रहे हैं, लेकिन कहानी यहां खत्म नहीं होती। बांग्लादेश ने दोनों देशों को पीछे छोड़ दिया है। वहां 2023 में जीवन प्रत्याशा 72.7 साल रही। दुनिया की औसत जीवन प्रत्याशा 2023 में 73.3 साल थी। इस लिहाज से भारत और पाकिस्तान दोनों वैश्विक औसत से नीचे हैं, जबकि बांग्लादेश उससे थोड़ा ही पीछे है. अमेरिका में यह आंकड़ा 78.5 साल और कनाडा में 81.4 साल रहा, लेकिन सिर्फ यह जानना काफी नहीं है कि कोई व्यक्ति कितने साल जीता है। असली सवाल यह है कि उन सालों में वह कितने समय तक स्वस्थ रहता है। यहीं पर भारत की कमजोरी दिखाई देती है। आंकड़े बताते हैं कि भारत और पाकिस्तान दोनों में बीमारियों का स्वरूप बदल रहा है. संक्रमण से होने वाली बीमारियों का दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, लेकिन हृदय रोग, स्ट्रोक और मधुमेह जैसी बीमारियां मौत की बड़ी वजह बनती जा रही हैं। भारत में 2023 में मौत का सबसे बड़ा कारण इस्केमिक हार्ट डिजीज यानी हृदय की धमनियों से जुड़ी बीमारी रही। इसके बाद सीओपीडी यानी फेफड़ों की गंभीर बीमारी और स्ट्रोक जैसे कारण प्रमुख रहे। मधुमेह भी मौत की बड़ी वजहों में शामिल है। पाकिस्तान में भी इस्केमिक हार्ट डिजीज सबसे बड़ी वजह रही। स्ट्रोक और मधुमेह का भी बड़ा योगदान है। लेकिन वहां शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और संक्रामक बीमारियां भी प्रमुख कारणों में बनी हुई हैं। यानी दोनों देशों की स्वास्थ्य चुनौतियां कुछ हद तक एक जैसी हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यही है। बांग्लादेश की जीवन प्रत्याशा 72.7 साल है, जो भारत के 71 साल से 1.7 साल ज्यादा और पाकिस्तान के 68.2 साल से 4.5 साल ज्यादा है। इसका मतलब यह नहीं है कि बांग्लादेश हर स्वास्थ्य संकेतक में भारत और पाकिस्तान से बेहतर है।